CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 8 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करणः वर्ष 23 अंक 145 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम: 05°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा को खत्म करने की गोपनीय साजिश रची गई: अखिलेश यादव पेज 2



ICC भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने को तैयार: बीसीबी खेल टाइम्स




इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल सम्पादकीय



ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीतिः एस. जयशंकर पेज 12

## समूचा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में, लोगों को घरों में कैद रहने पर किया मजबूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में भी शीत लहर ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया हुआ है। इसकी वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।

रात के समय चलने वाली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। कभी घने कोहरे की धुंधली सुबह, कभी दोपहर में खिलखिलाती तेज धूप और शाम होते ही बर्फीली हवाओं की चुभन। उत्तर भारत समेत राजधानी दिल्ली में इन दिनों मौसम मानो आंख-मिचौनी खेल रहा है। ठंड जरूर महसूस हो रही है, लेकिन हालात न पूरी तरह कोल्ड डे के हैं और न ही कोल्ड वेव जैसी सख्ती दिख रही है। दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही, जिसकी वजह उत्तर-पश्चिम से चल रही ठंडी और बर्फीली हवाएं हैं। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का यह अजीब मिजाज लोगों को उलझन में डाल रहा है। कभी घना कोहरा छा जाता है, तो कभी बिल्कुल साफ आसमान नजर आता है। दिन में धूप थोड़ी राहत देती है, लेकिन शाम ढलते ही ठंड तेजी से बढ़ जाती है। दिन में धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दस दिनों तक यही हालात बने रहने की संभावना है। इस दौरान ठंडी हवाएं चलती रहेंगी, लेकिन तापमान में बड़ी गिरावट नहीं होगी। राजधानी में इस बार सूखी सर्दी का दौर चल रहा है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि 15 जनवरी के बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी जरूर देखने को मिल सकती है। दिल्ली में धुंध के कारण दिन में धूप नहीं निकल पाती, जिससे दिन का तापमान दबा रहता है। राजधानी के सभी इलाकों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।



- कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया
- दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही

### कश्मीर में 15 दिन बर्फबारी का अलर्ट उत्तराखंड में पाइपलाइनों में पानी जमा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों की तरफ चल रही सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इन राज्यों के कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जिसके कारण 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों का टाइम भी बदला है। यूपी में 20 फ्लाइट्स और 100 ट्रेनें लेट चल रही हैं। जयपुर में बुधवार को विजिबिलिटी जीरो है, इसके कारण 8 फ्लाइट देरी से चल रही हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में जनवरी की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां मंगलवार को 3.8 डिग्री तापमान रहा। बुधवार को छिंदवाड़ा में 2 डिग्री तापामान रहा।

### दिल्ली के एक्यूआई में मामूली सुधार, एयरलाइंस ने परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार के साथ 299 दर्ज किया गया, हालांकि हवा की गुणवत्ता अभी भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही। मंगलवार को राजधानी का एक्यूआई 310 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 9:05 बजे लिए गए नेहरू नगर (360), आनंद विहार (349), पूसा (345), चांदनी चौक (342), जहांगीरपुरी (342), ओखला फेज-2 (342), और सिरीफोर्ट (342) जगहों पर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इसरो 12 जनवरी को भेजेगा PSLV-C60 मिशन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को पूर्वाह्न 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के शार रेंज से पीएसएलवी-सी62 मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घोषणा की कि पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:17 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के शार रेंज से निर्धारित है। पीएसएलवी सी-62 भारत के भरोसेमंद 'पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल' की 64वीं उड़ान होगी। यह मिशन प्राथमिक पेलोड के रूप में ईओएस-एन1 को ले जाएगा, जो रणनीतिक उद्देश्यों के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक 'अर्थ ऑब्जर्वेशन इमेजिंग सेटेलाइट' है।

### मौजूदा वित्त वर्ष में GDP की वृद्धि दर 7.4% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जारी किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को इस साल 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए जारी पहले अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि पूरे साल के दौरान जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। यह पिछले वित्त वर्ष के 187.97 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष के दौरान लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की और वित्तीय, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बाद व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों की वृद्धि दर सात-सात फीसदी रहेगी। कृषि क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

### जेल में बंद पूर्व आईपीएस अमिताभ की तबीयत बिगड़ी गोरखपुर भेजे गए

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में उत्तर प्रदेश की देवरिया जिला जेल में बंद आईपीएस के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर डाक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार जेल में बंद श्री ठाकुर को मंगलवार की रात सीने में दर्द, बेचैनी और घबराहट की शिकायत पर जेल के डाक्टर के प्राथमिक उपचार के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक जांच के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रात करीब दो बजे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जांच के दौरान डाक्टरों ने श्री ठाकुर को दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई है।

## कैसे पता चलेगा, कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं: सुप्रीम कोर्ट

### आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट की वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान एक वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की कि जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं।

मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा कि हम कुत्तों के खिलाफ नहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए। 18 दिसम्बर 2025 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया था। दिल्ली नगर निगम की ओर से बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।



- कहा: ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए

### अगस्ता वेस्टलैंड केस में याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी वकील गौतम खेतान की याचिका पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने इसे ट्रायल से बचने की कोशिश बताया और याचिका खारिज कर दी। खेतान ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की एक धारा को चुनौती दी थी।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि यह नया चलन बन गया है कि अमीर आरोपी ट्रायल का सामना करने के बजाय कानून की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने लगते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोग सोचते हैं कि वे सिस्टम को बायपास कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्हें आम नागरिक की तरह ट्रायल का सामना करना चाहिए। सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने दलील में कहा कि यह याचिका किसी विशेषाधिकार के लिए नहीं, बल्कि पहले से लंबित विजय मदनलाल चौधरी केस की समीक्षा याचिकाओं से जुड़ी है, लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से इन्कार कर दिया।



## यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा को निरस्त करने का आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों/चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद हेतु अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/ धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 20-04-2025 को यूपी एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 16-04-2025 व 17-04-2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों- महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल-को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया।



- अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं

### बांग्लादेश में नहर में कूदने से हिंदू युवक की मौत

**ढाका।** नाओगांव जिले में नहर में कूदने से 25 साल के हिंदू युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। मृतक की पहचान भंडारपुर गांव निवासी मिथुन सरकार के तौर पर हुई है। कुछ लोगों ने हाट चकगौरी बाजार इलाके में मिथुन पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसका पीछा किया। बचने की कोशिश में वह पास की नहर में कूद गया और लापता हो गया।

## ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल गांधी बोले: फर्क समझो सर जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने एक्स पर फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया। राहुल ने कहा कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था।

आपको वह समय याद होगा जब फोन काल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था कि मुझे जो करना है, मैं करूंगी। राहुल ने कहा कि इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल गांधी का यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वाशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।



- कहा: तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर हुए

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर भड़के रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार की कड़ी आलोचना की है। बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में श्री वाड्रा ने हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया।

## पाक ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई

### ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावा: भारत सरकार ने भी किया था संपर्क

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिका के फॉरेन** एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (एफएआरए) के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी।

इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन काल, वन-टू-वन बैठकों के जरिये अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के साथ कई अहम मुद्दों पर भारतीय दूतावास की बातचीत में मदद की गई। अप्रैल से दिसम्बर 2025 के बीच भारतीय दूतावास के लिए काम किया। एफएआरए में दी गई जानकारी के अनुसार 10 मई को इस फर्म ने भारतीय दूतावास की ओर से व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के रिकी गिल से संपर्क कराने में मदद की। इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी मीडिया कवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 10 मई को ही भारत और पाकिस्तान के बीच चला 4 दिन का सैन्य टकराव समाप्त हुआ था। फर्म की भूमिका में बैठकों की व्यवस्था करना, फोन कॉल और ईमेल के जरिये दोनों देशों के अधिकारियों को जोड़ना शामिल था।



- पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी

## संक्षिप्त समाचार

### अधर में लटकी औद्योगिक गलियारा बनाने की योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े होने लगे हैं। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) अब तक इस परियोजना पर करीब 691 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है, लेकिन जमीन का बैनामा शुरू हुए दो साल बीत जाने के बावजूद एक भी उद्यमी ने यहां उद्योग लगाने में रुचि नहीं दिखाई है। यूपीडा के सूत्रों की मानें, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप निवेश शिखर सम्मेलन के तहत मांगे गए प्रस्तावों में भी इस औद्योगिक गलियारे के लिए एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम छोर पर स्थित गाजीपुर जिले को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया था। सरकार की योजना थी कि 340 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर निवेश और रोजगार को बढ़ावा दिया जाए।

### मंत्रियों ने की आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में सिख गुरु तेग बहादुर के अपमान के मामले में दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने विपक्ष की नेता आतिशी की सदस्यता रद्द करने उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने बुधवार को इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता को एक पत्र सौंपा, जिसमें सुश्री आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग की। इस पत्र में प्रवेश साहिब सिंह, मनजिदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, डॉ. पंकज कुमार सिंह और रविन्द्र इंद्राज के हस्ताक्षर हैं।

# महाराष्ट्र में भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगतः आप

## आम आदमी पार्टी ने कहाः उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ शिंदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनायाः कांग्रेस

आम आदमी पार्टी ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कथित मिलीभगत का आरोप लगाया है। आप का दावा है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे हैं। हालांकि कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

आप नेता अनुराग ढांडा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस, जो पहले एक-दूसरे की परोक्ष मदद करती थीं, अब खुलकर साथ आती दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले ये प्रेमी प्रेमिका की तरह छुप छुप कर मिलते थे, लेकिन भाजपा और कांग्रेस का संबंध अब सार्वजनिक हो चुका है। क्या ए देश के लोगों की आंखों में धूल झोंकने जैसा नहीं है? दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविद केजरीवाल ने ढांडा की पोस्ट को साझा करते हुए कहा कि क्या भाजपा ने अपने ही सहयोगी शिंदे सेना को हराने के लिए कांग्रेस से हाथ मिला लिया है? आखिर चल क्या रहा है?

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति सरकार है, जिसमें भाजपा, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और एकनाथ शिदे की शिवसेना शामिल हैं। वहीं कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने आप के आरोपों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि अंबरनाथ में स्थानीय स्तर पर शिदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनाया है, जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत बताना गलत है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में नगर पालिका चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, ऐसे में सियासी आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

# गुरुवार के बाद ठंड से राहत मिलने के आसार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उप्र के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है, लेकिन गुरुवार के बाद प्रदेशवासियों को ठंड से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में यह तीव्र शीतलहर का दौर 8 जनवरी तक बिना किसी बड़े बदलाव के बना रहेगा। हालांकि इसके बाद कुछ समय के लिए ठंड से हल्की राहत मिलने की संभावना जताई गई है, लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी।

लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आठ जनवरी तक प्रदेश में ठंड की स्थिति लगभग यथावत रहेगी। इसके बाद कोहरे की तीव्रता में कमी आने और तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इटावा लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले इटावा में पारा 2.4 डिग्री तक गिर गया था। इसके बाद गोरखपुर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री, कानपुर शहर में 4.6 डिग्री, चुरक और आजमगढ़ में 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को दिन के तापमान की बात करें, तो गोरखपुर में सबसे कम अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 7.9 डिग्री कम रहा। इसके बाद आजमगढ़ और शाहजहांपुर में 12 डिग्री, बरेली में 12.2 डिग्री, हरदोई में 12-6 डिग्री और इटावा में 12.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद बर्फ से ढके पर्वतीय क्षेत्रों से आ रही ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी तथा पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से 4 जनवरी के बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है।

# उप्र में 20 आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ उप्र की योगी सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 20 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। शासन द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक को हटाया गया है, जबकि लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के भी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार लखनऊ आयुक्तालय के संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा को उनके पद से हटाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी किरण एस को लखनऊ रेंज का पुलिस महा. निरीक्षक नियुक्त किया गया है। पीटीएस जालौन में लंबे समय से तैनात ज्योति नारायण को प्रयागराज जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही विजय ढुल को प्रयागराज पुलिस आयुक्तालय में अपर पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश के तहत श्री रामकुमार को अपर पुलिस महा. निदेशक लॉजिस्टिक्स, राजकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार तथा डा. संजीव गुप्ता को अपर पुलिस महानिद. शक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ बनाया गया है। प्रशांत कुमार को एडीजी प्रशासन और तरुण गाबा को एडीजी सुरक्षा, उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा श्री आशुतोष कुमार को एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर्णा कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ तथा राजेश मोदक को आईजी स्थापना, लखनऊ नियुक्त किया गया है।

## अखिलेश यादव ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला

# मनरेगा को खत्म करने की साजिश रची गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहाः मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, भाजपा की योजना को खत्म करने की मंशा उजागर हुई

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश इस प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की एक 'गोपनीय साजिश' रची गई है।

गौरतलब है कि पिछले संसदीय सत्र में पारित नया कानून विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन -ग्रामीण (वीबी-जीरामजी) अधिनियम, 2025, मनरेगा की जगह ले रहा है। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है। इसका ध्यान बुनियादी ढांचे और परिसंपत्तियों के निर्माण पर है, जिसमें तकनीक का उपयोग, मजदूरी के लिए केंद्र-राज्य के बीच 60:40 का नया वित्तीय अनुपात, पारदर्शिता (बायोमेट्रिक/जियो-टैगिंग) और पीएम गति शक्ति जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों से ग्रामीण कार्यों को जोड़ने का प्रावधान है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा एक सरकारी योजना थी, जो ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल मजदूरी कार्य की कानूनी गारंटी देती थी। इसका उद्देश्य आजीविका सुरक्षा बढ़ाना और सड़कों, तालाबों और जल संरक्षण संरचनाओं जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना था। यह न्यूनतम मजदूरी, पुरुष- महिला को समान वेतन और 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करती थी। यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि यह भाजपा की उस मंशा को दर्शाता है, जिसके तहत इस योजना को गुपचुप तरीके से खत्म करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा। असल में यह मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की भाजपा की गुप्त साजिश है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कई तरीकों से इस योजना को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटा रही है, दूसरी तरफ उसने राज्यों पर ऐसा वित्तीय दबाव बना दिया है कि केंद्र से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में देरी और कमी के कारण पहले से खाली खजाने वाले राज्य यह सोचने को मजबूर हैं कि अतिरिक्त धन कहां से लाएं। यादव ने दावा किया कि इससे राज्य अंततः इस योजना को सीमित करने या छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे। सपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने सैकड़ों ग्राम सभाओं को 'शहरी श्रेणी' में डालकर मनरेगा को एक और झटका दिया है, जिससे वे ग्रामीण रोजगार निधि से वंचित हो गई हैं।

### भाजपा सरकार ने मनरेगा बजट भी छीन लिया

कई ग्राम सभाओं को शहरी श्रेणी में डालकर भाजपा सरकार ने उनका मनरेगा बजट भी छीन लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा का असली लक्ष्य सिर्फ मनरेगा का नाम बदलना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह 'राम-राम' कह देना है। भाजपा की प्राथमिकताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने जोड़ा, भाजपा अपने अलावा किसी और का पेट भरते देख नहीं सकती। विपक्षी दल लंबे समय से केंद्र पर मनरेगा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन और मजदूरी भुगतान में देरी के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है और कहती है कि आवंटन मांग-आधारित है तथा आवश्यकता के अनुसार धन जारी किया जाता है।



सेंसेक्स 84961.14
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से लुढ़के प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संक. तों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को दिग्गज कंपनियों में बिकवाली देखी गई और प्रमुख सूचकांक लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 102.20 अंक (0.12 प्रतिशत) टूटकर 84,961.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 26,140.75 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचक. ांकों में आज बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। मंगलवार को 85,063. 34 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स करीब 443 अंक की गिरावट में खुला। यह नीचे 84,617.49 अंक और ऊपर 85,075.99 अंक तक गया। निफ्टी-50 का दिन का निचला स्तर 26,067.90 अंक और अधिकतम स्तर 26,187.15 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, दूरसंचार और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। ऑटो, तेल एवं गैस, रियलिटी और बैंकिंग सेक्टर गिरावट में रहे। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी का शेयर पौने तीन फीसदी टूट गया। पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। इटरनल, एलएंडटी, बीईएल और ट्रेंट के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# चांदी नया रिकॉर्ड बनाकर फिसली, सोने में हल्का दबाव देखने को मिला

**नई दिल्ली।** बुलियन मार्केट में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चांदी की कीमतों ने वायदा बाजार में 2,59,692 रुपये प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया, लेकिन इसके बाद गिरावट दिखी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के जारी होने से पहले व्यापारियों की ओर से की गई भारी मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी का अनुबंध चार दिनों की लगातार तेजी को थामते हुए 4,161 रुपये या 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,54,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। इससे पहले, बुधवार को शुरुआती कारोबार में चांदी 881 रुपये या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,692 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल आया था, जब यह 13,167 रुपये (5.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,59,322 रुपये के स्तर पर पहुंची थी और 2,58,811 रुपये पर बंद हुई थी। चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी सीमित दायरे में कारोबार और हल्का दबाव देखने को मिला। फरवरी डिलीवरी वाला सोना 633 रुपये या 0. 46 प्रतिशत गिरकर 1,38,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली का संकेत है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी इसी तरह का रुझान दिखा।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी सुस्त, खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में टिकाव रहा, जबकि खाद्य तेलों तथा दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये घटकर 3,848 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल.दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 19 रुपये और मूंग दाल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। वहीं, तुअर दाल तीन रुपये और चना दाल दो रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। उड़द दाल के भाव स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,035 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा भी 1.05 प्रतिशत की बढ़त में 49.92 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 36 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। मूंगफली तेल और वनस्पति की कीमत 26.26 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 24 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और सोया तेल में भी 10.10 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। चीनी के भाव में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7800.03 रुपये, मसूर काली 8149.76 रुपये, मूंग दाल 10088.20 रुपये, उड़द दाल 10399.85 रुपये, तुअर दाल 10616.59 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाजः(भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2849.30 रुपये और चावल 3847.65 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3298.77 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4299.55 रुपये और गुड़ 4990.21 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का गुवाहाटी में शुभारंभ आज होगा

**नई दिल्ली।** वस्त्र मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार को असम के गुवाहाटी में शुरू होगा जिसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वस्त्र मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा असम सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिन के सम्मेलन की विषय वस्तु 'भारत का वस्त्र उद्योगः विकास, विरासत और नवाचार का संगम' है। सम्मेलन का उद्देश्य वस्त्र क्षेत्र में नीति, निवेश, स्थिरता, निर्यात, अवसंरचना विकास और प्रौद्योगिकीय उन्नति पर विचार- विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह सम्मेलन भारत को 2030 तक वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केन्द्र के रूप में स्थापित करने के सरकार के विजन के अनुरूप है। इसमें निर्यात को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर विशेष बल दिया गया है, जो 'विकास भी, विरासत भी' के आदर्शों पर आधारित है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, असम के मुख्यमंत्री डा. हिमंता बिस्वा सरमा, वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र में भारत की वस्त्र उद्योग की शक्ति, नवोन्मेषण और समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के साथ-साथ पवेलियन का भी उद्घाटन किया जाएगा। सम्मेलन में अवसंरचना और निवेश, भारत के वस्त्र निर्यात का विस्तार, कच्चा माल और रेशे, 'टेक्निकल टेक्सटाइल' और 'न्यू-एज फाइबर' तथा हथकरघा और हस्तशिल्प का संरक्षण और संवर्धन जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाले सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों और अधिकारियों के भाग लेने और विभिन्न क्षेत्रों तथा जिलों में कपड़ा मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों, चुनौतियों और नीतिगत सुझावों को साझा किए जाने की भी उम्मीद है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के वस्त्र उद्योग को सुदृढ़ और सशक्त बनाने पर भी एक सम्मेलन होगा जिसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों के वस्त्र मंत्री, संसद सदस्य और केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पूर्व के रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प और बांस आधारित वस्त्रों की क्षमता को उजागर करना है, जिसमें एरी, मूगा और शहतूत रेशम, महिला केन्द्रित उद्यम, ब्रांडिग और बाजार पहुंच पर विशेष जोर दिया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन से केंद्र-राज्य सहयोग में सुदृढ़ता, प्रतिस्पर्धी, टिकाऊ और समावेशी वस्त्र सेक्टर के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा पेश किए जाने की भी उम्मीद है।

# उप्र में स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा अनुदान, योजना लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ धरातल पर पहुंचेगी पुनर्वासन योजनाः कश्यप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने 'दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन' के लिए 'स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना' को प्रभावी रूप से लागू किया है।

योजना के तहत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में शामिल 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास के रूप में मिलेगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को बताया कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता से दिव्यांग पुनर्वासन को नया विस्तार मिलेगा और सामाजिक भागीदारी भी मजबूत होगी। योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर, प्री-प्राइमरी एवं विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास कार्यक्रम, ब्रेल व सहायक उपकरणों की उपलब्धता, पाठ्य सामग्री निर्माण तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों को अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

इससे दिव्यांग बच्चों की शुरुआती पहचान कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि योजना के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई गई है। वही स्वैच्छिक संस्थाएं पात्र होंगी, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हों, नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण के साथ विशिष्ट पहचान संख्या रखती हों तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव रखती हों। प्रस्तावों का परीक्षण पहले जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, इसके बाद निदेशालय स्तर पर अंतिम चयन होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनुदान केवल वास्तविक और प्रभावी संस्थाओं को ही मिले। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि अधिक से अधिक संस्थाएं इस अभियान से जुड़ सकें।

### एसआईआर को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है विपक्षः मौर्य



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के तहत मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी कर दिया गया, जिसमें दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से हटाने के लिए चिह्नित किया गया है। मौर्य ने बुधवार को यहां कहा विपक्ष के दुष्प्रचार का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मतदाता सूची शुद्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची से चुनाव हो, वही लोकतंत्र का पवित्र स्वरूप होगा। एसआईआर से सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय जनता पार्टी के होने के विपक्ष के दावे पर उन्होंने कहा कि यह तो 2027 के विधानसभा के चुनाव में ही पता चलेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में यादव एक गाड़ी में अपने विधायकों को बैठाकर सैफई चले जाएंगे। मौर्य ने कहा कि एसआईआर की एक प्रक्रिया है और उसका अभी केवल प्रथम चरण पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम काटे गए बताए जा रहे हैं वह काटे नहीं गए है। उन्हें जुड़वाने के लिए अभी पर्याप्त समय है। पात्र मतदाता 6 जनवरी से 6 फरवरी तक अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

# इस्लामुद्दीन हत्याकांड में दो गिरफ्तार

## सात लाख रुपये को लेकर की गई सनसनीखेज वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने खारी के चर्चित इस्लामुद्दीन हत्याकांड में अतीक व इसरार को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुख्य आरोपी की तलाश है।

प्राप्त समाचार के अनुसार खारी के इस्लामुद्दीन पुत्र शराफत अली की रुपयों के लेन-देन के विवाद में सोमवार व मंगलवार के बीच की रात को हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई निजामुद्दीन ने हल्दौर थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि उसका भाई वैल्डिंग का कार्य करता था। सोमवार शाम करीब नौ बजे ग्राम का ही मुस्तफा उसे अपने घर पर किसी कार्य के बहाने बुलाकर ले गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। निजामुद्दीन के अनुसार बाद में मृतक के मित्र इकरार ने सूचना दी कि इस्लामुद्दीन को ग्राम के ही अतीक ने गोली मार दी है। इस सूचना के बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। गौसपुर के जंगल में इस्लामुद्दीन का



शव पड़ा मिला था। उसके पेट में गोली लगने के निशान पाए गए थे। पास में ही बंदूक पड़ी थी। परिजनों का आरोप था कि इस्लामुद्दीन का मुस्तफा से प्लॉट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते मुस्तफा ने अपने साथियों इसरार और अतीक के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुस्तफा पुत्र इस्माईल, इसरार उर्फ मोटा पुत्र सिराजुद्दीन और अतीक उर्फ अतीउर्रहमान पुत्र अमीर हसन निवासीगण ग्राम खारी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

इस मामले में पुलिस ने अतीक पुत्र अमीर हसन एवं इसरार उर्फ मोटा पुत्र सिराजुद्दीन को गिरफ्तार किया है। उनके पास से देसी तमंचा, कारतूस आदि सामान बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त अतीक उर्फ अतीउर्रहमान ने बताया कि उनके साथी मुस्तफा पर मृतक इस्लामुद्दीन पुत्र शराफत अली के प्लाट के सात लाख रुपए बकाया थे। जिसको लेकर मृतक इस्लामुद्दीन बार-बार मुस्तफा पर सार्वजनिक रूप से तगादा करता था। इससे मुस्तफा स्वयं को अपमानित महसूस करता था। मुस्तफा ने अतीक व इसरार के साथ मिल कर इस्लामुद्दीन का काम हमेशा के लिए तमाम करने का प्लान बनाया। पांच जनवरी की रात में वह प्लान के तहत इस्लामुद्दीन को बहाने से बुलाकर आम के बाग में ले गए। जहां पर पूर्व नियोजित साजिश के तहत इसरार उर्फ मोटा ने तमंचे से इस्लामुद्दीन के पेट में गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इसके बाद उन्होंने वारदात को आत्महत्या का रूप देने के लिए इस्लामुद्दीन की लाश को वहां से उठाया और खारी-रामपुर चकरोड पर लेजाकर डाल दिया। वहां पर देसी बंदूक, कारतूस व चाकू रख कर गुमराह करने का प्रयास किया, ताकि सभी यह समझे कि शिकार के दौरान इस्लामुद्दीन की मौत हुई है। लेकिन उनकी साजिश का खुलासा हो गया। पुलिस फरार तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है।

# शातिर बाइक चोर हर्षित व ईशू अरेस्ट

## चोरी की गई बाइक भी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने शातिर बाइक चोर सगे भाई हर्षित व ईशू को गिरफ्तार किया है। इनसे चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है।

शहर कोतवाली के अंतर्गत न्यू सदर बाजार निवासी एकांश माहेश्वरी पुत्र ब्रजेश चंद्र ने पांच जनवरी को पुलिस को तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उसकी स्पलेंडर बाइक संख्या यूपी 20 एएच 4175 चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 12/26 धारा 303 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में मौहल्ला जाटान निवासी धर्मवीर के पुत्र हर्षित एवं ईशू का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। आखिरकार चोर भाई हर्षित व ईशू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई। गौरतलब है कि जनपद में बाइक चोरी की घटनाएं काफी ज्यादा हो रही है। नई उम्र के युवा बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। यह अपना खर्च चलाने के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम देते है। इनके द्वारा बाइकों के पार्ट्स बेच दिए जाते है। जिससे यह आसानी से पकड़ में नहीं आते है।

## हादसे में दो घायल

**राजा का ताजपुर।** बीती रात नूरपुर की ओर से आ रही कार घने कोहरे के कारण स्योहारा रोड पर अचानक कच्चे पुल के पास खाई में जा गिरी। कार खाई में गिरने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को ताजपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के ग्राम शरीफ नगर निवासी सलमान अहमद (30 वर्ष) व गौरव कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को हायर सेंटर रैफर किया गया है।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। आज सोनू पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम चौहड़वाला अफजलगढ़ से अपने ग्राम जा रहा था। हिदायतपुर तिराहे के समीप विपरित दिशा से इरशाद पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला नायक सराय आ रहा था। दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक द्वारा घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं सोनू को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### चन्द्रहास की माता के निधन पर शोक



**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की माता श्रीमती भगवती देवी का निधन होने पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चन्द्र यादव के संचालन में शोकसभा आयोजित हुई। शोकसभा में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की 90 वर्षीय माता के निधन पर सभी ने शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत, कुलवीर चौधरी, सुशील कुमार, कुलदीप कुमार, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, अमित कुमार, जगदेव सिंह, सुभाष चंद्र, नाहर सिंह, इंद्रजीत सिंह, मनोज कुमार, आफताब अहमद, अशोक कुमार, शाहनवाज अहमद आदि मौजूद रहे।

### बिजनौर में आशाराम गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने शराब माफिया आशाराम पुत्र कालूराम निवासी ग्राम जहानाबाद को गिरफ्तार किया है। इसके पास से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की गई है।

### मंडावर के जनरल स्टोर में चोरी



**मंडावर।** चंदक रोड स्थित मुख्य बस स्टैंड पर अनिल कुमार के जनरल स्टोर में देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में कुंबल लगाकर अंदर घुसने के बाद कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी गए सामान में इलायची के 150 पैकेट, गुटखा के 165 पैकेट और कस्टर्ड पाउडर के 60 पैकेट शामिल हैं। चोरी किए गए सामान की कीमत लगभग 44 हजार रुपए आंकी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिक अनिल कुमार ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। थाने में लिखित तहरीर देकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस वारदात से क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि रात के समय चोरियां बढ़ रही हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा महसूस हो रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

### कुष्ठ आश्रम में बांटे कंबल



**बिजनौर।** वैष्णवी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा अत्याधिक ठण्ड के चलते आदर्श महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम में कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप पांडे, सदस्य दीपक कुमार, हर्यश्व सिंह आदि मौजूद थे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो रही

## नशेड़ियों की वजह से हो रहे ज्यादातर हादसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जनपद में कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से शराबी वाहन चालकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और यह सड़कों पर हादसे कर रहे है।

जनपद में यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वाहनों की चैकिंग कर रही है। पुलिस के द्वारा दुपहिया वाहन चालकों के हेलमेट न लगाने एवं कार चालकों के द्वारा सीट बैल्ट न लगाने पर उनके चालान कर दिए जाते है। कई बार यातायात पुलिसकर्मी दुपहिया वाहनों के कागजात भी चैक कर लेते है। लेकिन पुलिस यह नहीं देखती है कि चालक ने शराब का नशा कर रखा है या नहीं। जनपद में शराब पीकर वाहन चलाने का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है। दुपहिया वाहन चालक एवं कार चालक दोपहर से ही शराब पी लेते है। ग्रामीण क्षेत्रों के रहने वाले युवक नशा करने के बाद यातायात नियमों का पालन किए बिना वाहन चलाते है। यह हादसा करने के बाद पीड़ित वाहन चालक से ही लड़ने लग जाते है। ज्यादातर हादसों में शराबी चालक बुरी तरह घायल हो जाते हैं। कई बार इनकी मौत भी हो जाती है। पुलिस अगर चालकों के नशे में होने की जांच करना शुरू कर दे, तो सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन पुलिस ऐसा नहीं करती है। सभ्रांत नागरिक इससे परेशान है। पिछले दिनों धामपुर रोडवेज डिपो का चालक बस में सवारियों को बैठा कर हवा से बातें कर रहा था। यात्रियों को जब डर लगने लगा, तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया था। इसके बाद वह यात्रियों से बदला लेने के लिए बस को धीरे चलाने लगा। सामने चैकिंग स्टाफ को देख कर वह हल्दौर में चौराहे पर बस खड़ी करके भाग गया था। अगर यात्री हल्ला नहीं मचाते, तो वह हादसा भी कर सकता था। रोडवेज के चालकों के नशे में होने की भी जांच नहीं की जाती है। शाम को रोडवेज के चालकों की जांच होना बहुत जरूरी है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इसका संज्ञान लेना चाहिए।

# बिना दहेज के शादी करने पर सम्मानित

## रंग ला रही मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बिना दहेज के शादी करने पर सम्मानित करते हुए दूसरों को भी इसी राह पर चलने की हिदायत दी गई। नगर में यह मुहिम रंग ला रही है।



प्राप्त समाचार के अनुसार बिना दहेज की शादी व गैर जरूरी रस्मों के बिना हुई शादी पर राष्ट्रीय नेशनल परिवार एकता संगठन ने नवदंपति का हौंसला बढ़ाया। नगर व क्षेत्र में दहेज के खिलाफ चलाए जा रहे दहेज मुक्ति अभियान और निकाह को आसान करने की मुहिम को उस समय मजबूती मिली, जब शेख मौहम्मद कफील ने आगे बढ़कर अपने भाई शेख मौहम्मद जीशान का निकाह सुन्नत के अनुसार सादगी के साथ संपन्न कराया। इस निकाह में केवल 15 लोग ही शामिल हुए। निकाह आम तरीके से मस्जिद में बैठ कर हुआ। बारात भी नहीं ले जाई गई। इसके साथ ही मेहंदी, हल्दी, आतिशबाजी और सलामी जैसी सभी गैर-जरूरी रस्मों को पूरी तरह से नकार दिया गया। इस तरह सादगी को अपनाते हुए अनावश्यक खर्च और दिखावे से परहेज किया गया।

इस मौके पर सामाजिक संस्था नेशनल परिवार एकता संगठन के पदाधिकारियों, राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कफील अहमद, अमानत हुसैन, मौ. फैजान, मौहम्मद फहीम ने नवदंपति का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि समाज के नौजवानों को आगे बढ़कर बिना दहेज के शादी कर निकाह को आसान करने की मुहिम से जुड़ना चाहिए। इस निकाह की तकरीब में शेख इस्लामुद्दीन, कारी शम्शुद्दीन, हाफिज मुकीम अहमद, शमीम अहमद और शेख इब्राहीम, वसीम गुज्जर खासतौर से शामिल हुए।

गौरतलब है कि अफजलगढ़ में यह मुहिम रंग ला रही है। बिना दहेज के शादी करने पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन कुछ बिरादरियों में अभी भी दहेज के लालची सफेदपोश मौजूद है। जो दहेज के चक्कर में मालदार लड़की वालों को ढूंढते रहते है। हराम की दौलत कमाने वाले शादियों में खुद भी फिजूलखर्ची कर रहे है और लड़की वालों को भी फिजूलखर्ची करने के लिए मजबूर करते हैं। सफेदपोश अमीरों व नेताओं ने समाज में बुराईयों को बढ़ावा दिया है। जिससे गरीब तबका एवं खासतौर पर आम आदमी परेशान है। हजारों बेटियां बिना निकाह के घरों में इज्जत के साथ बैठी हुई हैं। वह अपने लाचार व बेबस बाप को देख कर किस्मत पर रोती है। लेकिन इस मुहिम से खुशी का माहौल बन रहा है।

# कोहरे की वजह से हो रहे हादसे

## सड़कों की खराब हालत ले रही जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में घना कोहरा आ रहा है। जिसकी वजह से हादसे हो रहे है।



प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद की ज्यादातर सड़कों की हालत बेहद खराब है। घना कोहरा आने के बाद सड़कें साफ नहीं दिखाई देती है। सड़कों के बीचों बीच व दोनों किनारों पर सफेद पट्टी खींची हुई न होने की वजह से वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता है कि सड़क कहा पर खत्म हो रही है। इस चक्कर में वाहन सड़कों से नीचे उतर जाते है। हर रात को हादसे हो रहे है। रात को नौ बजे के बाद सड़कों पर चलना खतरे से खाली नहीं रहता है। जिस तरह से दिन में चालक अपने वाहन को तेजी से दौड़ाते है और दूसरे से आगे निकलने की फिराक में रहते है, ठीक इसके उल्टा रात में कोई भी अपना वाहन आगे नहीं चलाना चाहता है। सभी का प्रयास रहता है कि घने कोहरे में वह दूसरे वाहन के पीछे चले। भले ही वाहन की स्पीड दस से बीस किलो मीटर प्रतिघंटा ही क्यों न रखनी पड़े। लोक निर्माण विभाग के भ्रष्ट अभियंताओं की लापरवाही का खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। धामपुर से नहटौर के बीच में सड़क की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि घने कोहरे में यह दिखाई नहीं देती है। लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने सड़क को दोनों तरफ से खोद कर डाल दिया हैं। सड़क के दोनों तरफ के गहरे गड्ढे हादसों का सबब बन रहे है। जनप्रतिनिधि भी इस तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे है। जिस दिन किसी जनप्रतिनिधि व बड़े अधिकारी के परिवार का कोई सदस्य हादसे का शिकार हो जाएगा, उसके बाद धामपुर-नहटौर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू होगा।

दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। मुख्य बाजार में भी ग्राहक नहीं आ रहे है। शाम को शहर में भी सन्नाटा छा जाता है। सुबह सवेरे ड्यूटी पर जाने वालों को कड़ाके की ठण्ड व घने कोहरे का सामना करना पड़ता है।

## युवक पर युवती को भगाने का आरोप

**नगीना।** नगर के एक मौहल्ले से एक युवती लापता हो गई है। युवती की मां ने अनवार नामक युवक के खिलाफ युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर लिखित शिकायती तहरीर दी है।

स्थानीय मौहल्ला छिप्पीवाड़ा निवासी युवती की मां ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी 18 वर्षीय पुत्री जो बालिग है, मंगलवार की सवेरे से घर से गायब है। सभी रिश्तेदारों और मिलने वालों के यहां तलाश करने के बाद, जब कहीं नहीं मिली तो नगीना थाना में एक तहरीर दी है। युवती की मां ने मौहल्ला नालबन्दान कस्बा नगीना निवासी अनवार पुत्र यामीन के खिलाफ अपनी पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने की तहरीर दी है। पुलिस ने युवती की मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश करने के लिए एक टीम गठित कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बिना भेदभाव के सेवा कर रहे राहुल शर्मा व वसीम हबीब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर में समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय दो युवक राहुल शर्मा और वसीम हबीब अपनी निस्वार्थ सेवा भावना के चलते आमजन के बीच विशेष पहचान बनाते जा रहे हैं। दोनों समाजसेवा के क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंद के साथ खड़े नजर आते हैं और लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

समाजसेवी राहुल शर्मा जरूरतमंदों की सहायता, गरीब परिवारों को सहयोग, बीमारों के इलाज में मदद तथा संकट की घड़ी में लोगों का सहारा बन रहे हैं। नगर वासियों का कहना है कि राहुल शर्मा हर व्यक्ति की समस्या को अपनी समस्या समझकर समाधान का प्रयास करते हैं। उनकी सक्रियता और सेवा भाव उन्हें जनता के बीच भरोसेमंद समाजसेवक के रूप देखा जा रहा है।

वहीं समाजसेवक वसीम हबीब सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की मदद करते हैं और आपात परिस्थितियों में तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनकी कार्यशैली से नगर में सामाजिक एकता और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा मिल रहा है। नगरवासियों का मानना है कि राहुल शर्मा और वसीम हबीब जैसे नौजवान समाज सेवक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# विवेक विश्वविद्यालय में हैंडबॉल चैम्पियनशिप का आगाज

## प्रतियोगिता में बाइस राज्यों की टीमें ले रही हिस्सा, रंगारंग कार्यक्रम







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में नेशनल स्पीड हैंड बॉल चैम्पियनशिप का शानदार आगाज किया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार विवेक विश्वविद्यालय में नेशनल स्पीड हैंड बॉल चैम्पियनशिप की आज शानदार शुरूआत हुई। इस मौके पर विवेक विश्वविद्यालय के तन्वी, अक्षी, जिया, हिमांशु, सुमित एवं करुणा द्वारा गणेश वन्दना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया गया। प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से लगभग 22 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन पुरुष वर्ग का उद्घाटन मैच छत्तीसगढ़ एवं विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी की टीम के बीच हुआ। जिसमें विवेक विश्वविद्यालय की टीम ने छत्तीसगढ़ की टीम को 24-10 से हरा दिया। दूसरा मैच केरला एवं उत्तर प्रदेश के बीच हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम ने केरला को 19-06 से हरा कर मैच जीत लिया। महिला वर्ग मैच में मुकाबला गोपी एकेडमी एवं हिमाचल प्रदेश के बीच हुआ। जिसमें हिमाचल प्रदेश ने गोपी एकेडमी को 20-03 से हरा कर जीत अपने नाम दर्ज की। प्रथम दिन का अंतिम मैच राजस्थान ने उत्तराखण्ड को 12 - 05 से हराकर अपने नाम किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी कुनाल रस्तौगी, स्पीड हैडबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह, स्पीड हैडबाल फेडरेशन उत्तर प्रदेश के सचिव विवेक गिरि, स्पीड हैडबाल फेडरेशन के संस्थापक सदस्य पप्पल गोस्वामी, विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल, प्रो. चांसलर दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष डीके अग्रवाल, फाइनेंस एडवांइजर अनिल शर्मा, कुलपति प्रोफेसर एनके गुप्ता, कुल सचिव डॉ. हितेश शर्मा आदि के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी कुनाल रस्तौगी ने कहा कि खेल में अनुशासन, ईमानदारी एवं संयम द्वारा विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अधिक मेहनत कर के ज्यादा पदक जीत कर देश के गौरव को बढ़ाए। नेशनल हैंड बाल के सचिव मान सिंह ने कहा कि फेडरेशन का उद्देश्य गावों में छिपी प्रतिभाओं को खोजना है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आने वाले समय में सबसे ज्यादा पदक लाने वाला बनेगा।

अमित गोयल ने कहा कि जनपद में लगातार विवेक विश्वविद्यालय नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन कर रहा है, यह जनपद के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, केरल, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, असम, उत्तराखण्ड आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, राजस्थान, गुजरात आदि प्रदेशों की टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि शुक्ला द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के कीड़ाधिकारी डॉ. मुकुल कुमार, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. दीप्ती डिमरी, डॉ. एसके त्यागी, डॉ. सर्वेश शीतल, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. देवाशीष, डॉ. हर्ष, डॉ. संजय त्यागी, डॉ. मीना, डॉ. रिजवान, पंकज त्यागी आदि का विशेष सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मध्य प्रदेश में मिला लापता छात्र देवांश

## पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विगत 29 दिसंबर को घर से लापता हुआ 16 वर्षीय छात्र देवांश चौहान पुत्र अरुण चौहान को पुलिस ने मध्य प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार देवांश मालवा एक्सप्रेस ट्रेन से उज्जैन से दिल्ली की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने ट्रेन में एक यात्री के मोबाइल फोन से अपनी बहन को फोन किया।

नगर के शिव शक्ति कॉलोनी निवासी देवांश घर से ट्यूशन जाने की बात कह कर निकला था। मगर वह ट्यूशन नहीं पहुंचा तथा लापता हो गया था। 30 दिसंबर को उसकी गुमशुदगी दिए जाने के बाद पुलिस को सूचित किया गया। बताया जाता है कि देवांश मध्य प्रदेश में एक आश्रम पहुंचा था। आश्रम में रुकने के बाद वह मालवा ट्रेन से उज्जैन से दिल्ली जा रहा था। इसी दौरान उसने अपनी चचेरी बहन को एक यात्री के मोबाइल से फोन किया। परिजनों तक यह नंबर पहुंचने पर परिजन अलर्ट हो गए। ग्वालियर के पास रेलवे पुलिस ने मालवा एक्सप्रेस ट्रेन से देवांश को सुरक्षित ट्रेन से उतार लिया। परिजन तथा पुलिस टीम पहले से ही मध्य प्रदेश में उसकी तलाश कर रही थी। परिजनों के ग्वालियर पहुंचने पर देवांश को उनके हवाले कर दिया गया। पुलिस टीम देवांश को लेकर धामपुर के लिए रवाना हुई। बुधवार को धामपुर पहुंचने पर देवांश को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि देवांश पूरी तरह सुरक्षित है और किसी भी आपराधिक घटना का शिकार नहीं हुआ है। परिजनों ने बच्चे के सुरक्षित मिलने पर पुलिस और आमजन का आभार व्यक्त किया है।

# अरुण कुमार वर्मा ने की भाजपा व चुनाव आयोग के कार्य की सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने चुनाव आयोग द्वारा कराई गई एसआईआर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बताते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में किसी भी भारतीय मूल निवासी नागरिक का वोट नहीं काटा गया है।

अरुण कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग द्वारा की गई जांच में केवल उन्हीं लोगों के नाम हटाए गए हैं जिनके एक से अधिक स्थानों पर दो या तीन वोट बने हुए थे। ऐसे मामलों में नियमानुसार अतिरिक्त वोट हटाकर केवल एक वैध वोट सुरक्षित रखा गया है, जिससे मतदाता सूची शुद्ध हो सकी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिन लोगों ने स्वेच्छा से अपने परिजनों के वोट कटवाए जैसे विवाह के बाद अन्य स्थान पर जाकर नया वोट बनवाना केवल उन्हीं मामलों में नाम हटाए गए हैं। इसमें किसी भी तरह की मनमानी या जबरदस्ती नहीं की गई है। भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने यह भी कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी गैर-नागरिक का नाम शामिल नहीं है और न ही किसी पात्र भारतीय नागरिक का वोट गलत तरीके से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में चुनाव सुधार की दिशा में लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं और चुनाव आयोग को पूर्ण स्वतंत्रता के साथ काम करने का अवसर दिया जा रहा है, जिसका परिणाम यह पारदर्शी प्रक्रिया है।

## एक नजर

### भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ब्लॉक जलीलपुर की एक मासिक बैठक हुई, जिसमें किसानों की अनेक समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। किसानों ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। अधिकारी किसानों की सुनने को तैयार नहीं है और पुलिस प्रशासन अपनी मनमर्जी कर रहा है। ऐसे में अनेक बड़ी समस्या किसानों के सामने सिर उठाये खड़ी है। किसानो ने कहा कि पहले भी किसान यूनियन किसानों के हित में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दे चुकी थी। बैठक की अध्यक्षता सरदार कुलदीप सिंह व संचालक महिपाल सिंह भाटी ने किया। छः सूत्रीय ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा बीडीओ को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में बाबा रामफल मुखिया, अरविंद कुमार, संजीव कुमार, महबूब प्रधान, आसिफ सिद्दीकी, इरफान खान, अनवर खान, इमरान खा, अशोक कुमार, कुलदीप सिंह, धर्मपाल सिंह, वीर सिंह, लाल सिंह, भगत जी, भूपेंद्र सिंह, उस्मान खा, सतीश शर्मा आदिकार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण



**हल्दौर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद बिजनौर के विकासखंड सभागार हल्दौर में ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना निर्माण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक एवं सचिवों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया को समझाना था। प्रशिक्षण का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी पंचायत हल्दौर सुशील कुमार, प्रशिक्षक गण एवं प्रतिभागियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम द्वारा सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षक ममता सैनी द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर आधारित 09 थीम पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक खुशबू द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के मुख्य चरण वातावरण निर्माण, पारिस्थितिकीय विश्लेषण, आवश्यकताओं की पहचान एवं उनका प्राथमिकीकरण, ड्राफ्ट प्लान का विकास, प्रशासनिक तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षक हिरदेश द्वारा जन योजना अभियान पर चर्चा की। आपके द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर से 31 जनवरी के मध्य जन योजना अभियान संचालित किया जाता है।

### अलाव व रैन बसेरा की पुख्ता व्यवस्था



**स्योहारा।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए पालिका द्वारा नगरवासियों और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल के निर्देशन में नगर के सभी प्रमुख मार्गों चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था कराई जा रही है, जिससे राहगीरों और जरूरतमंदों को ठंड से बचाव मिल सके। असहाय एवं निराश्रित लोगों के लिए पालि. का परिसर में रैन बसेरा सहित अन्य स्थानों पर अस्थायी रैन बसेरे भी दुरुस्त किए गए हैं। इन बसेरों में ठहरने गर्माहट और आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड के कारण परेशानी का सामना न करें।

## रोमियो डांस ग्रुप के 35 वर्ष पूरे

# राष्ट्रभक्ति पर आधारित डांसिंग सॉन्ग लॉन्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नृत्य क्षेत्र की अग्रणी संस्था रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के संस्थापक एवं वरिष्ठ कोरियोग्राफर रोमियो मयूर द्वारा नृत्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में 35 वर्ष पूर्ण किए जाने के अवसर पर राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण विशेष नृत्य पर आधारित एक डांसिंग सॉन्ग का लोकार्पण किया गया। यह डांसिंग सॉन्ग सोशल मीडिया पर जारी किया गया है।

इस अवसर पर गाने के लेखक एवं गायक सलमान फरीदी द्वारा लिखित गीत को स्वर दिया गया है, जबकि डिजाइनिंग एवं एडिटिंग का कार्य सुहेल डिजाइनर द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया है। कोरियोग्राफर रोमियो मयूर ने इस डांसिंग सॉन्ग में भाव-भंगिमाओं और कलात्मक प्रस्तुति के माध्यम से ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी नृत्य का प्रदर्शन किया है।

रोमियो मयूर ने बताया कि वे पिछले 35 वर्षों से मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत जनपद बिजनौर एवं अमरोहा के विभिन्न विद्यालयों और परिवारों के बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने न केवल बच्चों को नृत्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया, बल्कि कई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक मंच भी उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर गीतकार सलमान फरीदी एवं डिजाइनर सुहेल के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी उनके मार्गदर्शन और सहयोग से नई उपलब्धियां प्राप्त होती रहेंगी।

# अमृत सरोवर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा होगी स्थापित

## 50 लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या चार में स्थित अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण के उपरांत यहां भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने की योजना है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान लगाया गया है। पालिका बोर्ड बैठक मे यह प्रस्ताव पास भी हो गया है।

नगर पालिका चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह के अनुसार यह प्रस्ताव प्रदेश के पूर्व परिवहन राज्य मंत्री अशोक कटारिया के आग्रह पर नगर पालिका बोर्ड की बैठक में पारित किया गया था। इसके बाद प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा गया, जहां से इसे सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जैसे ही शासन से धनराशि प्राप्त होगी, कार्य को प्रारंभ करा दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि करीब पांच वर्ष पूर्व धामपुर नगर पालिका द्वारा इस तालाब का विकास 'अमृत सरोवर' योजना के तहत कराया गया था। उस समय तालाब के चारों ओर पाथवे, हरियाली और बैठने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन समय के साथ उचित देखरेख के अभाव में तालाब की स्थिति फिर से जर्जर हो गई। अब नगर पालिका द्वारा तालाब के पुनः सौंदर्यीकरण के साथ इसे नगर की पहचान के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है।

इस योजना के अंतर्गत तालाब परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित कर इसे एक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने बताया कि शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य से न केवल तालाब का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि नगरवासियों को एक शांत और स्वच्छ वातावरण भी मिलेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष के अनुसार प्रतिमा स्थापना और सौंदर्यीकरण कार्य पूरा होने के बाद अमृत सरोवर तालाब क्षेत्र सुबह और शाम टहलने के लिए नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। साथ ही यह स्थल आने वाले समय में नगर के सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा।

## एक नजर

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रद्धांजलि



**नगीना।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. अजीजुर्रहमान की 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों को याद किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता काजी अरशद मसूद ने स्व. अजीजुर्रहमान के राजनैतिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अजीजुर्रहमान साहब का पूरा जीवन जनसेवा और सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहा। काजी अरशद ने उन्हें 'स्वच्छ राजनीति तथा ईमानदारी का ताजमहल' बताते हुए कहा कि आज के दौर में उनके जैसे निष्ठावान और ईमानदार व्यक्तित्व की कमी महसूस होती है। इस अवसर पर राकेश मिश्रा (एडवोकेट), अब्दुल वाहिद अंसारी (नगर अध्यक्ष), महताब अहमद, यासर सईद उर्फ फैज, वासिफ अरशद, वसीम अख्तर, यूनुस शाहनवाज, राहत सईद, अहमद जैन, शहजाद हुसैन, जुबैर इकबाल जनजानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन परवेज आदिल माही के निवास गुलसिताने शाहिद में किया गया।

### टाटा मैजिक खाई में पलटी



**शेरकोट।** बढ़ापुर क्षेत्र से बीती रात टाटा मैजिक गाड़ी अवैध खैर लकड़ी ला रही थी। तेज गति और घने कोहरे के कारण गाड़ी हरेवली बैराज पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और हाइड्रा की मदद से गाड़ी को पानी से बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि गाड़ी में अवैध खैर लकड़ी भरी थी। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रकरण में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### कोबरा सांप को रेस्क्यू किया



**नहटौर।** ग्राम फलौदा निवासी अंशु चौधरी की पशुशाला के टीनशेड में पिछले 3-4 दिनों से एक जहरीला कोबरा सांप दिखाई दे रहा था। सांप की मौजूदगी से पशुपालक का परिवार और आसपास के लोग गहरे खौफ में थे। डर के मारे लोगों ने पशुशाला की ओर जाना बंद कर दिया था। मामले की सूचना स्थानीय सर्पमित्र भरत कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही वह बिना देरी किए मौके पर पहुंचे। भारी भीड़ और जोखिम के बीच उन्होंने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए बेहद सावधानीपूर्वक कोबरा को काबू किया और उसे डिब्बे में बंद कर सुरक्षित प्राकृतिक आवास (जंगल) में छोड़ दिया। रेस्क्यू के बाद सर्पमित्र भरत कुमार ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि कोबरा एक अत्यंत विषैला सांप है, जिसके काटने से चंद मिनटों में जान जा सकती है। इसे खुद पकड़ने या मारने की कोशिश जानलेवा हो सकती है। सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक या घरेलू नुस्खों के चक्कर में समय बर्बाद न करें। सर्पदंश होने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल जाएं, जहां एंटी-वेनम और इलाज पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध है।

# मानवाधिकारों की रक्षा पर जोर

## विकास भवन में बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मानवाधिकारों की रक्षा पर जोर देते हुए इस संबंध में बनाए गए कानूनों का सम्मान करने की बात कही गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार सदस्य राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर मानवाधिकारों के संरक्षण एवं समावेशी विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संबंधित बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित हुई। सदस्य ने कहा कि मानवाधिकारों का सम्मान और समावेशी विकास किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक समावेशी विकास तभी संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक मानवाधिकारों की पहुंच सुनिश्चित हो। बिना भेदभाव के विकास की मुख्यधारा में सभी की भागीदारी अनिवार्य है।

उन्होंने निर्देश दिए कि जेल में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बंदियों सहित वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन के 70 वर्ष पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से अच्छादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने न्यायिक पीठ बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अनाथ अथवा ऐसे बच्चे जो अपने मां-बाप को नहीं जानते उनको गोद दिलाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानवाधिकारों के सिद्धांतों को सरकारी नीतियों और योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल किया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जमीनी स्तर पर मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास का अर्थ केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा की स्थापना भी है।

बैठक में सदस्य द्वारा महिला कल्याण, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, एएचटीयू, जिला कारागार, अल्पसंख्यक कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता विभाग, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण सहित अन्य संबंधित विभागों की बिंदुवार समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# होमगार्डों पर हमले के आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** चाय की दुकान पर बैठने को लेकर हुए मामूली विवाद में कुछ युवकों ने ड्यूटी से लौट रहे तीन होमगार्डों पर जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

बता दें कि मंगलवार को थाने में अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद होमगार्ड कंपनी कमांडर विरेश कुमार निवासी मुस्सेपुर अपने साथी होमगार्ड अनिल कुमार व विनोद कुमार के साथ घर लौट रहे थे। चांदपुर चुंगी के पास स्थित एक चाय की दुकान पर तीनों चाय पीने के लिए रुके। इसी दौरान दुकान पर कुर्सी पर बैठने को लेकर वहां मौजूद कुछ स्थानीय युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। जिसमें तीनों होमगार्ड घायल हो गए थे। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने कंपनी कमांडर विरेश कुमार की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने पीड़ित के भाई ब्रजपाल सिंह की तहरीर पर कान्ता सैनी पुत्र संतराम सैनी निवासी मौहल्ला धर्मशाला नहटौर, बहादुर पुत्र नेमी निवासी मौहल्ला होलियान नहटौर तथा 5-6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी कान्ता व बहादुर तथा जांच के दौरान घटना में शामिल सन्दीप उर्फ चीमू पुत्र मन्सुराम निवासी मौहल्ला धर्मशाला नहटौर को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि तीन आरोपी कान्ता, बहादुर व सन्दीप को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही वे भी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई

**नहटौर।** नहटौर डिग्री कालेज में आज सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. संजीव गौड़ द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने विधाथियों को समझाया कि हमें सड़क पर बड़ी सावधानी के साथ वाहन चलाना चाहिए। न सिर्फ वाहन चलाते हुए बल्कि पैदल चलते हुए भी यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। ये नियम हमारी सुरक्षा के लिए ही बनाये गए है। हमें अपने परिजनों व आस-पास वालों को भी यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना चाहिए।


**कार्यालय : नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक: 1807/E-TENDER/NPPS/2025-26 DATE: 06.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, स्योहारा 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए दिनांक 07.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 21.01.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 21.01.2026 को ही अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बंधित कोई भी जानकारी कार्यदिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

**(विजेन्द्र सिंह पाल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

**(फैसल वारसी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत फैजीपुर खादर, विकासखण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत फैजीपुर खादर में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त अभिषरण योजना की धनराशि से ग्राम फैजीपुर खादर में उचित दर की दुकान व कामन सर्विस सेंटर का निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोडी, डस्ट, पेंट, पुट्टी आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से निविदाएं दिनांक 16/01/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 14/01/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री सुहेल खान पुत्र श्री रईस अहमद खान मौहल्ला जाब्तागंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री संजय अग्रवाल पुत्र श्री शिवशरणलाल व माधव अग्रवाल पुत्र श्री संजय अग्रवाल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 589/1 जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मौ. अहमद पुत्र श्री रईस अहमद खान मौहल्ला जाब्तागंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री संजय अग्रवाल पुत्र श्री शिवशरणलाल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 589/4 जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# चाचा के साथ खेत पर गई मासूम की मौत

## जंगली जानवर के हमले की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शिवाला कला थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां तीन वर्षीय बच्ची हिमानी की जंगली जानवर के हमले में मौत हो गई। बच्ची अपने चाचा के साथ खेत पर गई थी, जहां से वह खेलते-खेलते पास के मछली तालाबों की ओर निकल गई। इन तालाबों के आसपास शिकारी कुत्ते और जंगली जानवर घूमते रहते हैं।

शाम को जब बच्ची के चाचा घर लौटे, तो उन्हें लगा कि हिमानी घर पहुंच चुकी होगी। हालांकि, घर पर बच्ची के न मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब हिमानी का



पता नहीं चला, तो परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शिवाला कला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी रात बच्ची की तलाश की गई।

अगली सुबह करीब 8:30 बजे गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर एक गेहूं के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर



ऐसा प्रतीत होता है कि उसे जंगली जानवरों ने अपना शिकार बनाया है।

घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह और थाना प्रभारी शिवाला कला लखपत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक हिमानी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। इस घटना के बाद से परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

## सीबीआई जांच से घबरा रही उत्तराखंड सरकार : मंसूरी

**नजीबाबाद।** साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद मंसूरी ने उत्तराखंड सरकार को एक पत्र लिखकर अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच तत्काल सीबीआई से कराने की मांग की है। श्री मंसूरी का कहना है कि आज तक उत्तराखंड की धामी सरकार ने अंकिता केस में जांच की जगह तथ्यों को छिपाने का काम अधिक किया है। ऐसा लगता है धामी सरकार अंकिता के मामले में आरोपी कुछ वरिष्ठ बीजेपी नेताओं को बचाने का घिनौना प्रयास कर रही है। घटना के तत्काल बाद धामी सरकार ने घटनास्थल पर बुलडोजर चलवा कर सबूत नष्ट करके अपनी गलत नीयत का परिचय दे दिया था। इस घटना से बीजेपी सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे की पोल खुल गई है।

# रिटायर्ड शिक्षक से धोखाधड़ी के दो आरोपी पुलिस ने दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक रिटायर्ड शिक्षक व उनकी पत्नी को झांसे में लेकर 10000 रुपए की नगदी व सोने के कानों के कुंडल लेकर फरार होने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उनका इसी तरह की एक अन्य वारदात में भी शामिल होना पाया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम टपरोला निवासी रिटायर्ड शिक्षक उदल सिंह अपनी पत्नी उर्मिला के साथ सोमवार को नहटौर के पंजाब नेशनल बैंक में पैसे लेने के लिए आए थे। जब वह पैसे निकाल कर बाहर आए तो एक व्यक्ति ने आकर उनसे कहा कि तुम्हारे एक रिश्तेदार ने नूरपुर रोड पर एक्सीडेंट कर दिया है। वह उदल सिंह को ई रिक्शा में बैठाकर नूरपुर रोड की ओर चल दिया और रास्ते में ई रिक्शा से उतर गया। ई रिक्शा से उतरने के बाद वह एजेंसी चौराहे पर आया, जहां उर्मिला देवी खड़ी हुई थी। उर्मिला देवी को बाजार में ले गया और रिश्तेदार के एक्सीडेंट करने की बात कहते हुए फैसले में पैसा देने के लिए झांसे में ले लिया और उनसे 10000 रुपए की नगदी व कानों से सोने के कुंडल निकाल लिए और चकमा देकर फरार हो गया। नूरपुर रोड पर उदल सिंह को कोई नहीं मिला तो वह एजेंसी चौराहे पर आए। दंपति को ठगी का एहसास हुआ। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। बुधवार को पुलिस ने गांगन पुल के पास से नहटौर क्षेत्र के ग्राम बूढ़पुर के दिलशाद पुत्र शकूर और नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अहसान पुत्र जाबुद्दीन को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान कराई गई। उनसे 6000 रुपए की नगदी व कानों के कुंडल बरामद किए गए।

पूछताछ में उन्होंने इसी तरह की एक और घटना करना स्वीकार किया, जिसमें बताया कि ग्राम जलालपुर निवासी रामपाल सिंह को झांसे में लेते हुए 14000 रुपए की नगदी कांनो के कुंडल ले लिए थे। पुलिस ने उनके भी 4000 रुपए बरामद किए गए हैं।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में छह माह के डिप्लोमा कोर्स का समापन

## विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नारी गांधी कल्याण समिति द्वारा संचालित शिवाड़ प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे 6 माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इस अवसर पर 15 दिसंबर को 24 विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने मेहनत और लगन के साथ भाग लिया।

परीक्षा के उपरांत विद्यार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। नए साल के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र एवं डिप्लोमा वितरित किए गए। साथ ही उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक भाषण दिए गए। बच्चों को पढ़ाई के



साथ-साथ मोबाइल के सही उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान पर आधारित एक हास्य नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र पाने वालों में निशा, मंतशा, मुस्कान, सानिया, गुलबशाह, तरन्नुम, अफीफा बानो, इसरानाज आदि शामिल रही।

समारोह में समिति के पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष डा. रश्मि रावल, सचिव नीरा गोयल, विनोद शर्मा, ऐश्वर्या चौधरी, बबीता गुप्ता, सुनीता नंदा, अनीता सिंह, भारती चौहान आदि शामिल रही। सभी ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे ही प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सलमा मेडम ने किया।

## एक नजर

### लाखों के मोबाइल जलकर खाक



**नजीबाबाद।** बीती रात रेलवे स्टेशन रोड स्थित मोबाइल की दुकान में भीषण आग लगने से नए-पुराने मोबाइल सहित लाखों रुपए का सामान आग में जल गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास की दुकानों को जलने से बचा लिया। क्षेत्र में ग्राम कल्हेड़ी निवासी शाह सैफी की रेलवे स्टेशन रोड पर एसबीआई के पास सिटी मोबाइल के नाम से दुकान है। दुकान में नए मोबाइल की ब्रिकी के साथ पुराने मोबाइल की रिपेयरिंग का काम किया जाता है। बीती रात दुकान स्वामी करीब आठ बजे दुकान को बंद करके गए थे। रात को करीब नौ बजे स्टेशन रोड के दुकानदार फुरकान जनरेटर वाले सहित कई लोगों ने मोबाइल की दुकान में धुंआ निकलते देखकर इसकी सूचना पहले तुरंत रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस चौकी पर दी। इसके बाद दुकान मालिक के मोबाइल पर कॉल कर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड को घटना के तुरंत बाद सूचना न देकर काफी देर से देने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट पहुंची, जिससे दुकान में लगी आग भीषण रूप ले चुकी थी। दुकान मालिक ने बताया कि आग लगने के बाद वह कल्हेड़ी से चलकर नजीबाबाद अपनी दुकान पर पहुंच गए थे, मगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी उनके आने के भी काफी देर बाद पहुंची। जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है।

### सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ सांइस एण्ड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026-सड़क सुरक्षा अभियान के अवसर पर सड़क सुरक्षा शपथ ली गयी। इस कार्यक्रम के साथ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरु हुआ है, जिसका लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है जिसमें छात्र-छात्राओं को जागरूकता फैलाने के लिये शामिल किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माधयम से हेलमेट व सीटबेल्ट के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान के माधयम से छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने और भविष्य के सुरक्षित ड्राइवरों के रूप में तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जनता को जागरूक करना सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु की संख्या को कम करना और नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। इस अवसर पर कृष्णा कालेज के प्रबंधक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खॉ, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता, डा. शोमा सिंह, डा. पायल राठी, सहायक प्रवक्ता अदीबा शारिक, सलौनी चौधरी, सौम्या वर्मा, श्वेता टोंक, रश्मि वत्सल, मीतू राजपूत, शुभांशी वर्मा, दीक्षा त्यागी, शिफा, प्रतिभा आदि का विशेष योगदान रहा।

### किसानों का धरना जारी



**नजीबाबाद।** भाकियू टिकैत का अपनी मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन नौवें दिन भी जारी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा वन विभाग द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार, भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानों की जंग जारी है, किसानों की फसलों को नष्ट करना, किसानों पर मुकदमे करना अत्याचार है। उन्होंने किसानों को राजस्व विभाग की भूमि दिलाने, किसानों को मिले जुले खाते में अलग खाता दिया जाने, भ्रष्टाचार में लिप्त वन विभाग द्वारा एनएच 74 पर किए गए नाला निर्माण की जांच कराने आदि की मांगें की गई। धरने में अजय कुमार, रामेंद्र सिंह, अजीत सिंह, वीरेश राणा, सोनू, प्रमोद, पप्पू, यूसुफ, अजेंद्र सिंह, सत्यपाल, विजय, नीतू, पवन आदि मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात के प्रति संकल्पबद्ध किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस कार्यक्रम का कुशल आयोजन सन्नी कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत व मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में किया गया। आज के कार्यक्रम में डॉ. (श्रीमती) अखिलेश, डॉ. साजिद अंसारी, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, मौ. सलीम, अरविंद कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

### प्रतिमाओं का वितरण करने का निर्णय

**नजीबाबाद।** तंवर तोमर राजपूत महासभा की बैठक राजवीर सिंह तोमर की अध्यक्षता एवं नरेश कुमार तोमर के संचालन में सत्यपाल सिंह तोमर के निवास पर ग्राम हरगनपुर में आयोजित की गई। बैठक में राजवीर सिंह तोमर ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाना व सामाजिक कुरीतियों को पूर्ण रूप खत्म करना जरूरी है। तोमर राजपूत समाज के संस्थापक आदि पुरुष एवं पूर्वज दिल्ली सम्राट महाराज अनंगपाल सिंह तोमर की प्रतिमाओं का स्वजातीय बन्धुओं के घर-घर जाकर वितरण करने का निर्णय लिया गया। प्रतिमा वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत समाज के निम्न व्यक्तियों अजय तोमर, हरपाल तोमर, दीपक तोमर, चन्द्रपाल सिंह तोमर आदि सहित 50 प्रतिमाओं का वितरण तोमर राजपूत समाज के लोगों के घर-घर जाकर किया।

## एक नजर

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**हल्दौर।** नगर स्थित ब्लॉक कार्यालय के सभागार कक्ष में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके त्वरित समाधान की मांग उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह, बिजनौर तहसील ने कहा कि चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन की निर्धारित अवधि में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही क्षेत्र में संरक्षित पशुओं एवं बंदरों से किसानों को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने, मिल द्वारा किसानों को मैली उपलब्ध कराने, फसलों की सिंचाई हेतु प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे विद्युत आपूर्ति चालू रखने तथा फुंके ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलवाने की मांग रखी। बैठक के उपरांत मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी कुणाल रस्तोगी को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। बीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संगठन के बिजनौर जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह, मीडिया प्रभारी राजन कुमार, मनोज कुमार, सुरेश प्रधान, मोहित कुमार, केशव कुमार, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### माता सीता के जन्म का प्रसंग सुनाया



**नहटौर।** श्री चामुंडा देवी मंदिर प्रांगण में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास सुदर्शन जी महाराज ने भगवान विष्णु के रामावतार के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब प्रभु अवतार लेते हैं। जैसे ही कथा में 'भय प्रकट कृपाला, दीनदयाला' का प्रसंग आया, श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। महाराज जी ने बताया कि राम का जन्म केवल एक राजा का जन्म नहीं, बल्कि मर्यादा और आदर्शों की स्थापना का पर्व है। महाराज जी ने श्रीराम जन्म के साथ ही मिथिला नगरी में माता सीता के प्राकट्य प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे राजा जनक द्वारा हल चलाने पर धरती माता की गोद से सीता माता प्रकट हुईं। उन्होंने बताया कि सीता जी शक्ति, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। श्रीराम और सीता जी का मिलन जीव और ब्रह्म के मिलन का प्रतीक है। श्रद्धालुओं ने पालने में विराजमान प्रभु के दर्शन किए और बधाई गीत गाए। कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन जी महाराज ने कहा कि श्रीराम का चरित्र हमें धैर्य सिखाता है और माता सीता का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहना सिखाता है। आज समाज को राम के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कथा के दौरान मंदिर समिति की ओर से फूलों की वर्षा की गई। कथा विश्राम के बाद आरती के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कथा में सुरेश चंद्र अग्रवाल, कपिल शर्मा, अशोक चंद्रा, विपिन वर्मा, संजय शर्मा, राहुल चौधरी, प्रमोद त्यागी, उमाशंकर शर्मा, रामबाबू सैनी, मोहित गुप्ता, मुकेश अग्रवाल बोबी, राकेश सैनी, भुवन चंद्रा, अमन वर्मा, राजन चंद्रा, निकुंज वर्मा, मुकेश चंद्रा, बबलू चंद्रा, अमिता चंद्रा, मंजू वर्मा, अर्चना शर्मा, दिव्या वर्मा, मधु प्रजापति, खुशी वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, बबली, रानी, रेनू, सविता, उपासना आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जेबकतरों ने दो महिलाओं के बैग काटे

**बिजनौर।** साप्ताहिक बाजारों में जेबकतरों का आतंक है। आज रामलीला मैदान में लगे बुध बाजार में जेबकतरों ने दो महिलाओं के बैग काट कर नकदी व जेवर साफ कर दिए। हल्दौर क्षेत्र की सलमा नामक महिला रामलीला बुधबाजार में खरीदारी करने आई थी। सलमा का पति सऊदी अरब में काम करता है। सलमा के अनुसार बुधबाजार में किसी ने उसका बैग काट कर 65 हजार रुपए साफ कर दिए। ट्यूबवैल कॉलोनी निवासी रणवीर की पत्नी का भी जेबकरों ने बैग काट लिया। उसके बैग में चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी और कुछ नकदी थी, जिसे जेबकतरे ले उड़े।

# एक्सपेंशन जॉइंट ठीक कराने को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश सेतु निगम ने रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया गया था कि नगर पंचायत जलालाबाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 119 और रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 पर पूर्व में करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण यूपी सेतु निगम द्वारा कराया गया था और वर्तमान में पुल के एक्सपेंशन जॉइंट तथा अन्य जगहों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में है और जब इस संबंध में पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग और



उत्तर प्रदेश सेतु निगम में को अवगत कराया गया तो यह तय नहीं हो पा रहा है कि उक्त फ्लाईओवर ब्रिज किसके अधिकार क्षेत्र में है राष्ट्रीय राजमार्ग का कहना है कि उक्त ब्रिज हमें अभी तक स्थानांतरित नहीं हुआ है और दोनों विभागों की लड़ाई में आम जनमानस पिस रहा है। उधर उक्त शिकायत के संबंध मे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक शशिकांत ने रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत के लिए देहरादून स्थित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखा है, जिसमें उप परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उक्त फ्लाईओवर ब्रिज पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतरित किया जा चुका है। इस संबंध में समस्त दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

इस संबंध में उप परियोजना प्रबंधक ने अपनी आख्या रिपोर्ट की छाया प्रति शासन और आरटीआई कार्यकर्ता को भी भेजी है।

## शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश भवन निर्माण, कर्मचारी कल्याण बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित कर निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ श्रमिक पंजीकरण, नवीनीकरण आदि के संबंध में अजय नन्द त्रिपाठी श्रम परिवर्तन अधिकारी नजीबाबाद द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होंने ग्राम पीपली तहसील बिलारी स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छह एवं कक्षा नौ प्रवेश के संबंध में श्रमिकों, ग्रामवासियों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्र लोगों से उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अपील की।

# नगर पालिका ने की पुस्तकालय की स्थापना

## समाचार-पत्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद परिसर में स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा आम नागरिकों के अध्ययन हेतु आमनज के लिए खोल दिया गया है, जिससे नगर क्षेत्र में शैक्षिक वातावरण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

पुस्तकालय की देखरेख की जिम्मेदारी निभा रहे पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका परिसर में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को प्रोत्साहन देना और युवाओं को सकारात्मक एवं रचनात्मक दिशा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुलने से विद्यार्थियों को शांत वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा मिलने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही दैनिक समाचार पत्र, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें तथा अन्य आवश्यक संदर्भ सामग्री भी रखी गई है, ताकि छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिक भी इसका लाभ उठा सकें। नगर पालिका प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति नगर पालिका कार्यालय की निर्धारित कार्य अवधि के दौरान पुस्तकालय में आकर अध्ययन कर सकता है। वर्तमान में पुस्तकालय में लगभग 200 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। पालिका प्रशासन ने आने वाले समय में पुस्तकों की संख्या बढ़ाने तथा आवश्यक सुविधाओं में और सुधार किए जाने का भी आश्वासन दिया है। नगर के अभिभावकों ने नगर पालिका द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय का संचालन नगर के युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भाकियू अराजनीतिक की मासिक पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक पंचायत ग्राम शेखपुरा मुक्ता, तहसील धामपुर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता रामचंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन अरविंद राजपूत द्वारा किया गया। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

पंचायत में किसानों ने धामपुर तहसील क्षेत्र की खतौनियों में अशुद्ध निर्धारण का मुद्दा उठाते हुए इसे शीघ्र ठीक कराए जाने की मांग की। इसके साथ ही क्षेत्र के गांवों में घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गौशालाओं में भेजने तथा गुलदार और बंदरों के



## समस्याओं को लेकर उठाई कई प्रमुख मांगें

बढ़ते आतंक से आमजन को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी रखी गई।

किसानों ने शुगर मिल द्वारा किसानों से किसी भी प्रकार का शुल्क न लिया जाए और फ्री में पर्ची लिखे जाने की व्यवस्था किए जाने की मांग की। वहीं ग्राम शेखपुरा मुक्ता में सहकारी गन्ना खाद गोदाम से संबंधित स्टोर पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराने और स्टोर तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण कराए जाने की भी मांग उठाई गई।

पंचायत में प्रयागराज में आयोजित होने वाले किसान चिंतन कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसान साथियों से शामिल होने का अनुरोध किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, न्याय पंचायत अध्यक्ष हरिओम सिंह, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान, दिनेश प्रधान, अरविंद राजपूत, सुशील कुमार, सुदामा, प्रेम कुमार, सरजीत सिंह, शशि कुमार, जयप्रकाश, दुष्यंत कुमार, वीरेंद्र कुमार, गोलू सहित बड़ी संख्या में किसान सदस्य उपस्थित रहे।

# जिले के प्रभारी मंत्री का भ्रमण जनपद में आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रदेश सरकार के मंत्री पूर्वाह्न 10:30 बजे विकास खण्ड बनियाखेड़ा के ग्राम भुलावई में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे तथा पूर्वाह्न 11:45 बजे सीएचसीध एनआरसी चंदौसी का निरीक्षण करेंगे तथा अपराह्न 12:30 बजे एन आई सी सेन्टर बहजोई में कोर कमेटी की बैठक में प्रतिभाग करेंगे तथा अपराह्न 2:15 बजे कलक्ट्रेट सभागार में केन्द्र और राज्य सरकार की सभी विकास योजनाओं, लोक कल्याणकारी योजनाओं, कानून व्यवस्था आदि के संबंध में जनपदीय समीक्षा बैठक करेंगे। अपराह्न 4:00 बजे कलक्ट्रेट सभागार में मंत्री विकसित भारत राम जी अधिनियम 2025 के विषय पर प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे।

**0 विकसित भारत जीरामजी पर करेंगे पत्रकारों से वार्ता**

## तालाब की भूमि पर बने मकान किए चिन्हित

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिले में तालाब की 5 बीघा भूमि पर अवैध रूप से मकानों का निर्माण का एक ओर मामला सामने आया है। उच्चाधिकारियों को शिकायत पर कानूनगो और लेखपाल की टीम ने मकानों की पैमाइश की। मौके पर 20 से 25 मकान बने पाए गए। थाना हयातनगर क्षेत्र की उपनगरी सरायतरीन के मोहल्ला भूड़ा का है। लेखपाल चंपत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शिकायत के आधार पर पैमाइश का कार्य शुरू किया। घरों के चारों ओर नाप-जोख देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। राजस्व अभिलेखों में यह भूमि तालाब के रूप में दर्ज है। लेखपाल ने मौके पर मौजूद लोगों को नक्शे में भी तालाब की भूमि दिखाई।



सम्भल- मौहल्ला चौधरी सराय स्थित दादा मियां की दरगाह जिसे कब्रिस्तान की भूमि पर होने का दावा।

# दादा मियां के मज़ार और मस्जिद पर पड़ी राजस्व प्रशासन की नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तीर्थ और कुंआ खोजो अभियान के बाद धर्म स्थलों और कब्रिस्तान व मज़ारों की भूमि पर पड़ी प्रशासन की नजर ओर तीखी हो गयी है। कब्ज़ायी गई भूमियों को मुक्त कराकर कब्रिस्तान की भूमि की जांच तेज कर दी गई है। इसी के तहत दादा मियां की दरगाह पर पहुंचे राजस्व प्रशासन (तहसीलदार) ने इसकी जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान कब्रिस्तान की भूमि पर मस्जिद और मजार बने होने का दावा करते हुए राजस्व प्रशासन ने इसे नियमों के विपरीत मान मस्जिद और मजार हटाने की समय सीमा तय कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला चौधरी सराय कब्रिस्तान के निकट ही दादा मियां की दरगाह और मस्जिद स्थित है। बुधवार को वहां पहुंचे तहसीलदार ने मज़ार और मस्जिद की जांच की। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है, जबकि वहां स्थायी रूप से मस्जिद और मजार का निर्माण पाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की ओर से संबंधित पक्ष को मस्जिद और मजार हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। तय समय सीमा में कार्रवाई न होने की स्थिति में प्रशासन स्वयं आगे की कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मद्देनजर दादा मियां की ज्यारत स्थल के पास प्रत्येक गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार पर भी रोक लगा दी गई है। प्रशासन का मानना है कि भीड़भाड़ के चलते किसी भी तरह की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए एहतियातन यह कदम उठाया गया है। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। वहीं इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि और अभिलेखों के अनुसार ही कार्रवाई की जा रही है और किसी भी प्रकार की अवैध संरचना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**0मस्जिद और मजार कब्रिस्तान की भूमि पर बने होने का दावा तहसीलदार ने की जांच 15 दिन का हटाने का दिया समय**

# 67 ग्राम पंचायतों में 21 ग्राम पैक्स का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सहकारिता विभाग की बैठक में सहकारिता से जुड़े विभिन्न विभाग समन्वय करते हुए चर्चा करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में ए आर कॉआपरेटिव ज्ञान प्रकाश सिंह ने जिला सहकारिता समिति के उद्देश्य को लेकर जानकारी प्रदान की।उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सहकारिता से जुड़े विभिन्न विभाग समन्वय करते हुए चर्चा करें। उन्होंने बताया कि जनपद में सहकारिता के अन्तर्गत 67 ग्राम पंचायत में बी पैक्स का गठन किया जाना है। जिनमें से 21 का गठन कर लिया गया है एवं अन्य के लिए कार्यवाही जारी है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी माह की बैठक से पूर्व 67 बी पैक्स के गठन का लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मत्स्य विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 4 नयी सोसाइटी का गठन किया जाना है तथा पूर्व में तीन सोसाइटी का गठन किया गया था। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सोसाइटी की संख्या को बढवाना सुनिश्चित करें। हैचरी को लेकर क्या कार्य किया जा रहा है उसको लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी। दुग्ध विभाग के अन्तर्गत चल रहीं समितियों के बारे में भी जानकारी ली। तथा एन आर एल एम से लिंकेज तथा एनआरएलएम की महिला सोसाइटी बनवाने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया। अधिक से अधिक समितियां के गठन को लेकर भी निर्देशित किया। डीएलआईएमसी की बैठक भी की गयी तथा 43 समितियों की बैलेंस शीट ऑडिट को लेकर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। महत्व को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, ए आर कॉअपरेटिव ज्ञान प्रकाश सिंह, नाबार्ड जिला प्रबंधक विकास कंसल , मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला सहकारी बैंक मुरादाबाद प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।



# सम्भल के पहलवानों का आगरा में जलवा

**0पंजा कुश्ती में जीते दस गोल्ड ओर दो कांस्य पदक**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- आगरा में पंजा कुश्ती में विजयी पताका फहराकर ेडल लेकर आए पहलवान।

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती संघ द्वारा 2 से 5 तारीख तक आगरा पब्लिक स्कूल, आगरा में आयोजित राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में संभल के खिलाड़ियों ने कुल 10 स्वर्ण (गोल्ड) और 2 कांस्य (ब्रॉंज) पदक अपने नाम किए।

त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कल्याणपुर के कोच आर्य भोले सिंह त्यागी के निर्देशन में प्रतियोगिता के 50 किलो भार वर्ग में मोहम्मद जुबेर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। 60 किलो भार वर्ग में मोहम्मद साद ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 65 किलो भार वर्ग में मोहम्मद जैद ने जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल तथा यूथ वर्ग में भी गोल्ड मेडल जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। इसी भार वर्ग के सीनियर वर्ग में फ्राज कुरेशी ने कांस्य पदक जीता और साथ ही चौंपियन ऑफ चैंम्पियन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 80 किलो भार वर्ग में यूथ वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही 65 किलो भार वर्ग के सीनियर वर्ग में दाएं और बाएं दोनों हाथों से गोल्ड मेडल जीतकर खिलाड़ियों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाया। 70 किलो भार वर्ग के यूथ वर्ग में मोहम्मद मुसीब ने गोल्ड मेडल जीता, वहीं 65 किलो भार वर्ग के यूथ वर्ग में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 80 किलो भार वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात मोहम्मद मारूफ ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। दिव्यांग वर्ग के 55 किलो भार वर्ग में अली वारिस ने दाएं और बाएं दोनों हाथों से गोल्ड मेडल जीतकर शानदार उपलब्धिा हासिल की। प्रतियोगिता से लौटने पर जिला पंजा कुश्ती संघ की ओर से सभी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। संघ पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बिना रिफ्लैक्टर के दौड़ रही ट्रैक्टर-ट्रालियां

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** नगर क्षेत्र में गन्ना भरे ट्रैक्टर ट्रालियों में बिना रिफ्लेक्टर के सड़कों पर दौड़ चल रही है। शासन के सख्त आदेश के बाद सर्द मौसम में ट्रैक्टर ट्रॉली पर बिना रिफ्लेक्टर लगायें एवं ओवरलोड गन्ना ढुलाई का कार्य संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के कारण बदस्तूर जारी है।

सर्द मौसम में घने कोहरे के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। इसी सर्द मौसम में गन्ना किसानों के साथ-साथ गन्ना बिचोलिये भी गन्ना खरीद कर किराए के ट्रैक्टर ट्रालो के द्वारा गन्ना मिलों पर अपना गन्ना बेचते हैं। गन्ना लदे ट्रालो के पीछे लाइट न होने की वजह से अधिकांश हादसे होते रहते हैं। इसी को देखते हुए सरकार ने गन्ना विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी कीमत पर जिन ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर न लगे हुए हैं और उसमें गन्ना लदा हुआ है। उन ट्रैक्टर ट्रालियों का चालान किया जाए। गन्ना मिलों को भी आदेश है कि वह ऐसे गन्ना भरे ट्रैक्टर ट्रालियों को मिलो के अंदर गेट से प्रवेश न दें। उसके बावजूद भी अधिकारियों की उदासीनता का ही परिणाम है।

# डा. प्रवीण तोगड़िया की उत्तेजक टिप्पणियां बनी चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0मुस्लिम समाज को लेक की उग्र टिप्पणियां, जम्मू स्थित वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों को एमबीबीएस सीटें देने का दावा**



**सम्भल।** अतंर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष व हिंदूवादी नेता डा. प्रवीण भाई तोगड़िया ने विवादित और भड़काऊ बयान के साथ वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज, बांग्लादेश और मुस्लिम समाज को लेकर उग्र टिप्पणियाँ की। प्रवीण तोगड़िया के उत्तेजक और आक्रामक व आपत्ति जनक ब्यान को चर्चा का विषय बना दिया है।

डा. प्रवीण भाई तोगड़िया नगर के मुरादाबाद रोड स्थित एक मेरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आये थे। इस दौरान डा. प्रवीण तोगड़िया ने जम्मू स्थित वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज का जिक्र करते हुए दावा किया कि एमबीबीएस की 50 सीटों में से 42 सीटें कश्मीर के मुस्लिम छात्रों को दी जाती है। वह उसके खिलाफ हैं और इसके विरोध में आन्दोलन भी किया। उन्होंने मंच से कहा कि उनके दबाव के बाद इन छात्रों की मान्यता रद्द कर दी गई। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक मंच से अपमान जनक शब्दों का प्रयोग किया और भीड़ से नारे भी लगवाए, जिस पर कार्यक्रम में मौजूद लोग जोश में नजर आए। यहीं नहीं, उन्होने अमरनाथ भूमि विवाद का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले भी आंदोलन के जरिए श्रीनगर और दिल्ली को झुकाया गया था। उन्होंने इसे हिंदू समाज की ताकत बताया और आगे भी इसी तरह के आंदोलनों की चेतावनी दी।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-गरीब नवाज अवॉर्ड के साथ पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही।

## गरीब नवाज अवॉर्ड से सम्मानित किए गए नुसरत इलाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पूर्व चेयरमैन और राष्ट्रीय सदभावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत इलाही की ख्याति में चार चांद लगना निरंतर जारी है। उन्हे एक और अवार्ड मिलने पर सर्मथकों में हर्ष है।

खानकाहे मौहम्मदिया मुरीदेन के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सक्रया तालिब मियां ने पूर्व पालिका चेयरमैन व रा. सदभाना मंच गौ प्रकोष्ठ के रा. संयोजक हाजी नुसरत इलाही को गरीब नवाज अवार्ड देकर सम्मानित किया। उनको यह अवार्ड मिलने पर सर्मथकों ने हर्ष जताया। इस दौरान पूर्व चेयमैन ने भी अवार्ड मिलने पर आयोजकों का आहभार जताया।



सम्भल।- हसीना बेगम अस्पताल में श्रद्धांजलि सभा में बोलते।

## 111 वर्षीय शेख ताहिर हुसैन को दी भावभनी श्रद्धांजलि

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** हसीना बेगम अस्पताल के स्वामी सेठ कासिम के 111 वर्षीय शेख ताहिर हुसैन (समाज सेवी) के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में नगर के चिकित्सक और समाज सेवियों ने श्रृद्धांजलि अर्पित कर विस्तार से प्रकाश डाला। हसीना बेगम अस्पताल में केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के चिकित्सक, केमिस्ट, समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने सेठ कासिम के पिता के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जबकि ने अपने स्वर्गीय पिता को दरिया दिल इंसान, गरीबों की चिंता करने वाले, प्रेरणादायक जीवन और सादा जीवन उच्च विचार वाला व्यक्तित्व बताया और कहा कि उन्हीं की प्रेरणा से हसीना बेगम अस्पताल का निर्माण हुआ है। नगर पालिका परिषद संभल के पूर्व अध्यक्ष हाजी नुसरत इलाही ने ताहिर हुसैन साहब के पुत्र के रूप में सेठ कासिम का व्यवहार, कार्य और उपलब्धियों की प्रशंसा की।इस अवसर पर डा. कफील अहमद, डा. शहजाद आलम, डा. अजय कुमार त्यागी, अंकुश त्यागी, शाहनवाज हुसैन, डा. नसीम अहमद, अजय कुमार शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वर्गीय ताहिर हुसैन साहब को श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।श्रृद्धांजलि सभा की अध्यक्षता केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय ने की और संचालन ने डा. गौरव ने किया।

# युवती से छेड़छाड़ के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के ग्रामीण ने अपनी युवा धेवती के साथ छेड़-छाड़ करने के आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम मुकर्बरुपर निवासी व्यक्ति ने गांव के ही राजू पुत्र राजेश पर अपनी18 वर्षीय धेवती के साथ छेड़-छाड़ का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार युवती गोबर डालने गई थी। तब आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूक्ष मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर दूसरा मामला ग्राम भारतल मदापुर का है। ग्राम मितनपुर निवासी आशू (30)राजेन्द्र के साथ विरमानंद व सत्येन्द्र पुत्रगण भीमसैन निवासी भारतल मदापुर व प्रियेन्द्र पुत्र गंगाराम निवासी नामालूम थाना हजरत नगर गढ़ी ने वादी के साथ गाली-गलौंच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वादी आशु की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसुगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। तीसरी घटना ग्राम फिरोजपुर की है। ग्राम निवासी मौ. फहीम पुत्र अली हसल ने सगीर पुत्र सगीर पर गाली-गलौंच, मारपीट तथा जान सेमारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बच्चों को यातायात नियमों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात और प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियान के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु इंदिरा चौक बबराला संभल पर यातायात पुलिस बूथ के सामने यातायात पुलिस में तैनात टी एस आई सुरेश कुमार एवं मुख्य आरक्षी सचिन कुमार द्वारा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अधिक कोहरा होने पर स्कूल आते जाते समय किन सावधानियां का प्रयोग करें। वाहन पर चलते समय और पैदल चलते समय हमेशा सड़क पर बाई तरफ चले और चौराहा पार करते समय स्टॉप लाइन का उपयोग करें। एवं कोहरे में वाहन पर यात्रा करते समय वाहन धीमा चलाएं और सड़क पर सफेद पटी का प्रयोग करें और वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप का उपयोग करे।

# अध्यक्षा बोली गजरोला रेलवे लाइन विस्तारीकरण को बजट हो आवंटित

**0प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखकर किया ईमेल**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था प्रेम संदेश की अध्यक्षा मंजू रावत ने प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को पत्र ईमेल कर रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु रेल बजट मंजूर किये जाने की मांग की। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष मंजू रावत ने कहां कि रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग जनहित में है। काफी लंबे समय से सम्भल के लोगों द्वारा यह मांग उठाई जा रही है। हमारी प्रधानमंत्री व रेलमंत्री से मांग है कि रेल लाइन विस्तारीकरण हेतु रेल बजट मंजूर कर इस मांग को पूर्ण किया जाए। आदेश ठाकुर ने कहा कि सम्भल में रेल लाइन विस्तारीकरण हो जाने से सम्भल का सर्वांगीण विकास होगा। चौ. रविराज चाहल ने कहां की सम्भल के विभिन्न संगठन लगातार पत्र ईमेल कर मांग कर रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है भारत सरकार इस बार अवश्य इस मांग को पूर्ण करेंगी।सम्भल का सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान सुमन, चौ रविराज चाहल, आदेश ठाकुर, अंजलि सैनी आदि रहे।



सम्भल-रेलवे विस्तारीकरण की मांग को पीएम के नाम पत्र भेजते।

# किसानों की फसले उजाड़ रहे बंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों की संख्या अधिक हो गयी है। बंदरों के उत्पात से लोग परेशान है। बंदर किसानों की खेतों में खड़ी फसल उजाड़ रहे हैं। वहीं कपड़ों को फाड़ना और सामान लेकर भाग जाते हैं।वह लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी जनता की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से बंदर पकड़वाए जाने की मांग की है।

नगर क्षेत्र के अलावा गुन्नौर कस्बे व गांव जगन्नाथपुर,सेंजना, दौललपुर,भगतानगला क्षेत्र में बंदरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। बंदरों के भय से लोगों का राह चलना तक दूभर हो गया हैं। बंदर सड़कों और घरों की छतों पर डेरा जमाकर बैठ जाते हैं। आए दिन लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। छोटे बच्चे और महिलाएं घरों की छतों पर जाने से डरती हैं। इतना ही नहीं बंदर खेतों में खड़ी किसानों की ल्सलों को भी बर्बाद कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि बंदर पकड़वाए जाने के लिए प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत की है। फिर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने प्रशासन से बंदर को पकड़वाए जाने की मांग की है। नगर क्षेत्र से सटे गांव भगता नगला निवासी किसान कोमल सिंह ने कहा कि गोवंशीय पशुओ के अलावा बन्दर भी फसलों को उजाड़ रहे है। क्षेत्र के राहुल कुमार, रमेशचन्द्र, भूरा, सुभाषचंद्र, किशन पाल, सुनील कुमार, अमित, सुमित कुमार ने इनको पकड़े जाने को प्रशासन से मांग की हैं।

**0गोवंशीय पशुओं से पहले ही परेशान हैं किसान**

# सड़कों पर सीवर और नाले का पानी आने से परेशानी

**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी और तुलसी निकेतन सोसाइटी में सीवर और नालों की समस्या लगातार बनी हुई है। नाला और सीवर चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। कई स्थानों पर सीवर का पानी सड़कों और गलियों में जमा हो गया है, जिससे आने-जाने में लोगों को काफी दिक्कत है। कच्चे रास्तों पर जलभराव के कारण कीचड़ फैल गया है। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी प्रदीप माहेश्वरी ने बताया कि जमा गंदे पानी से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों का घरों में रहना दूभर हो गया है। तुलसी निकेतन निवासी रमेश मेहता ने बताया कि नाला चोक होने से गंदगी फैल रही। जिस कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। डेंगू, मलेरिया और त्वचा रोगों जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। कई बार शिकायत की जा चुकी है। जीडीए के मीडिया प्रभारी रुद्रेश शुक्ला ने बताया कि शिकायत मिली है।

हेतु संदिर्शित करने की सूचना ( साधारण प्रारूप )

**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश/ सिविल जज सी.डि सम्भल स्थित चन्दौसी**

**निष्पादन वाद सं. 03/2023**

हरिओम पुत्र श्री रामचरन निवासी मौ. हल्लू सराय नगर व जिला सम्भल- आज्ञप्तिधारी/वादी

**बनाम**

विजय सिंह पुत्र श्री बाबूराम निवासी मौ. दुर्गा कॉलोनी नगर व जिला सम्भल। निर्णीत श्रृणि/प्रतिवादी

चूॅंकि उपर्रिनामांकित आज्ञप्तिधारक/वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि निष्पादन आवेदन अतएव चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 01 के दिवस 14 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 7.01.2026 को निकाली गई।

**प्रबंधक**


**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश/ सिविल जज सी.डि.सम्भल, स्थित चन्दौसी।**

# ठंड गलन से बेहाल लोग अलाव के सहारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बुधवार को कड़ाके की ठंड और गलन की चपेट में रहा। मंगलवार से चल रही चुभती हवा चलने से लोग दिनभर कंपकंपाते रहे और सुबह और शाम तो काटना मुश्किल हो गया।

एक के ऊपर एक ऊनी कपड़े पहनने से भी राहत नहीं मिली। हल्के कोहरे के बाद दिन में मौसम खुला, लेकिन कोई खास राहत नहीं मिली। कोहरा गिरना शुरू हुआ तो सड़कों पर वाहन रेंगने लगे। सर्द हवा और गलन ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। हाइवे सहित प्रमुख सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। बीती शाम से हवा चलनी शुरू हुई तो गलन भी बढ़ गई। हालांकि, इससे कोहरा छंटने के साथ ही मौसम खुला और धूप के दर्शन भी हुए। चुभती हुई गलन से धूप की तपिश भी कोई खास राहत नहीं दे पाई। लोगों ने प्रतिष्ठान खोले, वहां ग्राहक भी कम पहुंचे।



बबराला-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में धूं धूं कर जलता बिजली का मीटर।

## बिजली मीटर में अचानक लगी आग

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में बिजली के मीटर में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। वहीं कैंटीन में बैठे लोगों ने बमुश्किल बुझाया।कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित बिजली के खंभे पर लगे मीटर में अचानक आग लग गई। जिससे कैंटीन पर बैठे लोग उठकर उस ओर दौड़े। स्वास्थ्य कर्मी भी मौके पर आ गए। किसी ने सूचना देकर बिजली को बंद कराया। उसके बाद मीटर में लगी आग को बुझाया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत

**ठाकुरद्वारा।** जसपुर मार्ग पर मंगलवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के गांव में को. हराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव तरफ दलपत निवासी मुकेश कुमार (32 वर्ष) पुत्र ऋषिपाल सिंह, राकेश पुत्र इमरत सिंह सैनी तथा ओमकार पुत्र विजय सिंह मंगलवार की रात करीब 11 बजे बाइक से ठाकुरद्वारा गए थे। बताया गया कि तीनों युवक ठाकुरद्वारा निवासी एक परिचित युवक को उसके घर छोड़कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब उनकी बाइक ठाकुरद्वारादृजसपुर मार्ग पर फैजुल्लागंज से आगे स्थित आरा मशीन के सामने पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। वहां का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए और चीख-पुकार मच गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव गांव लाए गए। शवों के गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल के बीच बुधवार शाम तीनों युवकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात रहा। एक साथ तीन युवकों की मौत से गांव तरफ दलपत में मातम पसरा हुआ है। हर आंख नम है और लोग हादसे को लेकर स्तब्ध हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।






## एक नजर

### झाड़ू लगा रही महिला को दो लोगों ने मारी गोली, महिला के बेटे ने लगाया पिता पर हमला कराने का आरोप



**कांठ( शाह टाइम्स )** सुबह सवेरे घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला को दो लोगों ने गोली मार दी, गोली लगते ही महिला जमीन पर गिर गई गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग इकट्ठे हो गए और मुरादाबाद अस्पताल में भर्ती कर दिया। महिला के बेटे ने इस हमले का अपने पिता पर ही आरोप लगाया है। थाना कांठ के गांव मुजफ्फरपुर टांडा निवासी धर्मेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की उसकी मां पुष्पा देवी के नाम 30 बीघा जमीन है जिसके बंटवारे को लेकर पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है इस कारण उसके पिता उसकी मां से रंजिश रखते हैं पिता छोटे भाई के पास रहते हैं और उसकी मां उसके पास रहती है। बताया गया कि सुबह करीब 6:00 बजे उसकी मां घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी तभी दो अज्ञात व्यक्ति उसके पिता हरिओम के पास से आए और उन्होंने उसकी मां पुष्पा देवी के सीने में तमंचा सटाकर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही मां जमीन पर गिर गई गोली की आवाज सुनकर धर्मेंद्र घर से बाहर आया और कॉसमॉस अस्पताल में ले जाकर भर्ती कर दिया। इसके बाद वह थाने पहुंचा और तहरीर दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।



घायल महिला का फाइल फोटो

### चलते वाहन के पीछे से मारी टक्कर, बाइक सवार घायल



**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के मुख्य बस स्टैंड पर एक अज्ञात वाहन के पीछे बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत सुरजन नगर के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। घटना के अनुसार, बाइक सवार मुख्य बस स्टैंड पर अंधाधुन दौड़ रहे ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को चिकित्सक के पास पहुंचाया। अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

घायल की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है इस हादसे से इलाके में शोक की लावण है और लोगों में गुस्सा है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि ऐसे अंधाधुन वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

### फैक्ट्री में काम कर रही महिला को लेकर युवक फरार पीड़ित पिता ने लगाई पुलिस से बेटी बरामद करने की गुहार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रुई की फैक्ट्री में काम कर रही महिला को दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसलाकर फरार हो गया पीड़ित पिता ने पुलिस से लड़की बरामद कराने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी का कहना है कि उसकी बेटी हार्वर्ड स्कूल के पास संचालित रुई की फैक्ट्री में काम करती थी इस फैक्ट्री में तेजपाल पुत्र पीतम नाम का युवक भी काम करता था काम करते वक्त दोनों में मित्रता हो गई और वह उसे बहला फुसलाकर 3 दिसंबर को लेकर फरार हो गया। काफी तलाश करने पर भी जब लड़की का पता नहीं चला तो आज पीड़ित ने पड़ोस के तेजपाल देवेंद्र कृष्ण पाल नोबहार पर इस कृत्य में सहयोग करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पीड़ित का आरोप था कि उसने जब लड़की के बारे में इन लोगों से बातचीत की तो यह गाली गलौज करने लगे और मारपीट पर उतारू हो गए पीड़ित ने पुलिस से लड़की बरामद करने की गुहार लगाई है।

### मालगोदाम रोड की नगरपालिका करा रही मरम्मत

**चन्दौसी।** मालगोदाम रोड की सड़क अंबेडकर पार्क के आसपास जर्जर हो गई थी, लगातार ई-रिक्शा पलट रहे थे। साथ ही जलभराव के कारण वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे थे। जिसकी शिकायत लोगों द्वारा अधिशासी अधिकारी से की गई। आखिर नगरपालिका ने बुधवार को रिपेयरिंग का काम शुरु किया। यहां बताते चलें कि जलभराव के कारण लगभग आधा फीट गड्ढे होने के कारण पानी भर गया था। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि बुधवार को सायं के समय से नगरपालिका ने सड़क का मरम्मत कार्य शुरु कर दिया है।

## मिशन शक्ति-5.0 के तहत पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत बुधवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावरलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



## चार सड़क निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमि पूजन, एक करोड़ 80 लाख की लागत से बनेंगी सड़कें

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज विशेष मरम्मत योजना के अंतर्गत कुंदरकी ब्लॉक के ग्राम मधुपुरी से संभल मार्ग से मधुपुरी होते हुए इमरतपुर ऊधो तक 320 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण स्वीकृत लागत 37.68 लाख और नगला हाशा से लाइठेर तक 560 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण स्वीकृत लागत 27.92 लाख इसके साथ ही नव निर्माण कार्य के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर हमीर से ग्राम ललवारा तक 1 किमी सीसी रोड एवं नाली निर्माण स्वीकृत लागत 74.36 लाख और बकेनिया संपर्क मार्ग पर रतनिया अड्डे से बकेनिया ग्राम तक 320 मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण स्वीकृत लागत 39.38 लाख का ग्राम मधुपुरी एवं करनपुर चौराहा रतनपुर कलां में भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि कुंदरकी विधानसभा में सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें न केवल आवागमन को आसान बनाती हैं, बल्कि व्यापार, रोजगार और सामाजिक विकास की रीढ़ होती हैं। जर्जर हो चुकी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण होने से ग्रामीणजनों को राहत मिलेगी। वहीं इससे उन्हें आने जाने में सुविधा होगी और समय की बचत होंगी। विधायक ने आगे कहा कि सड़क के माध्यम से गांव व कस्बों में विकास पहुंच रहा है। क्षेत्र को विकसित करना है, इसके लिए जरूरी है कि सड़क का निर्माण हो। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने पता नहीं क्या सोचकर इन सड़कों का निर्माण नहीं किया। अब हम सड़क का निर्माण कर रहे हैं। इस दौरान मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वह सड़क निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। कहीं पर कोई दोषी मिला तो कार्रवाई तय है। में अपनी पूरी निधि सड़क निर्माण में लगा रहा हूँ और साथ में अलग अलग योजनाओं के माध्यम गांव गांव पक्की सड़क दिला रहा हूँ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप , मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, जेई मुकेश कुमार , ग्राम प्रधान नन्द किशोर सैनी, बृजेश लोधी, पिंटू, ऋषिपाल सिंह, विनीत, यादराम सिंह, खुर्शीद , गुड्डू सैनी, मोनू कश्यप, संजय दिवाकर ,मुशाहिद अली, आकिल सहित सैकड़ो क्षेत्रबासी उपस्थित रहे।



## सुरजननगर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब: दिव्य ज्योति कलश यात्रा के साथ गूंजा 'गायत्री मंत्र'

**सुरजननगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का शंखनाद हुआ। युग ऋषि पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण एवं दिव्य सानिध्य में शांतिकुंज से निकले 'दिव्य ज्योति कलश रथ' का सुरजन. नगर आगमन पर भव्य एवं ऐतिहा. सिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित मंगल कलश शोभा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को गायत्री मय और भक्तिमय बना दिया। घ्मंगल कलश यात्रा का दृश्य अत्यंत मनमोहक और प्रेरणादायक था। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार की महिलाओं ने सहभागिता की। पीले वस्त्र धारण किए, सिर पर मंगल कलश लिए कतारबद्ध चलती माताएं-बहनें साक्षात शक्ति स्वरूपा प्रतीत हो रही थीं। पीला रंग ज्ञान और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, और पूरी यात्रा के दौरान वातावरण इसी रंग में रंगा नजर आया घदिव्य ज्योति कलश रथ के साथ यह शोभा यात्रा सुरजननगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और 'गायत्री माता की जय' तथा 'सद्ज्ञान की गंगा बहेगी-सारे जग में शांति होगी' जैसे उद्घोषों से आकाश गुंजायमान रहा। इस यात्रा ने न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक समरसता और आत्मीय महोत्सव का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। घ्नगर परिक्रमा के पश्चात शोभा यात्रा का समापन बस स्टैंड स्थित राजपुताना बैंकेट हॉल में हुआ। यहाँ शांतिकुंज से आए टोली नायकों एवं विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन संपन्न कराया गया। वेदों के सस्वर पाठ ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजन के उपरांत आयोजित मुख्य कार्यक्रम में वक्ताओं ने दिव्य प्रेरणादायक उद्बोधन दिए। शांतिकुंज के प्रतिनिधियों ने पूज्य गुरुदेव के विचारों को साझा करते हुए कहा कि: मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण ही गायत्री परिवार का मुख्य उद्देश्य है। यह ज्योति कलश केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि कुविचारों के अंधकार को मिटाने वाली ज्ञान की मशाल है।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में भव्य दिव्य भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए गायत्री परिवार के स्वयंसेवकों ने पूरी तन्मयता से सेवा कार्य किया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। घ्इस आयोजन ने सुरजननगर के जन-जन में नई ऊर्जा और सात्विक विचारों का संचार किया है।कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने अपने पुलिस बल के साथ पूरी यात्रा के दौरान मुस्तैदी दिखाई और यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का कुशल प्रबंधन किया। इस महोत्सव को सफल बनाने में शिव बंधु गुप्ता,मनोज विश्नोई, अजय प्रताप सिंह ग्राम प्रधान वीर सिंह, भूपेंद्र चौहान वीरेंद्र सिंह मुख्य रूप से महानुभावों की भूमिका महत्वपूर्ण रही: इसके अलावा समस्त गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय निवासियों ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। अंत में शांतिकुंज की टोली ने सभी को गुरुदेव के साहित्य से जुड़ने और नियमित उपासना का संदेश दिया।



## प्रदेश की तहसीलों को हाईटेक करने को लेकर सर्वे का काम जून तक होगा पूरा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** प्रदेश सरकार राजस्व प्रशासन को अत्याधुनिक, डिजिटल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण किया जाएगा। इसका उद्देश्य तहसील स्तर पर नागरिकों को तेज, भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी और तकनीक-आधारित राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है।

फ्यूचर रेडी तहसीलें उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासनिक क्रांति लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जो नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करने के साथ राज्य के समग्र विकास को नई रफ्तार देंगी। इन तहसीलों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-फाइलिंग सिस्टम, ऑनलाइन रिकॉर्ड मैनेजमेंट और स्मार्ट वर्कस्पेस जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

इसके लिए सभी तहसीलों का सर्वे और विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार करने का कार्य चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। भूमि अभिलेख, नामांतरण, प्रमाण-पत्र जारी करना, विवाद निपटारा और अन्य राजस्व सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन की जाएंगी। नागरिकों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और घर बैठे सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं०**-314/2025
**तारीख पेशी:** 13.01.2026

श्रीमती नेहा वर्मा आयु 26 वर्ष पत्नी स्वं. श्री लोकेश वर्मा निवासी मौहल्ला रामतलैया, त्रिमूर्ति मंदिर, लाइनपार, शहर व जिला मुरादाबाद।....**प्रार्थिनी**

**बनाम**

1. अजब सिंह, आयु लगभग 70 वर्ष पुत्र स्व0 श्री मुंशीराम, 2. श्रीमती मेमो देवी आयु 65 वर्ष, पत्नी श्री अजब सिंह, 3. मुनीश वर्मा, आयु लगभग 36 वर्ष, पुत्र श्री अजब सिंह, 4. **जनता आम** समस्त निवासीगण मौहल्ला रामतलैया, त्रिमूर्ति मंदिर, लाईनपार, शहर व जिला मुरादाबाद- **विपक्षीगण**। चूंकि उपरिनामांकित आवेदिका श्रीमती नेहा वर्मा ने इस न्यायालय में अपने नाबालिग चित्रांश वर्मा, आयु 11 वर्ष, व कु0 परिधि वर्मा आयु 6 वर्ष, पुत्र व पुत्री स्व0 लोकेश वर्मा की जात व जायदाद की सम्पूर्ण देखभाल, शिक्षा एवं अन्य का प्रार्थिनी जोकि सगी माता को संयुक्त संरक्षक नियुक्त करने की व वादपत्र में वर्णिता गाटा सं0-363, 364, 365, 366, 367, 368, 369 की कृषि भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु गार्जियन एण्ड वार्ड एक्ट की धारा 7, 8 के अन्तर्गत आवेदन किया है। अत: जनता आम उपरोक्त विविध वाद प्रार्थना पत्र में जवाब देही प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 13.01.2026 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता, द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 06 सन् 2026 के 01 माह दिवस को निकाली गई।

**व्यवहार विविध वाद लिपिक**
**जनपद न्यायालय,**
**मुरादाबाद ( उ. प्र. )।**

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र राकेश कुमार पुत्र तूही राम सिंह को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में राकेश कुमार के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन/लोन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **तूही राम सिंह पुत्र नवल सिंहनिवासी सूर्य नगर लाइनपार थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पिता खलील को गलत संगत में पड़ने के कारण पारिवारिक व सामाजिक सम्बन्ध विच्छेद समाप्त कर लिए है। भविष्य में खलील के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरी पत्नी श्रीमति सोफिया का मेरे परिवार वालो से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं रहेगा। **मौहम्मद जुनैद पुत्र खलील निवासी बगिया पीर का बाजार जयंतीपुरी रोड मीनानगर सीतापुरी थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( सी.डि. ) प्रथम, मुरादाबाद।**
**निष्पादन वाद सं०** 71/2025
**तारीख पेशी:** 16.01.2026
**हकीम अतीक अहमद बनाम श्रीमती जायदा बेगम आदि।**

**बनाम**

1. श्रीमति जायदा बेगम विधवा बदर अब्बास मरहूम, 2. हैदर अब्बास उर्फ पम्मी पुत्र बदर अब्बास मरहूम, 3. नजर अब्बास पुत्र बदर अब्बास मरहूम समस्त निवासीगण मौहल्ला चाहशोर सकना रामपुर तहसील व जिला रामपुर, 4. कमर अब्बास पुत्र अली अब्बास मरहूम निवासी मौहल्ला चाहशोर सफना रामपुर तहसील व जिला रामपुर, 5. मतलूब हुसैन पुत्र मन्सव हुसैन मरहूम, 6. मन्जूर हुसैन पुत्र मन्सव हुसैन मरहूम निवासीगण मौहल्ला बरवलान निकट प्रकाश मैटल वर्क्स तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी/डिक्रीदार द्वारा इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि कब्जा व दखल हेतु अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवे. दन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 16.01.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 22.12.2025 दिवस को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**अपर सिविल जज ( सी०डि० ) प्रथम, मुरादाबाद।**

## यातायात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद भर में यातायात पुलिस द्वारा आमजन एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग पर विशेष जोर दिया गया। यातायात पुलिस द्वारा लोगों को सड़क के बाईं ओर वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आमजन को पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।



## वायु प्रदूषण फेफड़ों और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए खतरनाक: डॉ. प्रमोज जिंदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वायु प्रदूषण आज देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुका है। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगिक गतिविधियां, वाहनों का धुआं और त्योहारों पर पटाखों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हवा को जहरीला बना रहा है। इसका सबसे सीधा असर हमारे फेफड़ों और सांस से जुड़ी बीमारियों पर पड़ रहा है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के थोरैसिक ऑन्कोलॉजी और लंग ट्रांसप्लांटेशन विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. प्रमोज जिंदल का कहना है, हम रोज जिस हवा में सांस लेते हैं, वही हमारी सेहत तय करती है। प्रदूषित हवा सिर्फ खांसी या सांस फूलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह फेफड़ों को धीरे-धीरे अंदर से नुकसान पहुंचाती है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण, जैसे च्ड2.5 और च्ड10, इतने छोटे होते हैं कि वे सीधे फेफड़ों की गहराई तक पहुंच जाते हैं और कई बार खून में भी मिल जाते हैं। इसके कारण गले में जलन, लगातार



खांसी, सीने में जकड़न और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से अस्थमा, फेफड़ों में संक्रमण, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस और यहां तक कि फेफड़ों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। बच्चों में यह फेफड़ों के विकास को प्रभावित करता है, जिससे भविष्य में सांस की समस्याएं हो सकती हैं। वायु प्रदूषण का सबसे गंभीर असर COPD (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के मरीजों पर पड़ता है। डॉ. जिंदल बताते हैं। डॉ. प्रमोज जिंदल के अनुसार,वायु प्रदूषण से बचाव सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। हमें भी जागरूक होकर पटाखों से दूरी बनानी होगी, अनावश्यक वाहन इस्तेमाल से बचना होगा और साफ हवा को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। स्वच्छ हवा कोई विलासिता नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। समय रहते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को गंभीर बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ेगा।

# युवती ने लगाया बलात्कार और ब्लैकमेल का गंभीर आरोप

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत, कार्रवाई की उठाई मांग

**ठाकुरद्वारा।** एक युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर युवक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक ब्लैकमेल और जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है।कि युवक ने लगभग दो साल पहले उसे शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसाया और उसके बाद बार-बार जबरन अपने साथ यात्रा पर लेकर होटल में रोककर बलात्कार किया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि इस घटना के बारे में किसी को बताया गया या कोई शिकायत की गई, तो उसे बदनाम कर दिया जाएगा। डर और बदनामी के कारण महिला खामोश रही, लेकिन आरोपी ने इस चुप्पी का फायदा उठाकर उसे बार-बार ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने नए साल के बहाने उसे नैनीताल यात्रा पर जाने के लिए मजबूर किया। वहां होटल में उसे दो रात तक जबरन रखा गया और हर रोज उसके साथ दुष्कर्म किया गया। महिला ने कहा कि घर लौटने के बाद आरोपी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया और उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी के माता-पिता को भी इस कृत्य की पूरी जानकारी थी और उन्होंने इसमें उसकी मदद की। इसके अलावा, महिला का आधार कार्ड भी आरोपी के कब्जे में है। महिला के अनुसार आरोपी के पिता ने धमकी दी कि अगर वह अपने बेटे से शादी करती है, तो उसे नुकसान पहुंचाया जाएगा। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने कई बार थाने और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जीसपर युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी शर्मिल उपाध्याय बालक वर्ग जयप्रकाश गौतम के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। रैली मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज से कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वयंसेवको ने नारे लगाकर राहगीरों को जागरूक किया। बहजोई रोड संभल तिराहे तक रैली का आयोजन किया गया। रैली में टी. एस.आई. सत्यप्रकाश शर्मा व अन्य पुलिस प्रशासन मौजूद रहा और सभी का सहयोग रहा। संस्थान के सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं का भी सहयोग रहा।

# महिला से छेड़छाड़, मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़, घर में घुसकर मारपीट, कपड़े फाड़ने, तोड़फोड़ और पति पर जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने छह आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मानावाला निवासी महिला ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दाखिल कर आरोप लगाया था कि गांव निवासी रामव. ीर पुत्र रामदत्त लंबे समय से उस पर गलत नजर रखता था और आए दिन अभद्र टिप्पणियां करता था। पीड़िता के अनुसार 8 दिसंबर 2025 की शाम करीब 8 बजे रामवीर उसके घर के बाहर खड़ा होकर अश्लील टिप्पणी कर रहा था। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और फोन कर अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि कुछ ही देर में जयपाल, रामदत्त, रमेश, चंद्रपाल पुत्रगण भोला तथा जोगेंद्र पुत्र बाबू हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर पीड़िता के घर में घुस आए। सभी ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की। बीच-बचाव के लिए पहुंचे पीड़िता के पति कृष्ण कुमार उर्फ नीटू को आरोपियों ने बेरहमी से पीटा। आरोप है कि डंडे से हाथ तोड़ दिया गया और तलवार से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब वह अपने पति को बचाने लगी तो आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ छेड़छाड़ की। अपनी इज्जत बचाने के लिए वह कमरे में भागी, लेकिन आरोपी वहां भी घुस आए और बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। इस दौरान घर का घरेलू सामान भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिनमें जितेंद्र सिंह पुत्र जागन और जयराम पुत्र धन सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़िता और उसके पति की जान बचाई। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता के पति का इलाज अभी भी चल रहा है।पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद वह रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गई, लेकिन पुलिस ने केवल जांच का आश्वा. सन देकर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने 15 दिसंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद को भी प्रार्थना-पत्र भेजा, लेकिन वहां से भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रामवीर, जयपाल, रामदत्त, चंद्रपाल और जोगेंद्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### मायावती के जन्मदिन पर बसपा दिखाएंगी अपनी ताकत, कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान



ठाकुद्वारा। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार रही पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन पर 15 जनवरी को पार्टी द्वारा शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित कर बसपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों से एक साथ आने का आव्हान किया गया है। बुधवार को ठाकुरद्वारा नगर अध्यक्ष इरफान सैफी के आवास पर हुई बहुजन समाज पार्टी की मीटिंग में पहुंचे मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल रणविजय सिंह एवं जिला अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल सिंह सागर और शिवशंकर नें बताया कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के आव्हान पर प्रत्येक मंडल में कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और जनसमर्थन को प्रदर्शित किया जाएगा। मुरादाबाद मंडल के सभी कार्यकर्ता समर्थक 15 जनवरी को अंबेडकर पार्क सिविल लाइन मुरादाबाद पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक विधानसभा से 25 सो लोगों को पहुंचने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जी जान से जुट गया है। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़े और पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं।15 जनवरी का यह आयोजन आगामी चुनावो को देखते हुए बसपा की राजनीतिक सक्रियता और ताकत का संदेश देगा। बैठक के दौरान, डॉ रामपाल गौतम, शिवलाल सिंह, मास्टर लोकमन सिंह,वीर सिंह, दयाराम, राकेश सागर,भूपेंद्र पाल, सूरजपाल,अंचल कुमार, प्रधान मदनपाल, इरफान सिद्दीकी आदि कारकर्ता मौजूद रहे।

### आयुध अधिनियम के तहत जेल में बिताई अवधि की सजा से किया दंडित

**चन्दौसी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत अपराधियों के विरुद्ध संभल पुलिस द्वारा विवेचना एवं अभियोजन द्वारा जोरदार पैरवी कर सजा दिलाने के क्रम में मंगलवार को मु0अ0सं0 60/1997 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना हयातनगर जनपद संभल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र स्वरुप सैनी निवासी सरकटा कमाल थाना रजवपुर जनपद अमरोहा को माननीय न्यायालय जेएम प्रथम जनपद संभल द्वारा अभियुक्त देवेन्द्र उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी गयी अवधि (15 दिवस) के कारावास व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। सजा कराये जाने में रामविलास एपीओ, कोर्ट पैरोकार का0 विजयसिंह, का0 नफीस अहमद कोर्ट मोहर्रिर का सहयोग रहा।

### जूडो महिला टीम के शानदार प्रदर्शन करने पर किया गया सम्मानित

**मुरादाबाद।** आगरा में खेल विभाग द्वारा आयोजित समन्वय जूडो प्रतियोगिता पुरुष व महिला 2025-26 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न मंडलों की टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुरादाबाद मंडल की महिला जूडो टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजय ट्रॉफी अपने नाम की। महिला खिलाड़ियों के शानदार खेल, अनुशासन और समन्वय ने दर्शकों व आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया।विजेता मुरादाबाद मंडल महिला जूडो टीम को ट्रॉफी प्रदान कर जूडो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी कपिल गुप्ता, चंद्रभूषण गिरी, संजय यादव, जितेंद्र कुमार, संजय गिरी, फरीद अहमद, शिवी शर्मा, रुचि अग्रवाल, महेश सैनी, निजाम बैग, कंचन सैनी और शरीफ खातून उपस्थित रहे।कार्यक्रम में क्षेत्रीय खेल अधिकारी चंचल मिश्रा एवं जिला सचिव सोहेल अहमद ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुरादाबाद मंडल की महिला टीम ने कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में ये खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और मंडल का नाम रोशन करेंगी।प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए खेल विभाग व आयोजकों की सराहना की गई, वहीं खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल रहा।

### सपा जिला अध्यक्ष ने कहा मनरेगा का नाम बदलना नहीं, गरीबों का रोजगार खत्म करने की साजिश

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक चक्कर की मिलक स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव फुरकान अली ने किया। बैठक में जिले भर से सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए, जिससे माहौल पूरी तरह राजनीतिक ऊर्जा से भरा नजर आया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से गरीबों की स्थिति नहीं सुधरेगी। वक्ताओं का आरोप था कि भाजपा सरकार की असल मंशा मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म कर गरीबों से रोजगार छीनने की है। उन्होंने कहा कि एक ओर मनरेगा के बजट में लगातार कटौती की जा रही है, दूसरी ओर नाम बदलने की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संयम, अनुशासन और निरंतर सक्रियता के साथ जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करना होगा, ताकि प्रदेश में एक बार फिर समाजवादी सरकार बनाई जा सके। उन्होंने एसआईआर अभियान को लेकर सतर्कता बरतने पर जोर देते हुए कहा कि हर स्तर पर निगरानी जरूरी है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर को लेकर भाजपा ने साजिश रची, जिसे सपा कार्यकर्ताओं की मेहनत ने पहले ही चरण में नाकाम कर दिया।बैठक में लाखन सिंह सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, नौशाद पाशा, विकास चौधरी, सुनीता सिंह, प्रदीप यादव, योगेन्द्र यादव, नवीन यादव, तुषार रस्तोगी, संजीव चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, गौरव चौहान, राकेश राठी, राजेश्वरी यादव, अवनीश यादव, विजयपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन आफ टैक्स एडवोकेट्स के कर अधिवक्ताओं द्वारा नववर्ष पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बार एसोसिएशन के कर अधिवक्ताओं द्वारा आज चॉइस बैंक्विट हॉल में नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सौहार्द, उल्लास एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार, उपाध्यक्ष श्री सुमित अग्रवाल, महासचिव श्री नीरज भटनागर, कोषाध्यक्ष श्री सुयश भटनागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही श्री अतर सिंह, श्री शैकी चोपड़ा, श्री मोहित गुप्ता, श्री आर पी उपाध्याय सहित अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता अपने-अपने परिवारजनों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं तथा आने वाले वर्ष में संगठन की एकता, सहयोग एवं पेशेवर उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सौहार्द एवं उल्लास के साथ किया गया।

# कटघर रेलवे स्टेशन के बाहर लगी भीषण आग, क्षेत्र के लोगों में मची अफरा-तफरी

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में स्थित कटघर रेलवे स्टेशन के बाहर देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में उसने वहां खड़े कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आए ई-रिक्शा और एक स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो गए, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कटघर रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ वाहन खड़े थे और कुछ सामान रखा हुआ था। अचानक वहां से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। आग फैलती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। फायर ब्रिगेड कर्मियों की तत्परता से आग को और फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।घटना की जानकारी मिलते ही कटघर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस और फायर विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य वजह से।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार साफ देखा जा सकता है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित वाहन मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## विश्व हिंदू महासंघ भारत का मूंढापांडे थाने में प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**मुरादाबाद।** जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में विश्व हिंदू महासंघ भारत के कार्यकर्ताओं ने थाने में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। मामला कुछ दिनों पूर्व मूंढापांडे के गांव दौलारी के जंगल में मिले गोवंशीय अवशेषों से जुड़ा है, जिसमें पुलिस ने विश्व हिंदू महासंघ भारत के ब्लॉक स्तर के दो पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने बिना ठोस साक्ष्यों के संगठन से जुड़े लोगों को झूठे मुकदमे में फंसा दिया है। इसी के विरोध में विश्व हिंदू महासंघ भारत के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और अपनी बात रखी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसी भी निर्दोष को परेशान न किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए।प्रदर्शन के दौरान "जय श्री राम" के नारे भी लगाए गए। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि यह मुकदमा करीब तीन माह पूर्व दर्ज किया गया था।

## अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, सवार घायल अस्पताल में भर्ती

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में रतुपुरा-करनावाला जप्ती मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनावाला जप्ती निवासी निपेंद्र कुमार (35) पुत्र गेंदा सिंह बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक सड़क पर गिर पड़ी जिसमें बाइक सवार व्यक्ति के सड़क दुघर्टना में उनके चेहरे, कोहनी और घुटनों में चोटें आईं। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ईएमटी विजय प्रकाश, पायलट हर्षित शुक्ला ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) में भर्ती कराया गया, जहाँ पर मौजूद चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# आईईईई डे पर टीएमयू में छात्रों ने बिखेरे हुनर के रंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी में आईईईई डे पर हुई साइफर रन प्रतियोगिता में टीम डिस्टोपिया विजेता रही। रीबूटाथॉन प्रतियोगिता में मुस्कान दक्ष ने बाजी मारी। ब्लाइंडकोड शोडाउन में अरिहंत जैन प्रथम स्थान पर रहे। टेक ड्यूल और फ्यूचर फ्रेम 2035 में वंशिका सक्सेना अव्वल रही। टेक कॉउचर में मान्या जैन विजेता रहे। तीन दिनी इस कार्यक्रम की थीम इन्नोवेट, इंस्पायर और इग्नाइट रही। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभु भारद्वाज, डॉ. रूपल गुप्ता, कार्यक्रम की संयोजिका एवम् आईईईई वीमेन इन इंजीनियरिंग-डब्ल्यूआईई चेयर मिस रोहेला नाज आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा,आईईईई जैसे वैश्विक प्रोफेशनल संगठन स्टुडेंट्स को न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच, शोध अवसर, उद्योग संपर्क और करियर उन्नति के लिए सशक्त बनाते हैं। संचालन स्टुडेंट्स मो. सालिक खान और अनुपमा कुमारी ने किया। संयोजिका मिस रोहेला नाज ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उल्लेखनीय है, फ्यूचर फ्रेम 2035 प्रतियोगिता ने स्टुडेंट्स को भविष्य की तकनीक की कल्पना करने का मंच प्रदान किया। रीबूटाथॉन में पुराने उपकरणों और सॉफ्टवेयर के नवाचारी पुनः उपयोग पर आधारित विचार प्रस्तुत किए गए। ब्लाइंडकोड शोडाउन ने सीमित परिस्थितियों में कोडिंग कौशल की परीक्षा ली, जबकि टेक ड्यूल में प्रतिभागियों की विश्लेषणात्मक और संवाद क्षमता परखी गई। टेक कॉउचर ने तकनीक और फैशन के अनूठे संगम को प्रस्तुत किया और साइफर रन तकनीकी पहेलियों पर आधारित रोमांचक कैंपस ट्रेजर हंट के रूप में आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अतिरिक्त शतरंज, कैरम, लूडो,सुडोकू जैसे इनडोर खेलों ने कार्यक्रम में उत्साह और मनोरंजन का रंग भरा। इस अवसर पर प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. नमित गुप्ता, डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रीति रानी, श्री मो. सलीम, श्री नवनीत विश्नोई के संग-संग बीटेक, बीसीए, बीएससी, एमएससी, एमटेक, एमसीए के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एसएम डिग्री कॉलेज प्रबंध तंत्र चुनाव पर कुलपति के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती देगा महाविद्यालय

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज, चन्दौसी के प्रबंध तंत्र के चुनाव के अनुमोदन के संबंध में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन महेश्वरी द्वारा 06 जनवरी को एक निर्णय पारित किया गया है। अपने निर्णय में कुलपति ने कहा है कि एस.एम. डिग्री कॉलेज का प्रबंध तंत्र चुनाव 05 अक्टूबर 2025 को उसकी मातृ संस्था श्यामसुंदर मैमोरियल कॉलेज सोसायटी, चन्दौसी द्वारा संपादित कराया गया है। कुलपति द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जब तक उक्त चुनाव का विश्वविद्यालय स्तर से अनुमोदन नहीं हो जाता, तब तक पूर्ववत कार्यकारिणी ही अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी। यदि विश्व. विद्यालय द्वारा चुनाव अनुमोदित नहीं किया जाता है, तो इस संबंध में न्यायालय की शरण ली जाएगी और न्यायालय के अंतिम निर्णय तक पूर्ववत कार्यकारिणी ही कार्य करती रहेगी। बता दें कि कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय का पर्यवेक्षक न होने का तर्क देकर चुनाव का अनुमोदन नहीं किया गया है जबकि महाविद्यालय का तर्क है कि विश्वविद्यालय अधिनियम व विधियों के किसी भी खंड या धारा में पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने का कोई विधिक प्रावधान नहीं है और महाविद्यालय का कहना है कि मातृ संस्था द्वारा विश्वविद्यालय से पर्यवेक्षक तथा शासन के अन्य अधिकारियों को भेजने का अनुरोध किया गया था, लेकिन किसी भी स्तर से पर्यवेक्षक नियुक्त नहीं किया गया। साथ महाविद्यालय के कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि प्रबंध तंत्र चुनाव के अनुमोदन को लेकर कुलपति द्वारा लिया गया निर्णय पूर्ण रूप से पक्षपातपूर्ण है तथा यह महाविद्यालय के बर्खास्त प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव से हितबद्ध होकर लिया गया प्रतीत होता है। इस निर्णय को चुनौती देने के लिए महाविद्यालय माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेगा। साथ ही कॉलेज प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही जारी रहेगी। यह जानकारी एस.एम. डिग्री कॉलेज के सचिव शान्तनु कुमार द्वारा दी गई।

# पांच हजार रुपये भेजकर ग्रामीण से 85 हजार की ऑनलाइन ठगी

**ठाकुरद्वारा।** साइबर ठगों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला क्षेत्र के गांव इनायत नगर का है, जहां एक शातिर साइबर ठग ने विश्वास में लेकर एक ग्रामीण से 85 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। कोतवाली क्षेत्र के गांव इनायत नगर निवासी जयप्रकाश सिंह, जो निजी तौर पर पशुओं का इलाज करने का कार्य करते हैं, ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 4 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को कमालपुरी निवासी 'शर्मा जी' बताते हुए कहा कि वह फोन-पे के माध्यम से उनके मोबाइल पर 5 हजार रुपये भेज रहा है, जिन्हें वह अगले दिन सुबह वापस ले लेगा। जयप्रकाश सिंह के अनुसार कुछ ही देर बाद आरोपी ने दोबारा फोन कर तत्काल पैसों की जरूरत बताई और भेजी गई रकम तुरंत वापस करने को कहा। आरोपी की बातों में आकर पीड़ित ने उक्त 5 हजार रुपये उसके बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित का कहना है कि इसके कुछ ही समय बाद उसके बैंक खाते से लगातार पैसे निकलने लगे और देखते ही देखते कुल 85 हजार रुपये की राशि निकाल ली गई। ठगी के बाद बैंक खाता भी शून्य हो गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई है तथा कोतवाली पुलिस को भी तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी. डि.), महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं:** 35/2025
**संबंधित मूलवाद सं०:** 49/2018
**तारीख पेशी:** 14.01.2026
कु. जैबुन्निसा पुत्री श्री अकील अहमद आयु लगभग 34 वर्ष निवासी ग्राम रोण्डा तहसील व जिला मुरादाबाद।
**-वादी/ डिक्रीदार।**
**बनाम**
1. नन्हें आयु लगभग 67 वर्ष पुत्र श्री श्याम लाल, 2. सीटू आयु लगभग 44 वर्ष पुत्र मुन्नू, 3. नीलेश आयु लगभग 35 वर्ष पुत्री श्री मुन्ने समस्त निवासीगण ग्राम रोण्डा तहसील व जिला मुरादाबाद।
**प्रतिवादीगण/निर्णित ऋणीगण।**
चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि कब्जा व दखल हेतु अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 14.01.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो।
यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 07.01.2026 दिवस को निकाली गई।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी. डि.), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 20.01.2026
उत्तरा0 वाद सं0: 254 सन् 2025
**श्रीमती गुड्डी बनाम जनता आम**
श्रीमती गुड्डी आयु 36 वर्ष पत्नी श्री विजेन्द्र पुत्री स्व. श्री गोकल सिंह निवासी ग्राम खदाना मकान सं.-290 पोस्ट पाकबड़ा थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**
**जनता आम-प्रतिवादी।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती गुड्डी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती गुड्डी मुसबफा श्रीमती विमला अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. बकत रू.2,00,000/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती गुड्डी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 20 मास 01 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं०** 360/2023
**तारीख पेशी:** 20.01.2026
भूपेन्द्र कुमार जैन पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल जैन वर्तमान निवासी भवन सं. 18 बी, शास्त्री नगर गाजियाबाद।
**बनाम**
अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र श्री राम किशोर शर्मा नि. मौहल्ला महाजनान तहसील बिलारी, मुरादाबाद।
चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि कब्जा व दखल हेतु अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 20. 01.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 07.01.2026 दिवस को निकाली गई।
**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदनगर**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**
पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 07.1.2026
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत फरीदनगर में मनरेगा योजनान्तर्गत महावीर के घर से रमेश के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 29.01.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/ एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महावीर के घर से रमेश के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, बजरफुट, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 250780 | 6620 | 500 | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।
**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-फरीदनगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामूवाला गनेश**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**
पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 07.1.2026
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रामूवाला गनेश में मनरेगा योजनान्तर्गत महावीर के घर से रमेश के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 29.01.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/ एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महावीर के घर से रमेश के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, बजरफुट, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 250780 | 5015 | 500 | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।
**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रामूवाला गनेश**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# बीसीबी ने सभी दावों को खारिज किया

## कहाः आईसीसी भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने के लिए तैयार

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि आईसीसी ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी पुरुष टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड के साथ इस मसले पर करीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

बीती शाम सुरक्षा कारणों से टी-20 विश्व कप में बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के मसले पर बीसीबी की आईसीसी के साथ हुई वर्चुअल बैठक के बाद क्रिकेट बोर्ड ने अपना बयान जारी किया है। हालांकि बयान में यह नहीं बताया गया है कि बंगलादेश भारत में खेलेगा या नहीं। बीसीबी के बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने आगामी विश्व कप के मद्देनजर भारत में बंगलादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर जो चिंता व्यक्त की थी और साथ ही बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने का जो आग्रह किया था उसके जवाब में आईसीसी की ओर से प्रतिक्रिया मिली है। अपने संदेश में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बिना किसी रुकावट के बांग्लादेश की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आईसीसी ने बोर्ड के साथ इस मसले पर क़रीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है और इस बात का आश्वासन दिया है कि सुरक्षा से संबंधी बोर्ड के सुझावों का स्वागत किया जाएगा और इवेंट से संबंधित विस्तृत सुरक्षा योजना बनाते समय पर इन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि मंगलवार की बैठक में आईसीसी ने बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के आग्रह को अस्वीकार दिया था और यह कहा था कि अगर बंगलादेश भारत में अपने मुक़ाबले नहीं खेलेगा तो उन्हें अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। आगामी टी-20 विश्व कप में बंगलादेश ग्रुप सी में है और उन्हें अपने पहले तीन मुक़ाबले कोलकाता में खेलने हैं। उन्हें 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड के खलिाफ खेलना है जबकि 17 फरवरी को उन्हें मुंबई में नेपाल के खलिाफ मुक़ाबला खेलना है। हालांकि बीसीबी ने ऐसी किसी भी चेतावनी मिलने से इनकार किया। बीसीबी ने कहा कि मीडिया में प्रकाशित कुछ रिपोर्ट्स का भी बीसीबी ने संज्ञान लिया है जिसमें यह बताया गया है कि बोर्ड को आईसीसी से अल्टीमेटम मिला है। बीसीबी यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह दावे पूरी तरह से निराधार हैं और यह आईसीसी द्वारा मिले संदेश से मेल नहीं खाते हैं।

## भारतीय प्रेजेंटर बीपीएल पैनल से हटी

**ढाका, वार्ता।** भारतीय स्पोर्ट्स प्रेजेंटर रिद्धिमा पाठक ने बुधवार को उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि उन्हें बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के प्रेजेंटेशन पैनल से 'हटा दिया गया' है। उन्होंने साफ किया कि टूर्नामेंट से हटने का फैसला उनका अपना था।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए गए एक बयान में, पाठक ने कहा कि बीपीएल से उन्हें हटाए जाने के बारे में एक 'झूठी कहानी' फैलाई जा रही है। उन्होंने लिखा कि यह सच नहीं है। मैंने खुद बाहर होने का फैसला किया। मेरे लिए, मेरा देश हमेशा सबसे पहले आता है, उन्होंने आगे कहा कि वह क्रिकेट के खेल को 'किसी भी एक असाइनमेंट से कहीं ज्यादा' महत्व देती हैं। पाठक ने आगे कहा कि वह इस मामले पर और कोई टिप्पणी नहीं करेंगी। यह सफाई बंगलादेश में मीडिया रिपोर्ट्स के बीच आई है, जिसमें कहा गया था कि टूर्नामेंट के ढाका लेग से पहले पाठक को बीपीएल प्रेजेंटेशन टीम से हटा दिया गया था। बंगलादेश के स्थानीय मीडिया ने बताया कि उन्हें ढाका में मैचों की मेजबानी करनी थी, लेकिन देश जाने से पहले ही उन्हें पैनल से हटा दिया गया। बीपीएल का मौजूदा एडिशन पहले ही शुरू हो चुका है, जिसका पहला लेग सिलहट में हुआ।

# पीवी सिंधु सात्विक-चिराग की विजयी शुरुआत

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** चार महीने की चोट के बाद वापसी कर रही पीवी सिंधु ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला सिगल्स के पहले राउंड का मैच चीनी ताइपे की कम रैंकिंग वाली सुंग शुओ युन के खिलाफ 21-13, 22-20 से जीता।

यह मैच 51 मिनट तक चला। सिंधु को मैच में जमने में समय लगा, पहले गेम में वह 1-6 से पीछे थीं क्योंकि उन्हें अपनी लय खोजने और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि, एक बार जब उन्हें अपनी रेंज मिल गई, तो स्मैश और पंच क्लियर शॉट लगने लगे। 1-6 से पीछे होने के बाद, सिंधु ने बढ़त बनाते हुए 11-9 की बढ़त ले ली, और मिड-गेम इंटरवल में दो अंकों की बढ़त बना ली। उस बिदु के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्योंकि सिंधु ने रैलियों पर हावी होना शुरू कर दिया और सुंग को कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं दिया। दुनिया में 31वें नम्बर की चीनी ताइपे की शटलर को रैलियों को फ्लैट रखने में मुश्किल हो रही थी - एक ऐसा तरीका जिससे वह प्रतिस्पर्धी बनी रह सकती थीं और उन पर आने वाले आक्रामक शॉट्स की बौछार से बच सकती थीं। आखिरकार सुंग को सिंधु की कमजोरियों का पता चलने लगा, हालांकि जितनी देर में उन्हें पता चला, वह शायद उन्हें पसंद नहीं आया होगा। जब सिंधु दूसरे गेम में 14-9 से आगे थीं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### डी मिनौर व हंटर ने ऑस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, वार्ता।** एलेक्स डी मिनौर ने मंगलवार रात सिडनी में यूनाइटेड कप में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने डबल ड्यूटी करके ऑस्ट्रेलिया को चेकिया को हराकर क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया। बारबोरा क्रेजसिकोवा ने माया जॉइंट को सीधे सेटों में हराने के बाद, ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर क्वालिफाई करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन 26 साल के डी मिनौर ने केन रोजवॉल एरिना के जोशीले माहौल का फायदा उठाते हुए जैकब मेंसिक को 6-4, 6-1 से हराया और फिर स्टॉर्म हंटर के साथ मिलकर मिरियम स्कोच और डालिबोर स्वर्सिना को 6-2, 6-3 से हराकर ग्रुप डी में 2-1 से जीत पक्की की। क्रेजसिकोवा की जीत के साथ, चेकिया भी सिडनी में बेस्ट रनर-अप के तौर पर क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गया। मेनसिक ने दूसरे सेट की शुरुआत में डी मिनौर के खिलाफ कुछ अच्छे पल दिखाए, जिसमें एक जोरदार फंट-फेसिग ट्वीनर वॉली भी शामिल थी, जिसे एक धमाकेदार फर्स्ट सर्व से सेट किया गया था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लगातार कोशिश करते रहे, उन्होंने अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए और लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में चेक खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया।

#### रेसलिंग लीग ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ आधिकारिक प्रसारण साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की प्रमुख पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता पीडब्ल्यूएल के पांचवें सत्र ने 2026 सीजन के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को अपना आधिकारिक प्रसारण भागीदार घोषित किया है। सात वर्षों के अंतराल के बाद जनवरी 2026 में पीडब्ल्यूएल की वापसी हो रही है, जिसे एक नए विजन, मजबूत एथलीट-फर्स्ट सिद्धांतों और वैश्विक दर्शकों के सामने उत्कृष्ट कुश्ती प्रतिभा को प्रदर्शित करने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ पुनर्कल्पित किया गया है। प्रसारण समझौते के तहत, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 टीवी चैनलों के माध्यम से भारत भर के घरों तक पीडब्ल्यूएल के सभी मुकाबलों का लाइव प्रसारण करेगा। इसके साथ ही, सोनी के ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर भी कवरेज उपलब्ध होगी, पीडब्ल्यूएल 2026 सीजन में छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी टीमें, दिल्ली दंगल वॉरियर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, हरियाणा थंडर्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी और यूपी डॉमिनेटर्स, एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी प्रारूप में मुकाबला करेंगी, जिसका उद्देश्य खेल की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाना और प्रशंसकों के लिए रोमांचक अनुभव प्रदान करना है।

# पहले राउंड में लक्ष्य-आयुष का आमना-सामना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को घरेलू मैदान पर एक मुश्किल ड्रॉ मिला है। 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन का मुकाबला उभरते हुए आयुष शेट्टी से होगा, जबकि पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का सामना वियतनाम की थुई लिन्ह गुएन से होगा। योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट 13-18 जनवरी तक यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा।

वर्ल्ड टूर के सबसे मशहूर टूर्नामेंट में से एक, इंडिया ओपन, केडी जाधव इंडोर स्टेडियम से इंदिरा गांधी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के अंदर एक बहुत बड़े मल्टी-पर्पस हॉल में शिफ्ट हो रहा है। खिलाड़ियों को कंडीशन को समझने और परखने का भी मौका मिलेगा क्योंकि यह इस साल अगस्त में होने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप का वेन्यू भी होगा। और अगर भारतीय टीम को उम्मीद थी कि ओपनिग राउंड थोड़ा आसान होगा, तो साफ है कि उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हुई। भारतीय नजरिए से, लक्ष्य का सामना पूर्व वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट आयुष शेट्टी से होगा, इसका मतलब है कि मुकाबले में मौजूद चार भारतीय मेन्स सिगल्स में से सिर्फ तीन को ही दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिलेगा। और जो भी इस ऑल-इंडियन मुकाबले में आगे बढ़ता है, उसका सामना चौथी सीड चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन या जापान के केंटा निशिमोटो से हो सकता है। दूसरे भारतीय सिगल्स खिलाड़ियों में, पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 किदांबी श्रीकांत का मुकाबला 2024 ताइपे की थॉमस कप ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम के सदस्य और वर्ल्ड नम्बर 12 लिन चुन-ई से होगा, और दूसरे राउंड में उनका मुकाबला क्रिस्टो पोपोव से हो सकता है, जिन्होंने पिछले महीने वर्ल्ड टूर फाइनल्स मेन्स सिगल्स का खिताब जीतने वाला पहला फांसीसी खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन के हटने के बाद मेन ड्रॉ में आए एच एस प्रणय अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग के पिछले एडिशन के फाइनलिस्ट ली चेउक यियू के खिलाफ करेंगे। महिला सिगल्स में, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का मुकाबला गुएन से होगा, जिनके खिलाफ भारतीय खिलाड़ी अपने पिछले दोनों मुकाबले हार गई थीं। दुनिया में 22वीं रैंक वाली गुएन पिछले साल सर्किट पर सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक हैं।

# वैभव व एरोन के तूफानी शतक भारत अंडर-19 टीम ने बनाए 393/7

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका।** वैभव सूर्यवंशी (127) और एरोन जॉर्ज (118) शानदार शतकीय पारियों और उनके बीच 227 रनों की ओपनिग साझेदारी के दम पर भारतीय अंडर-19टीम ने बुधवार को तीसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 394 रनों का लक्ष्य दिया। यहां दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और एरोन जॉर्ज की भारतीय सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 227 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वैभव ने सातवां ओवर कर रहे माइकल क्रुइस्काम्प की पहली चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए और इसके बाद एक रन लेकर इस ओवर में कुल 21 रन जोड़े। वैभव ने 63 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए आठ छक्के और छह चौके लगाए। 27वें ओवर में एन सोनी ने वैभव सूर्यवंशी को आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 74 गेंदों में 10 छक्के और नौ चौके लगाते हुए 127 रनों की पारी खेली। इसी दौरान एरोन ने अपना शतक पूरा किया। 35वें ओवर में माइकल क्रुइस्काम्प ने वेदांत त्रिवेदी (34) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुल कर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। हरवंश पंगालिया (दो) रनआउट हुए। अभिज्ञान कुंडु (21), कनिष्क चौहान (10) और अमब्रिश आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन मोहम्मद एनान (नाबाद 28) और हेनिल पटेल (नाबाद 19) ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरते हुए भारत को निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 393 रनों का विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन सोनी ने तीन विकेट लिए।






# नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में शेर मल्ला शामिल, पॉडेल करेंगे कप्तानी

**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में ऑफ स्पिनर शेर मल्ला को शामिल किया गया है और उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम का बुलावा आया है। नेपाल ने अपने दल में ऑलराउंडर बासिर अहमद को शामिल किया है जबकि पिछले साल अक्तूबर में टी-20 विश्व कप क्वालिफायर में टीम का हिस्सा रहे कुशल मल्ला को विश्व कप दल में जगह नहीं मिली है।

शीर्ष क्रम बल्लेबाज रोहित पॉडेल टी-20 विश्व कप में टीम की अगुवाई करेंगे जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी टीम के उपकप्तान होंगे। मल्ला को नेपाल प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन का इनाम मिला है जहां उन्होंने 17 विकेट हासिल किए थे और वह टूर्नामेंट में संयुक्त तौर पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शेर मल्ला ने 17 विकेट 10 मुक़ाबलों में 6.50 की किफायती इकॉनमी से हासिल किए थे। उन्होंने लुंबिनी लायंस को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी जबकि इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता था। नेपाल के दल में मजबूत शीर्ष क्रम बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों का संयोजन है। नेपाल की गेंदबाजी लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने के इर्द गिर्द रहेगी और ललिच राजबंशी, मल्ला और ऐरी स्पिन विभाग में उनके सहयोगी की भूमिका अदा करते नजर आएंगे। करण केसी तेज गेंदबाजी विभाग की अगुवाई करते नजर आएंगे और उन्हें नंदन यादव, सोमपाल कामी और ऑलराउंडर गुलशन झा का साथ मिलेगा। 23 वर्षीय पॉडेल बल्लेबाजी इकाई की अगुवाई करते नजर आएंगे जबकि उन्हें शीर्ष क्रम में आक्रामक कुशल भुर्तेल और आसिफ शेख का सहयोग मिलेगा। वहीं निचले क्रम में फर्निशिग टच देने के लिए झा और ऐरी मौजूद होंगे। नेपाल ने 2024 टी-20 विश्व कप में चार मुक़ाबले खेले थे लेकिन उन्हें एक भी मुक़ाबले में जीत हासिल नहीं हुई थी।

हालांकि उन्होंने बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका के खलिाफ करीबी मुक़ाबला खेला था। नेपाल का विश्व कप अभियान 8 फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खलिाफ शुरू होगा। यहीं उन्हें अपने चारों ग्रुप मुक़ाबले खेलने हैं। टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल का दल रोहित पॉडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह ऐरी (उपकप्तान), संदीप लैमिछाने, कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख, संदीप जोरा, आरिफ शेख, बासिर अहमद, सोमपाल कामी, करण केसी, नंदन यादव, गुलशन झा, ललित राजबंशी, शेर मल्ला, लो. केश बाम




# आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 क्वालीफायर का शेड्यूल कन्फर्म

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप क्वालीफायर 2026 के पूरे फिक्स्चर, जिसमें सुपर सिक्स स्टेज भी शामिल है, कन्फर्म हो गए हैं। नेपाल में 18 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 10 टीमें जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप 2026 के लिए चार क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगी।

वार्म-अप मैच 14 और 16 जनवरी को तीन जगहों पर होंगे - त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड, अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड और लोअर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड। 18 जनवरी से ग्रुप स्टेज शुरू होने के बाद त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड और अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड में ही कॉम्पिटिटिव मैच खेले जाएंगे। सुबह के मैचों (9 बजे लोकल टाइम) में नेपाल का मुकाबला थाईलैंड से होगा,

जबकि बांग्लादेश का सामना यूएसए से होगा। दोपहर (1 बजे लोकल टाइम) में जिम्बाब्वे का मुकाबला नीदरलैंड्स से और आयरलैंड का मुकाबला पापुआ न्यू गिनी से होगा। स्कॉटलैंड और नामीबिया अपने पहले मैच 20 जनवरी को खेलेंगे, ग्रुप स्टेज के दौरान हर दूसरे दिन चार मैच होंगे, जो 26 जनवरी को खत्म होगा। ग्रुप ए और ग्रुप बी की टॉप तीन टीमें सुपर सिक्स में जाएंगी। ए मैच, जिनसे चार क्वालिफाई करने वाले देशों का फैसला होगा, 28, 30 जनवरी और 1 फरवरी को होंगे।




#### केआईबीजी पेंचक सिलाट में राजा ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स की तुग्गल स्पर्धा के फाइनल में राजा दास ने स्थानीय पसंदीदा और गत चैंपियन प्रसन्ना बेंद्रे को हराकर प्रतियोगिता के शुरुआती दो स्वर्ण पदक जीते। पश्चिम बंगाल के इस खिलाड़ी ने वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीते हैं दीव में जीता गया यह स्वर्ण पदक राजा के उतार-चढ़ाव भरे करियर का एक और अहम पड़ाव है। 2025 के खेलो इंडिया बीच गेम्स और गोवा में आयोजित 22वें नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने वाले राजा ने खुद को देश के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले आर्टिस्टिक पेंचक सिलाट खिलाड़ियों में स्थापित किया है। उन्होंने 2023, 2024 और 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं। राजा के लिए दीव का यह स्वर्ण पदक आगामी सीनियर नेशनल चैंपियनशिप की आदर्श तैयारी है।

# कनाडा को 3-0 से हराकर बेल्जियम क्वार्टर-फाइनल में

**सिडनी, वार्ता।** टीम बेल्जियम ने मंगलवार को सिडनी में यूनाइटेड कप में टीम कनाडा पर 3-0 से शानदार जीत हासिल करके ग्रुप बी जीता और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जिजू बर्ग्स और एलिसे मर्टेंस ने टाई जीतने के लिए प्रभावशाली सिगल्स जीत हासिल करने के बाद, बेल्जियम के खिलाड़ियों ने ग्रुप में टॉप पर रहने के लिए एक महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स मैच में क्लीव हार्पर और विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 3-6, 10-5 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि हमें आज कुछ बड़े खिलाड़ियों और एक बड़े टेनिस देश को हराना था। हम छोटे बेल्जियम के लोग, हमें आज एक-दूसरे पर बहुत गर्व है कि हमने एक टीम के रूप में क्या किया,

खासकर चीन के साथ पहले मुश्किल मुकाबले के बाद। इसलिए हम खुश हैं और ग्रुप बहुत खुश है। बेल्जियम के खिलाड़ी आज सुबह उठे तो उन्हें पता था कि अपना ग्रुप जीतने के लिए उन्हें कनाडा को हराना होगा। यह एक मुश्किल काम था, यह देखते हुए कि कनाडा ने चीन को हराया था, जिसने टूर्नामेंट में पहले बेल्जियम को हराया था। केन रोजवॉल एरिना के अंदर यह बात बेमानी साबित हुई, जहां बर्ग्स और मर्टेंस ने अपने यूनाइटेड कप को जिंदा रखने का रास्ता खोज लिया। मर्टेंस ने कहा कि मुझे इस टीम पर 100 प्रतिशत भरोसा है और मुझे लगता है कि हम यह कर सकते हैं और हमने सच में यह किया। कुछ भी असंभव नहीं है, इसलिए हमने जो डबल्स खेला, उससे बहुत खुश हैं। हम सच में एक टीम थे, हम आगे बढ़ रहे थे।

बर्ग्स ने दिन की शुरुआत अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ की, उन्होंने वर्ल्ड नंबर 5 फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 6-4, 6-2 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह हमारी ताकत भी दिखाता है। हम गिर सकते हैं, लेकिन हम वापस उठेंगे और पिछले दिन से बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।हम यही करते हैं, और मैं अपने आस-पास ऐसी टीम पाकर बहुत शुक्रगुजार हूं। बर्ग्स ने एक घंटे 28 मिनट में अपनी दूसरी टॉप-10 जीत (2-10) हासिल की, उन्होंने 10 महीने पहले मियामी में तत्कालीन वर्ल्ड नंबर 9 आंद्रेई रुब्लेव को भी हराया था।

इससे पहले किसी बेल्जियम के खिलाड़ी ने यूनाइटेड कप में जीत हासिल नहीं की थी। बर्ग्स ने कहा कि मैं तो भूल ही गया था कि यह मेरी दूसरी टॉप-10 जीत है, तो यह सच में बहुत बड़ी बात है, खासकर जिस तरह से मैंने खेला। मैंने इसे सिर्फ एक मैच की तरह देखा। यह थोड़ा अलग फॉर्मेट है, इसलिए हम अभी भी पीछे हैं। हमें आज अभी भी बहुत सारे मैच जीतने हैं, इसलिए मेरा फोकस उसी पर था।



# हुरकाज, स्वियाटेक ने पोलैंड को क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, वार्ता।** ह्यूबर्ट हुरकाज ने बुधवार को टैलन ग्रीक्सपूर को 6-3, 7-6(4) से हराकर पोलैंड को यूनाइटेड कप के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचा दिया। इगा स्वियाटेक ने सुजान लैमेंस को 6-3, 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। आज के मैच से पहले, पोलैंड को मिक्स्ड-टीम इवेंट में आखिरी आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक मैच जीतना था। इस टूर्नामेंट से पहले, हुरकाज ने जून 2025 से कोई मुकाबला नहीं खेला था क्योंकि घुटने की चोट के लिए सर्जरी की जरूरत थी।

लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नम्बर 6 पर रहने वाली खिलाड़ी ने नए सीजन में वर्ल्ड नम्बर 3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव और ग्रीक्सपूर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत हासिल करके अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके बाद स्वियाटेक ने बिना देर किए स्कोर 2-0 कर दिया। 2025 यूएस ओपन में अपनी पहली मुलाकात में लैमेंस द्वारा तीन सेट तक धकेले जाने के बाद, स्वियाटेक ने पहले सेट में 3-3 से स्कोर को आगे बढ़ाया और आखिरी 11 में से नौ गेम जीते। पोलैंड के पहले ग्रुप-स्टेज मैच में जर्मनी की ईवा लिस के खिलाफ अपने सीजन ओपनर में सर्व पर संघर्ष करने और सात बार ब्रेक होने के बाद, स्वियाटेक ने लैमेंस के खिलाफ चीजों को काफी हद तक सुधारा और उनके खिलाफ 2-0 का स्कोर बनाया। उसने पांच होल्ड टू लव रिकॉर्ड किए, अपने 84 परसेंट फर्स्ट-सर्व पॉइंट जीते, और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना किया।

# रेलवे स्टेशन पर चलाया किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान
## 1.10 लाख रुपये से अधिक का राजस्व हुआ प्राप्त

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद मंडल में अधिकृत रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेल राजस्व की क्षति पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा निरंतर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देशन में बुधवार, 7 जनवरी 2026 को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान संचालित किया गया।अभियान का नेतृत्व मुख्य टिकट निरीक्षक भावेश शर्मा एवं सीआईटी विजयंत शर्मा ने किया। उनके नेतृत्व में 19 टिकट चेकिंग स्टाफ ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 4 जवानों के सहयोग से स्टेशन परिसर और ट्रेनों में सघन जांच की। इस दौरान कुल 25 गाड़ियों की जांच की गई।जांच अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने के 97 मामलों में 48,370 रुपये अनियमित यात्रा के 132 मामलों में 61,460 रुपये तथा गंदगी फैलाने के 2 मामलों में 400 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

इस प्रकार कुल 231 मामलों में रेलवे को एक लाख दस हजार दो सौ तीस रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।इसके अलावा गाड़ी संख्या 15623 के कोच एस-2 से 30 कार्टन अवैध पानी की बोतलें बरामद की गईं। प्रत्येक कार्टन में 12 बोतलें थीं।



बरामदगी के समय मौके पर कोई भी अवैध वेंडर मौजूद नहीं मिला।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन परिसर में प्रवेश करते समय प्लेटफॉर्म टिकट अथवा वैध यात्रा टिकट अवश्य लें। बिना टिकट यात्रा न करें और जिस श्रेणी का टिकट हो, उसी कोच में यात्रा करें। साथ ही स्टेशन और ट्रेनों में गंदगी व धूम्रपान न करने की भी हिदायत दी गई है।

# व्यापार मंडल ने नगर की समस्याओं को लेकर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से नगर की समस्याओं को अवगत कराया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि नगर का प्रमुख मार्ग मालगोदम रोड जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, सबसे बड़ी बात नगर के पहले अधिकारी उपजिलाधिकारी भी इसी सड़क से जाते हैं फिर भी ये सड़क जर्जर हो गई है जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है, पहले भी व्यापार मंडल द्वारा इसी सड़क को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था पर समस्या तस की मस रही। शाहआलम मंसूरी ने सीता रोड की सड़क जो कि पूरी तरह जर्जर हो चुकी है उसे दुरुस्त कराने की मांग की। शुभम अग्रवाल ने कहा कि नगर में पानी की लीकेज की समस्या जिसका समाधान एक दिन में हो जाना चाहिए जबकि उस समस्या में पांच से दस दिन लग जाते है। ज्ञापन में बसीम, रितिक वार्ष्णेय, सपाम, सावन शर्मा, रमाकांत पंडित, नजर मोहम्मद, मतीन, अशरफी, चिराग फैंसी, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### समाज सेवा के चलते कड़ाके की ठंड में भी सुशील यादव कर रहे हैं गांव में सफाई कार्य की निगरानी



**कांठ (शाह टाइम्स)** समाज सेवा के काम को आगे बढाते हुए सलेमपुर निवासी सुशील यादव कड़ाके की ठंड में भी गांव में चल रहे सफाई कार्य की निगरानी करने में लगे हुए हैं। बतादें कि सुशील यादव वैसे तो समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं लेकिन इसके साथ-साथ वह किसान यूनियन संगठन में भी सक्रिय रहते हुए जन सेवा का काम करते हैं। सुशील यादव ने समाज सेवा करते हुए कई अच्छे कार्यों को अंजाम दिया है सलेमपुर गांव में इस वक्त सफाई का कार्य ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है लेकिन सुशील यादव कड़ाके की ठंड के बावजूद भी सफाई कर्मियों के साथ खड़े होकर उस कार्य की निगरानी करते देखे जा सकते हैं। गांव में उनके इस कार्य की काफी सराहना की जा रही है।

### नाजायज चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भोजपुर।** पुलिस के उपनिरीक्षक विपिन कुमार सहयोगी सिपाही कमल सिंह और मनोज कुमार के साथ ताजपुर माफी की ओर जाने वाले रास्ते पर रेलवे अंडरपास पर गश्त पर थे। गश्त के दौरान एक व्यक्ति पर शक होने पर तलाशी के दौरान कब्जे से नाजायज चाकू मिला। पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर थाने ले आई आरोपी की पहचान कासिम पुत्र अब्दुल रऊफ निवासी अमरोहा गेट पालो वाली मस्जिद के सामने मुरादाबाद के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### परीक्षा देने जा रहे छात्रों की बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, दो छात्र घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुरडाल के छात्र साजिद पुत्र शाकिर व मोहम्मद समीर पुत्र वलीहसन, चन्दौसी के एफ.आर. इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की प्री-बोर्ड की परीक्षा देने बाइक से जा रहे थे। तभी सुबह साढ़े नौ बजे गांव खुशहालपुर के निकट छात्रों की बाइक को ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों छात्र सड़क पर जा गिरे और घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों और कालेज के शिक्षकों को दी। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों छात्रों को चंदौसी सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद दोनों छात्रों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया और चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गया। पुलिस ट्रैक्टर ट्राली की तलाश कर रही है।

### अर्द्धसरकारी कॉलेजों की आर्थिक व परीक्षा केंद्र समस्याएं सदन तक पहुंचीं

**चन्दौसी।** अर्द्धसरकारी कॉलेजों में कक्षा 06 से कक्षा 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है, जबकि वर्तमान समय में कॉलेजों का अधिकांश कार्य ऑनलाइन हो चुका है। इसके साथ ही पंखे, कंप्यूटर सहित अन्य संसाधनों के उपयोग से विद्युत व्यय भी निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में अर्द्धसरकारी कॉलेजों के सामने प्रतिमाह लगभग 15 से 20 हजार रुपये के अतिरिक्त खर्च की पूर्ति का गंभीर प्रश्न खड़ा हो गया है। जनपद भर में अर्द्धसरकारी कॉलेजों की संख्या काफी है। बुधवार को नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज, चन्दौसी में आयोजित हीरक जयंती एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक एमएलसी हरी सिंह ढिल्लो ने बताया कि इस समस्या को उन्होंने सदन में रखा है तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम के दौरान कुछ कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने परीक्षा केंद्रों से संबंधित समस्या भी उठाई। प्रधानाचार्यों ने बताया कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के अंतर्गत हाईस्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में भेजा गया है। जबकि इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र चन्दौसी एवं आसपास के क्षेत्रों में बनाए गए हैं। चूंकि हाईस्कूल के विद्यार्थी अपेक्षाकृत छोटे होते हैं, इसलिए उनका परीक्षा केंद्र चन्दौसी अथवा शहरी क्षेत्र में ही होना चाहिए।

परीक्षा केंद्र से जुड़ी इस समस्या को भी वार्षिकोत्सव के दौरान शिक्षक एमएलसी हरी सिंह ढिल्लो के समक्ष रखा गया।

### बंदर पकड़ने का अभियान जारी, 171 पकड़े



**चन्दौसी।** नगर क्षेत्र में बंदरों की बढ़ती संख्या अब गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। रिहायशी इलाकों के साथ-साथ खेत-खलिहानों में भी बंदरों का खासा आतंक देखने को मिल रहा है। घरों में रखा सामान एवं कीमती वस्तुएं बंदर उठाकर ले जाते हैं और तोड़फोड़ करते हैं, वहीं खेतों में लगी सब्जियों व फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। शहर के सीतारोड, रेलवे जंक्शन, रोडवेज बस स्टैंड, कैथल गेट, आवास विकास समेत कई इलाकों में बंदरों के झुंड लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नगरपालिका परिषद चन्दौसी द्वारा मथुरा से मंकी कैचर की टीम बुलाकर अभियान चलाया जा रहा है। बीते एक सप्ताह से अधिक प्रभावित क्षेत्रों में सुबह के समय पिंजड़े लगाकर बंदरों को पकड़ा जा रहा है। मंकी कैचर के अनुसार सुबह बंदर भूखे होते हैं, जिन्हें केले, सेब व भुने चने डालकर जाल में फंसाया जाता है। पकड़े गए बंदरों को रात्रि में सुरक्षित व खुले जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि बुधवार को 171 बंदर पकड़े गए, जबकि अब तक लगभग एक हजार बंदरों को पकड़ा जा चुका है।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन के कैंप कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों की अनेकों समस्याओं पर चर्चा की गई।भारी तादात में पहुंचे पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक में तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी ने गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर कहा कि इस समय चीनी मिल द्वारा किसानों को समय पर भुगतान किया जा रहा है ,आगे भी ऐसे ही भुगतान जारी रहना चाहिए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। जिसमें साफ सफाई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त बनाने पर भी बल दिया गया। बैठक में तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, राजवीर सिंह यादव, मलखान सिंह, संदीप सिंह, उदय पाल सिंह ,शैलेंद्र सिंह, गंभीर सिंह, शिव ठाकुर आदि ने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

इसके अलावा अरविंद सिंह, मलखान सिंह ,संदीप सिंह, मंगल सिंह, गुड्डू सिंह, सौदन सिंह,रवि राजपूत, थान सिंह राजपूत,सत्येंद्र राजपूत, विजेंद्र राजपूत ,नत्थू सिंह प्रजापति आदि सहित अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह व प्रान्तीय सदस्य मंबरूर मियां का किया भव्य स्वागत

## रोडवेज कर्मचारी संघ की ट्रैफिक प्रशासनिक शाखा ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की ट्रैफिक/प्रशासनिक शाखा पीतलनगरी डिपो द्वारा कटघर बस स्टेशन पर मुरादाबाद क्षेत्र से नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य मंबरूर मियां के सम्मान में एक ऐतिहासिक, भव्य एवं गरिमामय स्वागत-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाओं से अलंकृत कर, प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए संघ परिवार की ओर से हृदय से अभिनंदन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के सम्मानित संरक्षक श्री डी.के. सक्सेना द्वारा की गई, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम अत्यंत अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित संघ के समस्त पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिला शक्ति ने एक स्वर में दोनों पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके नेतृत्व में संघ को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की आशा व्यक्त की। सभी साथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। समारोह में विशेष रूप से क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार सिंह, शाखा अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, शाखा मंत्री कर्णवीर सिंह, संजीव कुमार, जगतपाल सिंह, रामेश्वर दयाल भारती, चंदौसी बस स्टैंड प्रभारी राजीव यादव, डिपो फोरमैन उदयवीर सिंह, मुरादाबाद डिपो से चंद्रकेश, रविन्द्र सिंह, लोकेश शर्मा (ए.टी.आई.),गौरव चौहान, अमित कुमार, शुभम जैन, थान सिंह, श्री महेश कुमार, अजय सैनी, राहुल मालिक, शिव शंकर, यशवीर, विनोद कुंबले, अरुण कुमार, गौरव शर्मा, अतुल शर्मा, खुशहाली राम, अमृत सिंह, हिमांशु तिवारी, वीर सिंह, राहुल, सौरभ शर्मा सहित बड़ी संख्या में संघ के समर्पित कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला शक्ति की सशक्त भागीदारी भी उल्लेखनीय रही, जिसमें कुमारी मीनाक्षी यादव, श्रीमती रिद्धि भटनागर, श्रीमती मिथलेश शर्मा, श्रीमती रीना सक्सेना, श्रीमती ज्योति रानी एवं कुमारी भाग्यवती ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह स्वागत -सम्मान समारोह संघ की एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती एवं सकारात्मक ऊर्जा का जीवंत उदाहरण रहा। सभी उपस्थित साथियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ।

# नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में हीरक जयंती व वार्षिकोत्सव का आयोजन

**चन्दौसी।** नगर के नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में बुधवार को विद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी हरी सिंह ढिल्लो रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज ने छह दशकों से क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह संस्था न केवल शैक्षिक उपलब्धियों के लिए जानी जाती है, बल्कि संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने में भी अग्रणी रही है। नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज काफी पुराना है। इसमें इंटरमीडिएट विज्ञान की मान्यता को को कहा कि कमेटी फाइल पूर्ण कर भेजें। शीघ्र ही विज्ञान इंटरमीडिएट मान्यता को किया जायेगा। वहीं उन्होंने कहा कि आज भारतीय युवाओं की मेहनत एवं



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वहीं विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही प्रगति का मार्ग साफ होता है, आवश्यकता है कि लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत की जाए। विद्यालय के प्रधानाचार्या सुषमा उपाध्याय ने कॉलेज के इतिहास, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। समारोह में कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 अनामिका यादव, राजेश शंकर राजू, पूर्व एमएलसी परमेश्वरलाल सैनी आदि सहित विद्यालय के पूर्व छात्र, अभिभावक, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# बिलारी में जरूरतमंदों को किए गए कंबल वितरण, लाभार्थियों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शीतकाल में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत मंडल बिलारी स्थित एक फार्म हाउस में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान पात्र लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत दिलाई गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों का विश्वास सरकार के प्रति लगातार बढ़ रहा है।

कंबल वितरण कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष मेघपाल सिंह, प्रशांत चौधरी, गिरीश बाबू, सभासद अभिलाष गोद, यश प्रताप, मनोज प्रजापति, नवनीत यादव, डॉ. राजीव सैनी, राजीव शर्मा, काशीराम, अनिल कुमार, अभिलाष गौड़, गायत्री कोहली, क्षेत्रीय लेखपाल संजू कुमार, कानूनगो विनय अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय सत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निद. ेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का दूसरा दिन था। प्रशिक्षण के पहले सेशन में श्री सतीश कुमार, सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) ने अग्नि त्रिकोण और दहन के सिद्धांत के बारे में बताया। आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे में जानकारी दूसरे सेशन में श्री सतीश कुमार ने आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे में समझाया। उन्होंने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों और उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव दूसरे दिन के अंतिम सेशन में श्री सुरेंद्र कुमार, अग्निशमन विभाग ने आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव पर चर्चा की। उन्होंने आग के विभिन्न प्रकारों और उनके बचाव के तरीकों के बारे में बताया।

# आंगनबाड़ी पोषाहार व्यवस्था में गड़बड़ी का आरोप, उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को सौंपा गया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण में अनियमितता और स्वयं सहायता समूह द्वारा समय पर पोषाहार उपलब्ध न कराए जाने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में पोषाहार का कार्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन कई बार समूह द्वारा न तो समय पर पोषाहार तैयार किया जाता है और न ही उसका वितरण ठीक से हो पा रहा है। इससे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों को पोषण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यकत्रियों ने आरोप लगाया कि समूह अध्यक्ष द्वारा मनमानी की जा रही है और शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। कई बार समूह के लोग काम करने से मना कर देते हैं, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण पूरी तरह बाधित हो जाता है। इससे लाभार्थियों में नाराजगी बढ़ रही है और कार्यकत्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है



कि संबंधित समूह का चयन कई वर्ष पहले किया गया था, लेकिन अब वह समूह कार्य करने में रुचि नहीं दिखा रहा है।


समूह के सदस्य दूर-दराज से आते हैं, जिससे समय पर वितरण संभव नहीं हो पा रहा है। कार्यकत्रियों ने मांग की है कि इस समूह को हटाकर किसी अन्य सक्षम स्वयं सहायता समूह को पोषाहार वितरण का कार्य सौंपा जाए, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।ज्ञापन में जिला उपाध्यक्ष आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन शमीम सैफी, नरगिस, पूनम, राबिया, रचना, छोटी, सीमा, परवीन, जावित्री,निशा, उर्मिला, शकीला, शशि बाला, इत्यादि शामिल रहीं।



# राहुल की प्रतिक्रिया

यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प समय-समय पर पीएम मोदी को लेकर टिप्पणी करते रहते हैं, लेकिन यह टिप्पणी विरोधाभासी ज्यादा होती हैं। वह पीएम मोदी को अपना बेहतर दोस्त भी बताते हैं, साथ ही टैरिफ आदि लगाकर ऑपरेशन सिंदूर जैसे मामलों में यह कहकर टांग फंसाते रहते हैं कि भारत-पाक के बीच संघर्ष उन्होंने ही रुकवाया था जबकि भारत बराबर उनकी बातों को नकारता रहा है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है पिछले कुछ दिनों विशेषकर वैनेजुएला पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद से जिसमें उन्होंने वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कराया है, तब से वह पीएम मोदी पर फिर से निशाना साध रहे हैं। ट्रम्प के पिछले दो दिनों में दो बयान आए हैं, जिसमें वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि भारत ने उनकी इच्छा को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। ऐसा कहते हुए वह यह भी नहीं भूलते कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं, लेकिन उनको पता है कि रूस से तेल खरीदने व अन्य रक्षा सौदों को लेकर वह उनसे नाराज हैं और पीएम मोदी उनकी नाराजगी दूर करने के लिए ही रूस से दूरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें भी वह चेतावनी देते हैं कि अगर भारत ने रूस से तेल लेना पूरी तरह बंद नहीं किया, तो वह उस पर और टैरिफ लगाने के विषय में सोच सकते हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अपनी प्रतिक्रिया के साथ मैदान में आ गए हैं और उन्होंने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी से कर डाली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि फर्क समझो सर जी! कैप्शन देकर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, उन्होंने 1971 के युद्ध की भी याद दिलाई है और कहा है कि इस युद्ध में अमेरिका ने एयरक्राफ्ट और हथियार भेजे थे, तब इंदिरा ने कहा था कि मुझे जो करना है मैं करूंगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी हैं जो जरा सा दबाव पड़ते ही सरेंडर हो जाते हैं। राहुल गांधी ने बेबाक अंदाज में यह भी कह डाला कि वह अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जान गए हैं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वह डर के मारे भाग जाएंगे। आखिर ट्रम्प चाहते क्या हैं, यह सवाल तो बनता ही है, क्योंकि मंगलवार को ही बयान में उन्होंने यह कह डाला कि एक दिन मोदी उनके पास आए थे, उन्होंने मुझसे कहा सर! क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, मैंने कहा हां। हालांकि उन्होंने यह तो नहीं बताया कि यह बातचीत कब हुई, लेकिन जो अंदाज ट्रम्प का कहने का है वह बिल्कुल भी मर्यादित नहीं है। खासतौर से आबादी के हिसाब से दुनिया के सबसे बड़े लो. कतंत्र के प्रधानमंत्री के साथ। सब सरकारों की कूटनीति का तरीका अलग होता है, जिस तरह सरकार ट्रम्प की बातों पर चुप्पी साधे है, यह उसकी रणनीति हो, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि जो संकेत जा रहा है वह ठीक नहीं है।

## बांग्लादेश सरकार गंभीर नजर नहीं आती



बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार गंभीर नजर नहीं आती है, किसी भी देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, प्रशासन की नाकामी या वैचारिक बदलाव किसी भी समुदाय पर हिंसा और उत्पीड़न को सही नहीं ठहरा सकते, यह चिंताजनक है कि किसी अन्य देश की आंतरिक अव्यवस्था का खामियाजा भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं को भुगतना पड़ रहा है, मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को कभी भी राजनीतिक अराजकता की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और मानवीय मूल्यों को देखते हुए बंगलादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करे।

**-रॉबर्ट वाड्रा, भारतीय उद्योगपति**

# इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल



**रजनीश कपूर**




साल 2025 नागरिक उड्डयन की दृष्टि से सबसे बुरा साल बीता। एयर इंडिया का दर्दनाक हादसा हो या इंडिगो का एफडीटीएल संकट, दोनों ने ही भारत का नाम दुनिया के सिविल एविएशन सेक्टर में बदनाम किया है। वहीं सरकार और नियामक (डीजीसीए व नागर विमानन मंत्रालय) की देरी, आधे-अधूरे कदम और चेतावनियों तक सिमटी कार्रवाई ने हालिया एफडीटीएल प्रकरण के बाद इंडिगो को बेवजह समय, स्पेस और नैरेटिव तीनों में फायदा पहुंचाया है। सरकार का यही ढीलापन पिछले मामलों में भी दिखा, जिसने निजी एयरलाइंस को यह संदेश दिया कि यदि आपके 'संपर्क' सही हैं तो बड़े अपराधों पर भी अंततः 'नोटिस और चेता. वनी' से काम चल सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा नए एफडीटीएल नियमों की प्रभावी तारीख काफी पहले से तय और सार्वजनिक थी, फिर भी न तो इंडिगो ने पर्याप्त पायलट और स्टाफिंग तैयार की और न ही डीजीसीए ने समय से सख्त अनुपालन की मॉनिटरिंग की। परिणाम यह हुआ कि नवंबर. दिसंबर में हजारों फ्लाइट्स प्रभावित हुईं, पर नियामक की शुरुआती भूमिका दिखावटी ऑडिट, 'विशेष निरीक्षण' और ऑपरेशनल रियायतों तक सीमित रही, न कि कठोर दंडात्मक कार्रवाई तक। इस देरी ने इंडिगो को दो स्पष्ट लाभ दिए, संकट के दौरान पब्लिक आक्रोश ठंडा पड़ने तक कोई बड़ी पेनल्टी या उड़ान-सीमिती नहीं लगी, जिससे कंपनी को रिकवरी का वक्त मिला। डीजीसीए द्वारा 'रिकवरी रोडमैप', 'विशेष ऑडिट' और भविष्य की निगरानी जैसी भाषा ने यह संकेत दिया कि मामला बातचीत और सुधार योजनाओं से सुलझ जाएगा, न कि लाइसेंस या स्लॉट पर त्वरित प्रहार से। एफडीटीएल नियमों के मसौदे के समय से ही विशेषज्ञों और पायलट प्रति. निधियों ने आगाह किया था कि अगर एयरलाइंस ने समय पर भर्ती व रोस्टर सुधार नहीं किए, तो पायलट थकान और ऑपरेशनल कोलैप्स का जोखिम बढ़ेगा। डीजीसीए की जिम्मेदारी सिर्फ नियम बनाना नहीं, बल्कि समयबद्ध ट्रांजिशन सुनिश्चित करना भी थी, खासकर उस एयरलाइन पर जो घरेलू बाजार की सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखती है और जिसके फेल होने से पूरा सिस्टम झटके में आ सकता है। इसके बावजूद, डीजीसीए ने इंडिगो की विंटर शेड्यूल मंजूर करते समय एफडीटीएल कंप्लायंस की रियलिस्टिक क्षमता पर कठोर स्ट्रेस टेस्ट नहीं किया।नवंबर से ही बढ़ती देरी, कैंसिलेशन और 'फैक्चर्ड रोस्टर' की शिकायतों के बावजूद समय रहते दंडात्मक हस्तक्षेप नहीं हुआ। चेतावनियां और अपीलें ज्यादा दिखीं, प्रतिबंध कम। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ। नोटिस, चेतावनी, 'कड़ी निगरानी में लिया गया है' जैसे वाक्य, दोषी प्रबंधन पर त्वरित नजीर-स्थापित करने वाला प्रहार नहीं। जब सिस्टम बार-बार इसी पैटर्न पर चलता है, तो यह एक खघ्तरनाक मिसाल बन जाता है। यानी नियम तोड़ो, संकट खड़ा करो, फिर बातचीत और लॉबिंग से मामला नरम करवा लो। वहीं दूसरी ओर दिलचस्प और चिंताजनक तथ्य यह है कि डीजीसीए व मंत्रालय छोटी या अपेक्षाकृत सीमित प्रभाव वाले उल्लंघनों पर तुरंत और बड़ी सखघ्ती दिखाने में पीछे नहीं रहते। एयर इंडिया पर सिर्फ एक फर्स्ट ऑफिसर की 'रेसेन्सी' न होने के बावजूद फ्लाइट ऑपरेट करने के मामले में 30 लाख रूपए का जुर्माना और रोस्टरिंग अधिकारियों पर सखघ्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया। एयर इंडिया व्हीलचेयर सेवा में चूक और लो-विजिबिलिटी ट्रेनिंग की कमी जैसे मामलों में भी 30-30 लाख के जुर्माने झेल चुकी है, साथ ही पायलट सस्पेंशन और अन्य कार्रवाइयां भी हुई। बोइंग के विमान पर बिना अनुमति विशिष्ट बाहरी लिवरी पेंट करने जैसे अपेक्षाकृत 'टेक्निकल' उल्लंघन पर भी एयर इंडिया पर 30 लाख का दंड लगाया गया। इतना ही नहीं संसद में इसे सख्त एन्फोर्समेंट का उदाहरण बता कर पेश भी किया गया। वहीं इसके उलट, इंडिगो के एफडीटीएल संकट जैसा गंभीर मामला, जिसमें पूरे नेटवर्क में हजारों यात्रियों की यात्रा, समय, स्वास्थ्य और आर्थिक हित प्रभावित हुए, अब तक मुख्यतः ऑडिट, चेतावनी, भविष्य में कड़ी कार्रवाई की धमकी और 'रिकवरी प्लान' तक सीमित दिखता है, न कि तत्काल और उच्च-स्तरीय दंड तक। नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए दोनों अक्सर डेटा दिखाते हैं कि हर साल सैकड़ों इनफोर्समेंट एक्शन लिए जाते हैं, जिसमें चेतावनी, सस्पेंशन, कैंसिलेशन और आर्थिक दंड शामिल हैं। लेकिन कागजी कार्रवाई और वास्तविक नजीर के बीच एक बड़ा एग्जिक्यूशन गैप है। हाल के वर्षों में 500-600 से अधिक एन्फोर्समेंट एक्शन हर साल दर्ज हुए, पर इनमें बड़ी एयरलाइंस के टॉप मैनेजमेंट पर सीधे प्रहार करने वाले केस बहुत कम हैंय ज्यादातर चेतावनी, मामूली जुर्माना या मिड.लेवल अफसरों पर जिम्मेदारी तक सिमटे दिखते हैं।डीजीसीए ने कई मौकघें पर एयरलाइंस को भविष्य में 'किसी भी उल्लंघन पर सखघ्त कार्रवाई' की चेतावनी दी, लाइसेंस निलंबन तक की धमकी दी, पर बड़े संकटों के बाद वास्तविक लाइसेंस स्तर की कार्रवाई विरले ही देखी गई। इंडिगो संकट में भी, मंत्री स्तर पर ऐसी मिसाल बनाएंगे कि कोई दोबारा हिम्मत न करे जैसे बयान दिए गए, पर जमीनी स्तर पर जो दिखा, वह था, शो कॉज नोटिस, समीक्षा बैठकें, सिस्टम सुधार और आगे की निगरानी। इस अंतर ने संदेश साफ कर दियारू कड़े शब्द, नरम दंड। यदि भारतीय एविएशन में नियम सिर्फ पायलट की नींद और कानून की किताब में लिखे घंटों तक सीमित नहीं, बल्कि यात्री के अधिकार, सार्वजनिक सुरक्षा और बाजार अनुशासन से जुड़े हैं, तो फिर चुनिंदा सख्ती से आगे जाना ही होगा।डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को बड़े 'ऑपरेशनल फियास्को', जैसे एफडीटीएल संकट, व्यापक क्रू थकान या जानबूझकर की गई शेड्यूलिंग हेरफेर पर सीधे टॉप मैनेजमेंट और बोर्ड स्तर तक दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए, जिसमें भारी आर्थिक जुर्माना, स्लॉट कटौती और नए रूट अनुमोदनों पर अस्थाई रोक शामिल हो।चेतावनी और नोटिस को केवल प्रारंभिक कारवाही ही बनाया जाए। एक बार सिस्टमिक गलती सिद्ध हो जाए, तो 'ग्रेजुएटेड पेनल्टी' के तहत स्वचालित और समयबद्ध दंड लागू हो, ताकि न तो राजनीतिक इच्छा पर निर्भरता रहे और न ही लॉबिंग के लिए मौका बचे। मंत्रालय को भी अपने भीतर जवाबदेही तय करनी होगी। जब एक साल पहले से ज्ञात नियम लागू होते समय ध्वस्त हो जाते हैं, तो सिर्फ एयरलाइन नहीं, उस नियम-निर्माण और निगरानी ढांचे पर भी कार्रवाई हो। इंडिगो संकट और एफडीटीएल विवाद ने दिखा दिया कि नियामक और सरकार की सुस्ती सिर्फ एक निजी एयरलाइन की मदद नहीं करती, वह पूरी इंडस्ट्री को गलत संकेत देती है, कि बड़ा खिलाड़ी बन जाओ, फिर बड़े अपराध भी मैनेज हो सकते हैं। अगर यह पैटर्न नहीं टूटा, तो अगली दुर्घटना या संकट के समय केवल पायलट, क्रू और यात्रियों को दोषी ठहराना न केवल अन्याय होगा, बल्कि सच से भी भागना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस एक्सरसाइज से मिलेगी हाथ-पांव को राहत

**हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है। बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है। रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है। ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं।**

आज के समय में हेल्थ और फिटनेस को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में लोग फिट और हेल्दी रहने के लिए रोजाना एक्सरसाइज और योग आदि करते हैं। ऐसे में अगर आप भी लंबे समय तक फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो खान-पान में पोषक तत्व और रोजाना एक्सरसाइज के साथ कुछ देर ताली जरूर बजाएं। भले ही आपको यह सुनने में थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन ताली बजाकर आप खुद को कई बीमारियों से दूर रख सकते हैं। इससे न सिर्फ आपका शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो हाथों से पैरों पर ताली बजाने से गॉल ब्लैडर, किडनी, लिवर, हार्ट, आंख, ब्रेन, पैंक्रियास जैसे आंतरिक अंगों और पूरे शरीर का बल्ड सर्कुलेशन अच्छा होता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती है। इस एक्सरसाइज को करने से शरीर के हर अंग को पोषण मिलता है और आप सेहतमंद बने रहते हैं। साथ ही इससे डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को अच्छे से कंट्रोल किया जा सकता है और दिल और किडनी संबंधित बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में होगा सुधार**

हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है।

**एक्टिव होते हैं एक्यूप्रेशर पॉइंट्स**

बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

**रिलैक्स होंगे आप**

रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है।

**कम होगा तनाव**

ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं। साथ ही इस एक्सरसाइज को रोजाना करने से एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्या से निपटने में मदद मिलती है और मन में निगेटिव विचार नहीं आते हैं। यह एक्सरसाइज करने से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।



**पैरों दर्द से राहत**

इस एक्सरसाइज को करने से पैर की मसल्स का तनाव दूर होता है। जिससे पैर दर्द से राहत मिलती है।

**इम्यूनिटी होती है मजबूत**

अगर आप भी अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करना चाहते हैं, तो आपको रोजाना इस तरह से ताली बजाना चाहि। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और शरीर के सभी अंग तेजी से काम करने लगते हैं।

**बढ़ने लगती है याद्दाश्त**

बता दें कि भूलने की आदत से परेशान रहने वाले व्यक्ति को रोजाना ताली बजानी चाहिए। इससे याददाश्त अच्छी होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हाथ की नसों का संबंध ब्रेन से होता है।

**ताली बजाने की विधि**

इसके लिए सबसे पहले पीठ को सीधा करके बैठ जाएं।

फिर वज्रासन अवस्था में बैठें।

अब दाएं पैर को बाएं पैर के ऊपर रखकर बैठ जाएं।

फिर दोनों हाथों से तलवे पर टैप करें।

इस प्रक्रिया को रोजाना 10 मिनट करें।

**...साभार**

# वर्चुअल दुनिया में पनप रहे झूठे रिश्ते

सोशल मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नए जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामा. जिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ मैं मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दु:ख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साए चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी पराएपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिए पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नए बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं।

हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नए अनुभव हमारे नजरिए में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गए सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूंढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिए अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा।

प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा। बच्चों को फोन दिलाना यदि जरूरत है तो इसके अच्छे-बुरे का संस्कार देना कर्तव्य। वह जिम्मेदारी परिवार, पड़ोस और विद्यालय की सामूहिक है।

माता-पिता इनदिनों सोशल मीडिया पर बह रही रिश्तों की अंधी दुनिया से ज्यादा चिन्तीत एवं परेशान है। क्योंकि वहां पर दिखने वाले खुशनुमा चेहरे वास्तविक जिंदगी में शायद ही उतने खुशनुमा होते हैं। लेकिन किशोर पीढ़ी तस्वीरों को ही सच मानकर खुद को उनमें संलिप्त कर लेती हैं। यह सम्पूर्ण पीढ़ी सच का सामना ही नहीं करना चाहती। दरअसल, सोशल मीडिया की दृष्टि से जब किशोर बड़े हो रहे होते हैं तो उन्हें झूठ से भरी चीजों पर यकीन करना सिखाया जाता है, अपने संस्कृति, अपनी परम्परा एवं अपनी जीवनशैली से एक षडयंत्र के तहत दूर करने की इन कुचेष्ठाओं के प्रति सचेत करना नितान्त अपेक्षित है, भले ही कोई किशोरी पुलिस का डर दिखाए। सोशल मीडिया किशोर पीढ़ी को यह सोचने पर मजबूर करता है कि उनके पास विकल्प नहीं हैं और उन्हें उनके साथ हो रही सभी चीजों को स्वीकार करके उनसे तालमेल बिठा लेना चाहिए। लेकिन, हर चीज इसी तरह से काम नहीं करती। हमारे आसपास कोई भी चीज आदर्श नहीं है और ना ही सोशल मीडिया का तिलिस्मी संस्कार। एक तरह से सोशल मीडिया एक नशा है, एक अभिशाप है, जिसने जीवन के सौन्दर्य को खंडित किया है। जीवन में चमकपूर्ण उदासी एवं तनाव को बिखेरा है। इसके कारण कभी लोग छूट जाते हैं तो कभी वस्तुएं। खुद को संभाले रखना जटिल होता जा रहा है। समझ नहीं आता, करें तो क्या? पिछले एक दशक में सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन की लोकप्रियता जबरदस्त बढ़ रही हैं तो जिन्दगी में जहर भी घोल रही है, दुनिया छोटी होती गई है और पारिवारिक रिश्तों में दूरियां बढ़ती गई है। लोग अपने जिंदगी के हर पहलू पर अपने लोगों की नहीं पराए लोगों की राय, उनकी पसंद और उनकी रूचि जानना चाहते हैं। वीडियो, संदेश, पिक्चर्स, रिकार्डेड आवाज के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग आपस में जुड़े हैं। परंतु क्या इस बात से आप भी सहमत हैं कि इस जुड़ाव में न तो विश्वास है, न अपनापन है, न आत्मीयता है और न ही असली रूचि, न ही रिश्तों की गर्माहट, बल्कि भौतिक चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और जलन अधिक है? शुरुआत में नई उम्र के लोग सोशल मीडिया से जुड़े और धीरे-धीरे बड़ी उम्र के लोग भी इससे जुड़ते गए, अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में जुड़ चुकी है। मजाक में कहा जाता है कि पूरे परिवार को एक साथ बातचीत के लिए इकट्ठा करना हो तो वाई फाई थोड़ी देर के लिए बंद कर दो।



सोशल मीडिया एवं स्मार्ट फोन एक ऐसी दुनिया से लोगों को जोड़ रहा है जो नजर से बहुत दूर हैं और उन अपनों से भी दूर कर रहा है जो नजर के सामने हैं। रिश्तों की हो या फिर चीजों की पोटली, इसमें ज्यादातर गैरजरूरी चीजें ही भरने का प्रचलन चल रहा है। अपनी जरूरतों का सामान जोड़ना और उन्हें अपने साथ रखना जरूरी है, पर कुछ भी लिए रहना या किसी भी तरह के रिश्तों को ढोते रहना हमें थका देता है, परेशानी एवं संकट में डाल देता है। जरूरी कामों को किनारे कर कई बार जिंदगी को मुश्किल बना देता है। जबकि आत्मीय एवं पारिवारिक रिश्तों के बल पर हम अंधेरों में भी रोशनी ढूंढ़ लेने में समर्थ होते रहे हैं। बाधाओं के बीच विवेक जगा लेते थे, ऐसे घरों एवं दायरों में कहीं घर में मंदिर बनता रहा है तो कहीं घर ही मन्दिर बन जाता था।

जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का होलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों के त्रासदी की घुटन नहीं। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है, जिन्दगी स्वयं एक समस्या बन गई है, टूटते-बिखरते रिश्तों के बीच मूल्य भी टूट रहे हैं, संस्कृति भी कराह रही है। अपनी ही नजरों में हीन करने की यह चेष्टा है, यह भ्रम एवं दिखावे की दुनिया है, यह बाजारवाद है। कई बार संबंधों को ठीक करना भी हमारे वश में नहीं होता। ऐसे में आपको दुखी होने के बजाय स्थिति को स्वीकार कर लेना आपकी मजबूरी होती है।

**...साभार**



अनंतनाग। बिजबेहरा स्थित दारा शिकार पार्क में अपने पिता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करती पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती।

## भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बना: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। गडकरी ने बुधवार को यहां वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह 'फ्रॉम फार्म रेजड्यू टू रोड: पायरोलिसिस के माध्यम से बायो-बिटुमेन' को संबोधित करते हुए इस उपलब्धि को भारत के सड़क बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

## थाइलैंड के साथ शांति बहाली के लिए कंबोडिया प्रतिबद्ध: हून सेन

**फ्नोम पेन्ह।** कंबोडिया की सत्ता पर काबिज कंबोडियन पीपल्स पार्टी (सीपीपी) के अध्यक्ष सैमडेक टेको हून सेन ने बुधवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के साथ संघर्षविराम लागू करने और दोनों देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हून सेन ने कहा कि कंबोडिया और थाईलैंड के बीच शांति बहाल होने से पूरे क्षेत्र में अमन, सुरक्षा, स्थिरता और खुशहाली को भी बढ़ावा मिलेगा। हून सेन सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष होने के साथ-साथ कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने में भागीदारी निभाने और सक्रिय सहायता देने के लिए कंबोडिया सभी मैत्री देशों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता है।


# अब वेनेजुएला के गृहमंत्री ट्रम्प के निशाने पर

## कहा: काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और शांति बनाए रखें

**वाशिंगटन।** मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद ट्रम्प के निशाने पर वेनेजुएला के गृह मंत्री और सुरक्षा प्रमुख डियोसदादो काबेलो आ गए हैं। अमेरिका चाहता है कि काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और देश में शांति बनाए रखें। अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है।

अमेरिका ने बिचौलियों के जरिए काबेलो को चेताया है कि अगर उन्होंने विरोध किया, तो उनका हश्र भी मादुरो जैसा हो सकता है। जिन्हें हाल ही में अमेरिका ने गिरफ्तार कर न्यूयार्क ले जाकर मुकदमा शुरू किया है। हालांकि, अमेरिका फिलहाल काबेलो को तुरंत हटाना नहीं चाहता, क्योंकि ऐसा करने से सरकार समर्थक गुट सड़कों पर उतर सकते हैं और हालात बिगड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका एक तरफ काबेलो (बाएं) से सहयोग कराने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी तरफ भविष्य

**अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है**



में उन्हें सत्ता से हटाकर देश से बाहर भेजने के विकल्प भी तलाश रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन को विपक्ष पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि विपक्ष इस समय शांति नहीं रख पाएगा। अमेरिका चाहता है कि हालात काबू में रहें ताकि उसकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला में काम करने का मौका मिले और अमेरिकी सेना भेजने की जरूरत न पड़े। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देश की सत्ता सौंपने की खबरें थी।

हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने इसे नकारते हुए उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को ही वेनेजुएला की सत्ता सौंपने का समर्थन किया। फिलहाल अमेरिका डेल्सी रोड्रिग्ज को मादुरो के बाद सबसे अहम चेहरा माना जा रहा है। अमेरिका की डेल्सी से मांग है कि तेल सेक्टर खोला जाए, ड्रग तस्करी रोकी जाए, क्यूबा के सुरक्षा कर्मी हटें और ईरान से रिश्ते तोड़े जाएं। डेल्सी रोड्रिग्ज ने 5 जनवरी को नेशनल असेंबली की बैठक के दौरान वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। डियोसदादो काबेलो वेनेजुएला की सत्ता व्यवस्था का ऐसा नाम हैं, जिनकी ताकत और भूमिका को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह गंभीरता से लिया जाता है। रायटर्स के मुताबिक, काबेलो पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के करीबी रहे हैं और मादुरो शासन में उन्हें सत्ता का सबसे सख्त चेहरा माना गया। फिलहाल वे देश के गृह मंत्री हैं और आंतरिक सुरक्षा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों पर उनकी मजबूत पकड़ है।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेजेंगे ट्रम्प!

## व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है।

उन्होंने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। यहां पर डेनमार्क के करीब 200 सैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस ने भले ही ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल पर विचार करने की बात कही है, हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री की सोच इससे अलग है। रायटर्स के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि प्रशासन का इरादा ग्रीनलैंड पर हमला करने का नहीं है, बल्कि डेनमार्क से इसे खरीदने का है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने रायटर्स से कहा कि विकल्पों में सीधे खरीद या ग्रीनलैंड के साथ विशेष समझौता शामिल है और अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों के साथ फायदेमंद रिश्ते बनाना चाहता है। वहीं, ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार स्टीफन मिलर ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिकी सरकार चाहती है कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा हो। साथ ही भविष्य में कोई भी देश ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका से नहीं उलझे। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की इच्छा को मजाक समझा गया था। सीएनएन के मुताबिक, ग्रीनलैंड पर कंट्रोल की बात को राष्ट्रपति की बेफिजूल बकवास माना गया था। पिछले साल, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीनलैंड की औपचारिक यात्रा की थी। इस समय भी अमेरिका की ट्रोलिंग की गई थी। यूरोपीय नेताओं ने कहा कि अब वे ट्रम्प की धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने के बाद ट्रम्प सरकार अब पूरे वेस्टर्न हेमिसफेयर को ट्रम्प का इलाका मानने लगी है। ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर ने सोमवार को सीएनएन पर कहा कि अमेरिका अब ताकत से चलने वाली नियमों का पालन कर रहा है। ग्रीनलैंड की अपनी कोई सेना नहीं है। उसकी रक्षा और विदेश नीति की जिम्मेदारी डेनमार्क की है। यह डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। यहां का अबादी महज 57 हजार है। 2009 के बाद, ग्रीनलैंड सरकार को तटीय सुरक्षा और कुछ विदेशी मामलों में छूट मिली है, लेकिन रक्षा और विदेश नीति के मुख्य मामले अभी भी डेनमार्क के पास हैं। अमेरिकी सैनिक-अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस (थुले एयर बेस)। ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में स्थित यह बेस अमेरिका चलाता है। यह बेस मिसाइल चेतावनी सिस्टम और स्पेस मानिटरिंग के लिए इस्तेमाल होता है। एनवाइट के मुताबिक यहां करीब 150 से 200 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये मिसाइल चेतावनी, स्पेस निगरानी और आर्कटिक सुरक्षा के लिए हैं। यह अमेरिका का सबसे उत्तरी सैन्य अड्डा है। डेनिश सैनिक- डेनमार्क की जाइंट आर्कटिक कमांड ग्रीनलैंड में काम करती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कुल करीब 150 से 200 डेनिश सैन्य और सिविलियन कर्मी हैं। जो निगरानी, सर्च एंड रेस्क्यू, और संप्रभुता की रक्षा करते हैं। इसमें प्रसिद्ध सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल (एक छोटी एलीट यूनिट, करीब 12-14 लोग) भी शामिल है, जो कुत्तों की स्लेज से लंबी गश्त करती है।



**ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है**

## कोलंबिया के राष्ट्रपति की ट्रम्प को धमकी

**कहा: हिम्मत है, तो मुझे पकड़कर दिखाओ, वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने भी ऐसी धमकी दी थी**

**बोगोटा।** वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वाशिंगटन और लैटिन अमेरिका के देशों के रिश्तों में भारी तनाव पैदा हो गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो खुलकर अमेरिका के खिलाफ आ गए हैं। पेट्रो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह कोलंबिया में ही मौजूद हैं और अमेरिका का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रो के इस बयान ने पूरे लैटिन अमेरिका में सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद दिया। गौरतलब है कि मादुरो भी अगस्त 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प को इसी तरह की चुनौती दे चुके हैं। मादुरो ने कहा था कि अगर हिम्मत है तो अमेरिका आकर उन्हें गिरफ्तार करे। इसके जवाब में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की राशि और बढ़ा दी थी। पेट्रो ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने कोलंबिया या उसके आसपास के इलाकों में सैन्य हमला किया तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। पेट्रो के मुताबिक, अमेरिकी बमबारी की स्थिति में गांवों में रहने वाले किसान हथियार उठा सकते हैं।

## नरम पड़ा मेक्सिको कहा: अमेरिका से बातचीत को तैयार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा है कि मेक्सिको के अपने सिद्धांत हैं, जिन पर वह चलता है लेकिन वह हमेशा अमेरिका के साथ अपने मसले सुलझाने के लिए बातचीत का पक्षधर है। सुशिनबाम की यह प्रतिक्रिया अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस हालिया सुझाव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने में मदद के लिए अमेरिकी सैनिकों को भेजने की बात कही थी। उन्होंने देश में किसी भी तरह के विदेशी हस्तक्षेप को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया। अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सुशिनबाम ने मादक पदार्थों की तस्करी से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति अटूट सम्मान के ढांचे के भीतर बातचीत और द्विपक्षीय सहयोग की वकालत की। मेक्सिको प्रमुख के अनुसार वह वाशिगटन के साथ आपसी बातचीत के रास्ते बंद किए बिना एक दृढ़ और सैद्धांतिक रुख बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी अन्य चीज से ऊपर बातचीत को प्राथमिकता देती हैं और हमेशा अमेरिकी सरकार के साथ वार्ता की पक्षधर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ काम करने का उचित तरीका यही है कि राजनयिक माध्यमों को मजबूत किया जाए।

# मोदी और नेतन्याहू ने गाजा शांति योजना पर बात की



**हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इजराइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नेतन्याहू ने मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की।

उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति की दिशा में प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## दक्षिण-पश्चिम यमन में सऊदी हवाई हमलों में 20 लोग मारे गए

**काहिरा।** दक्षिण-पश्चिम यमन के अद-दाली प्रांत पर शासन कर रहे 'दक्षिणी परिवर्ती परिषद' (अल-मजलिस अल-इंतक़ाली अल-जुनूबी) की सेनाओं के खिलाफ सऊदी नेतृत्व वाले अरब गठबंधन के हमलों में 20 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय सरकार के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गठबंधन के विमानों ने अद-दाली प्रांत के जुबैद, अल-जंद और जहाफ़ इलाकों में सैन्य उपकरणों पर लगभग 12 हवाई हमले किए। ए उपकरण अस्थाई राजधानी अदन से तस्करी करके लाए गए हथियारों और गोला-बारूद से भरे ट्रकों में ले जाए जा रहे थे। हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 20 लोग मारे गए।

## भारत ने वेनेजुएला की स्थिति पर जताई चिंता

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का किया आह्वान**

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया।

लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया। इसके साथ ही मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श भी जारी किया है, जिसमें उन्हें वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने और काराकस के भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने का सुझाव दिया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीति: जयशंकर

## विदेश मंत्री ने लक्जमबर्ग में पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की कड़ी आलोचना की

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लेटिन अमेरिका के घटनाक्रम का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की बुधवार को कड़ी आलोचना की।

डा. जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत में भारत और लक्जमबर्ग के बीच मजबूत साझेदारी पर आधारित संबंधों पर भी जोर दिया। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं लेकिन अपने ही क्षेत्रों में हो रही हिंसा और जोखिमों को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी लोग कहते हैं, जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कहा गया। अब अगर आप उनसे पूछें कि सच में आपको चिंता है, तो क्यों न आप अपने ही क्षेत्र को देखें? और खुद से पूछें कि वहां हिंसा का स्तर क्या है, कितने जोखिम उठाए गए हैं और हममें से बाकी लोग आपके कार्यों को लेकर कितने चिंतित हैं। लेकिन यही दुनिया की प्रकृति है। लोग जो कहते हैं, वह हमेशा वही नहीं होता जो वे करते हैं, और हमें इसे उसी भावना के साथ स्वीकार करना पड़ता है। डा. जयशंकर की टिप्पणियों से उन देशों के प्रति उनकी नाराजगी झलकी जो ऐसे संघर्षों पर अनचाही सलाह देते हैं जिन्हें वे ठीक से समझते भी नहीं। उन्होंने कहा कि दूर बैठे देश अक्सर 'बिना जटिलताओं को समझे या अपने रणनीतिक हितों पर विचार किए' बोलते हैं। उन्होंने कहा कि अब दुनिया के बाकी हिस्सों में हो रहे घटनाक्रमों का इस पर कितना असर पड़ता है, यह कहना मुश्किल है। दूर बैठे लोग बातें करेंगे, कभी सोच-समझकर, कभी बिना सोचे, कभी अपने स्वार्थ में, तो कभी लापरवाही से। आज के समय में देश अधिक आत्मकेंद्रित हो रहे हैं और वही करेंगे जिससे उन्हें सीधा लाभ हो। वे आपको मुफ्त की सलाह देते रहेंगे। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का रुख इस बात पर निर्भर करता है कि वह किससे निपट रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों के साथ सकारात्मक और रचनात्मक रूप से जुड़ने को तैयार है जो नई दिल्ली के साथ सकारात्मक तरीके से काम करना चाहते हैं, लेकिन जो पाकिस्तान की तरह व्यवहार करते हैं, उनसे अलग ढंग से निपटना पड़ता है।



**बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं**

## कैमरून में सैन्य हमले में 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य हमले में कम से कम 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए है। सुरक्षा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह घटना कल स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:00 बजे हुई, जब सैनिकों ने इलाके के नटाबाह क्षेत्र में अलगाववादी लड़ाकों के मोटरसाइकिल काफिले पर हमला किया। सूत्र ने बताया कि अभियान में एक सैनिक घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि कैमरुन में वर्ष 2017 से सरकारी बल सशस्त्र अलगाववादी ताकतों के साथ संघर्ष कर रहे हैं, जो उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम के अंग्रेजी-भाषी क्षेत्रों को एक नया आजाद देश बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# वेनेजुएला अमेरिका को 30-50 मिलियन बैरल तेल देगा: ट्रम्प

## यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा। ट्रम्प ने लिखा कि यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा। यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था और उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर एक नए आरोप पत्र में, जिसे अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने साझा किया है, आरोप लगाया गया है कि मादुरो 'राष्ट्र-प्रायोजित गिरोह' चलाते थे और देश में नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देते थे। अमरीकी राष्ट्रपति ने सैन्य अभियान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी तेल कंपनियों द्वारा वेनेजुएला के खराब हो रहे तेल बुनियादी ढांचे में अरबों का निवेश करने की योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मादुरो सरकार के तहत वर्षों के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप 'पूरी तरह से बर्बाद' बताया।




**इससे तेल से होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा**

## मेडागास्कर में बारिश से मरने वालों की संख्या 11 पहुंची

**एंटानानारिवो।** मेडागास्कर में पिछले साल नवम्बर के आखिर से हो रही भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। आपदा प्रबंधन एजेंसी की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार राजधानी एंटानानारिवो, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक है। राष्ट्रीय जोखिम एवं आपदा प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि कुल 274 लोग प्रभावित हुए हैं, और 26 घरों को नुकसान पहुंचा है, या वे नष्ट हो गए हैं। एंटानानारिवो के शहरी समुदाय ने लोगों से बहुत ज्यादा सतर्क रहने की अपील की है और पुराने या असुरक्षित पारंपरिक घरों में रहने वाले सभी परिवारों से सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा है।

